सूर्योदय : 6:00
सूर्यास्त : 5:47
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-128 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 15 अक्टूबर 2023
29 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण रैली का मुख्यमंत्री योगी ने शुभारम्भ किया

# सरकार के सहयोग से कुछ भी कर सकती हैं महिलाएंः योगी




अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने

- महिला सुरक्षा पर सीएम पर दिया जोर
- सरकार ने बदली महिलाओं को लेकर अवधारणाः योगी





सरकारी आवास से नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चौथे चरण का आगाज महिला सशक्तिकरण रैली को रवाना कर किया, जो राजधानी के विभिन्न पड़ाव से होते हुए 1090 चौराहे पर समाप्त हुई। रैली के जरिये केंद्र और राज्य सरकार की ओर से महिलाओं-बेटियों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं से रूबरू कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में वर्ष 2020 में महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसकी थीम थी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन। तीन मुद्दों को लेकर शुरू हुआ कार्यक्रम आज मिशन शक्ति के नाम से जाना जाता है। इस कार्यक्रम ने प्रदेश में लोकप्रियता हासिल करने के साथ पूरे देश में महिला संबंधी अपराध को नियंत्रित करने और अपराधियों को सजा दिलाने वाले राज्यों में अग्रणी राज्य बन गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मिशन शक्ति की सफलता का ही परिणाम है कि भारत सरकार ने भी महिला सुरक्षा के लिए चलाए जाने वाले अभियान का नाम मिशन शक्ति रखा है, जो यह दर्शाता है कि जब कोई भी इनिशिएटिव समाज में व्यापक जागरूकता का बड़ा माध्यम बनता है तो उसे राष्ट्रव्यापी बनने में देर नहीं लगती है। मिशन शक्ति के इस चौथे चरण का भी यह उद्देश्य है। सीएम योगी ने कहा कि इससे पहले वर्ष 2019 में तीसरी और पांचवीं पास महज पांच से सात महिलाओं का सपोर्ट करते हुए सरकार ने बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर की स्थापना की। पिछले 3 वर्षों में इनका कारोबार प्रति वर्ष डेढ़ सौ करोड़ के टर्नओवर तक पहुंच गया है और लगभग 15 से 16 करोड़ का नेट प्रॉफिट होता है। उन्होंने 40,000 महिलाओं को अपने साथ जोड़ लिया है। सीएम योगी ने कहा कि खुद में इच्छा शक्ति, सरकार और प्रशासन का समर्थन हो तो महिलाएं कुछ भी कर सकती हैं। अंत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों को मिशन शक्ति के चौथे चरण के शुभारंभ की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी विजय कुमार, विशेष पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन नीरा रावत, अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन पद्मजा चौहान आदि उपस्थित थे।

सीएम योगी ने कहा कि आज बीसी सखी, बैंकिंग कॉरस्पोंडेंस सखी बन कर वह गांव में बैंक की कमी को पूरा कर रही हैं। इतना ही नहीं वह गांवों के लोगों की विपत्ति के समय में मदद भी कर रहीं हैं। इन महिलाओं को सरकार की ओर से छह माह का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सरकार ने मानदेय भी दिया। इनमें सबसे कम 25 हजार रुपये और सबसे अधिक सवा से डेढ़ लाख तक महिलाएं कमा रहीं हैं। इस प्रयास को और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

### कार्यक्रम की जानकारी जन-जन तक पहुचाएं

सीएम योगी ने कहा कि सरकार विभिन्न तरह के कार्यक्रम चलाती है, लेकिन जिनके लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है उन्हे इसकी जानकारी ही नहीं हो पाती। इसकी वजह से वह इसका लाभ नहीं उठा पाते। ऐसे में प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया है। इसके बाद प्रदेश के हर जनपद के स्कूल, कॉलेज में प्रभात रैलियां निकाल जाएंगी। इसके अलावा उन जनपदों में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन को लेकर अच्छा काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि वहीं 15 अक्टूबर से हर शहर, गांव और नगर निकायों के वार्ड में केंद्र और राज्य सरकार की महिला संबंधी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### शोहदों पर कार्रवाई का डाटा सरकार को देना होगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे बड़ा आबादी वाला राज्य है। ऐसे में आधी आबादी के लिए विशेष प्रयास होने चाहिये। मिशन शक्ति के चौथे चरण के तहत रैली का शुभारंभ इसे ही दर्शाता है। 15 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में महिलाओं को जागरूक करने के साथ उनकी समस्याओं के समाधान के विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके साथ ही महिला और बेटी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले से सख्ती से निपटा जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने एक्स पर दी मिशन शक्ति के चौथे चरण की शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति के चौथे चरण के शुभारंभ से पहले प्रदेशवासियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिये पूरे अभियान के प्रति अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा है कि मातृ शक्ति के सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चतुथे चरण का आज शुभारंभ हो रहा है। इस पूरे अभियान के प्रति मेरी शुभकामनाएं।

# अब समझाने-बुझाने का समय नहीं रहाः सीएम

- महिलाओं के साथ हुआ अपराध तो तुरंत भुगतना होगा परिणाम
- तीनों विशिष्ट महिला अतिथियों को सम्मानित किया





लखनऊ। भारतीय परंपरा में देवी के नौ स्वरूपों में से तीन महत्वपूर्ण पक्षों को लेकर आराधना होती है। इनमें एक देवी का पक्ष सत्य, दूसरा पक्ष ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी के रूप में होता है, जबकि तीसरा पक्ष खुशहाली और ऐश्वर्य के रूप में होता है।

आज कार्यक्रम में तीनों देवियों के प्रतीक के रूप में नवरात्रि के एक दिन पहले विशिष्ट अतिथियों पद्मश्री हेमा प्रभा सोतिया, इसरो वैज्ञानिक ऋतु करिधल श्रीवास्तव और एचसीएल की चेयरपर्सन रोशनी नाडर मल्होत्रा को सम्मानित करने का अवसर मिला। वह महिला सशक्तिकरण के रूप में कार्यक्रम में मौजूद हैं। साथ ही इस बात का प्रतीक हैं कि सब कुछ हो सकता है, बस एक सतत प्रयास की आवश्यकता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में आयोजित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं के सम्मान कार्यक्रम में कहीं। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंचासीन तीनों विशिष्ट महिला अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने महिलाओं से अपराध करने वालों को सख्त संदेश दिया। कहा, अब ऐसा करने वालों को कोई अवसर दिए बगैर मौके पर ही सख्ती से निपटेंगे। समझाने-बुझाने का समय नहीं रहा। महिलाओं के प्रति अपराध करने वालों को नजरिया बदलने की चेतावनी देते हुए कहा कि अब अगर कोई भी महिलाओं के साथ अपराध करेगा तो उसे तत्काल परिणाम भुगतना होगा।

# 2036 ओलंपिक के सफल आयोजन के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा भारतः मोदी

- स्पोर्ट्स के बिना अधूरे हैं हमारे हर त्योहारः पीएम



मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के 141वें सत्र का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में हुआ, जहां पर रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी सहित कई हस्तियां मौजूद रहीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी का 141वां सत्र भारत में होना बहुत ही खास है। 40 साल बाद भारत में आईओसी का सत्र होना हमारे लिए बहुत गौरव की बात है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले ओलंपिक में कई भारतीय एथलेटिक्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। हाल में संपन्न हुए एशियन गेम्स में भारत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। उससे पहले हुए वर्ल्ड 'यूनिवर्सिटी गेम्स में भी हमारे युवा एथलेटिक्स ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाख ने कहा, मुंबई में 141वें आईओसी सत्र में आप सभी का स्वागत करना एक बड़े सम्मान की बात है।

# भारतीय टीम ने पाकिस्तान को सात विकेट से रौंदा

- पीएम मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने भारतीय टीम को दी बधाई




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करने पर बधाई दी। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में विश्व कप 2023 का मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में भारत ने सात विकेट से पाकिस्तान को मात दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ बहुत शानदार जीत दर्ज की है। मैं इस ऐतिहासिक जीत पर भारतीय टीम को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने कहा, भारतीय टीम ने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत आज अहमदाबाद में एक शानदार जीत दर्ज की। भारतीय टीम को बधाई और आगे के मैचों के लिए शुभकामनाएं। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी बधाईयां दीं। उन्होंने कहा भारतीय ध्वज ऊंचा लहराता हुआ। भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ जीत का सिलसिला जारी रखा। आप सभी ने दिखाया है कि एक समान लक्ष्य के साथ टीमवर्क हमारे देश के लिए कितना गौरव हासिल कर सकता है। विश्व कप 2023 जीतने की दिशा में आपके अथक प्रयास के लिए मेरी शुभकामनाएं।

**सफर** कनेक्टिविटी, कोऑपरेशन और कॉन्टैक्ट पर फोकस

# तमिलनाडु-श्रीलंका के बीच फेरी सर्विस

- 110 किमी की दूरी करीब साढ़े तीन घंटे में तय करेगी




चेन्नई। तमिलनाडु और श्रीलंका के बीच फेरी सर्विस शनिवार 14 अक्टूबर को शुरू हो गई। यह फेरी तमिलनाडु के नागापट्टिनम से श्रीलंका के कांकेसंथुरई (जाफना के पास) के बीच चलेगी। इसमें 150 लोग बैठ सकेंगे। फेरी सर्विस को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अच्छी शुरुआत बताया। साथ ही कहा कि हमारा फोकस कनेक्टिविटी, कोऑपरेशन और कॉन्टैक्ट्स पर है। यह हमारी पड़ोसी फर्स्ट पॉलिसी का हिस्सा है। भविष्य में हमारा ग्रिड कनेक्शन, पाइपलाइंस और इकोनॉमिक कॉरिडोर का भी प्लान है। फेरी का शुरू होना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंकाई पीएम रानिल विक्रमसिंघे की सकारात्मक कोशिशों का ही परिणाम है। भारत ने श्रीलंका को बता दिया था कि वहां रहने वाले तमिल समुदाय की जरूरतों का ध्यान रखा जाएगा, ताकि वे सम्मानजनक जिंदगी जी सकें। इसी साल जुलाई में ही दोनों देशों के नेताओं ने इस पर सहमति जता दी थी। अफसरों के मुताबिक, फेरी का संचालन भारत का शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया कर रहा है। इसमें 150 यात्री सफर कर सकते हैं। तमिलनाडु के नागापट्टिनम से श्रीलंका के कांकेसंथुरई के बीच की दूरी 60 नॉटिकल मील (110 किमी) है। सामुद्रिक परिस्थितियों के हिसाब से फेरी यह दूरी करीब साढ़े तीन घंटे में तय कर लेगी।

### आसान वीजा देकर टूरिज्म बढ़ाना चाहते हैं

जयशंकर ने कहा कि मोदी जाफना पहुंचने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री थे, ये कोई नहीं भूल सकता। उनकी प्रतिबद्धता श्रीलंका में हाउसिंग प्रोजेक्ट्स, कल्चरल सेंटर्स और हॉस्पिटल्स में देखी जा सकती है। हमने क्षेत्र के सभी देशों के विकास के लिए सागर (सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन) पॉलिसी बनाई है। भारतीय विदेश मंत्री ने ये भी कहा कि भारत का मकसद लिविंग का आसान बनाना है। इसके लिए ही फेरी सर्विस शुरू की गई है। एयर कनेक्टिविटी से पहले जरूरी है कि वीजा आसानी से मिले, ताकि पर्यटन बढ़े।

### लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकी गिरफ्तार

चंडीगढ़। त्योहारी सीजन शुरू होने से ठीक पहले पंजाब को दहलाने की फिराक में जुटे आतंकियों की बड़ी साजिश को केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से पंजाब पुलिस ने नाकाम किया है। पुलिस ने अमृतसर में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकियों को हथियारों समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), दो हैंड ग्रेनेड, एक .30 बोर पिस्तौल के साथ दो मैगजीन और 24 कारतूस, आठ डेटोनेटर, एक टाइमर स्विच और चार बैटरी भी बरामद की हैं। इस आतंकी मॉडयूल को लश्कर-ए-तैयबा का सक्रिय सदस्य फिरदौस अहमद भट्ट ऑपरेट कर रहा था। उसके निशाने पर जम्मू-कश्मीर और पंजाब में रणनीतिक महत्व के स्थान और प्रमुख हस्तियां थी। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों की पहचान जम्मू-कश्मीर के रहपोरा खुदवानी के उजैर उल हक और खेरवान के राज मोहम्मद अंदलीब के रूप में हुई है।

# यूपी के आठ जिलों में होगी शिक्षकों की भरपूर तैनाती : मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक से लेकर उच्च शिक्षा तक के शिक्षण संस्थानों की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की और शैक्षिक सत्र को पटरी पर लाने के लिए मंथन किया। उच्च स्तरीय बैठक में योगी ने कहा कि आकांक्षात्मक जिलों में संचालित बेसिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा के संस्थानों में शिक्षकों की कमी को प्राथमिकता पर दूर किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी आठ आकांक्षी जिलों सिद्धार्थनगर, बहराइच, बलरामपुर, चित्रकूट, चंदौली, श्रावस्ती, सोनभद्र और फतेहपुर के शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की पर्याप्त संख्या में तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि मानक के अनुरूप शिक्षक-छात्र अनुपात हो इसकी व्यवस्था की जाए। खासकर बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के जिन विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या ज्यादा है, वहां से शिक्षकों को ऐसे स्कूलों में स्थानांतरित करें जहां शिक्षकों की कमी है।



■ सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा को दिए आदेश

### मेरिट के आधार पर की जाए डीआईओएस की तैनाती

वहीं, माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जिलों में जिला विद्यालय निरीक्षकों (डीआईओएस) की तैनाती मेरिट के आधार पर की जाए। जिन जिलों में पद खाली हैं, वहां जल्द तैनाती की जाए। स्कूलों, कॉलेजों व उच्च शिक्षण संस्थानों में शैक्षिक सत्र को हर हाल में पटरी पर लाया जाए। समय पर प्रवेश व परीक्षाएं हों।

### फरवरी से पहले हो पाठ्य पुस्तक वितरण

नए शैक्षणिक सत्र वर्ष 2024-25 के लिए अभी से तैयारियां शुरू की जाए। सभी बेसिक व माध्यमिक स्कूलों में पाठ्य पुस्तक का वितरण फरवरी वर्ष 2024 तक पूर्ण किया जाए। परिषदीय स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए यूनिफॉर्म, जूते व स्टेशनरी इत्यादि खरीदने के लिए अप्रैल महीने में ही अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेज दी जाए।

### दिसंबर तक 2.36 लाख टैबलेट

परिषदीय स्कूलों को भेजे जा रहे 2.36 लाख टैबलेट आगामी दिसंबर तक जरूर भेज दिए जाएंगे। गोरखपुर में निर्माणाधीन प्रदेश के चौथे सैनिक स्कूल का निर्माण कार्य आगामी दिसंबर महीने तक पूर्ण कर लिया जाए। दिसंबर में प्रवेश परीक्षा संपन्न कराते हुए अगले वर्ष 2024-25 से शैक्षिक की शुरुआत करने की अभी से तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

## कंपनी के गोदाम से 635 क्विंटल चीनी चोरी

लखनऊ। बरेली में खंडेलवाल डिस्ट्रीब्यूटर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के गोदाम से चीनी के 1270 कट्टे चोरी हो गए। इनमें 635 क्विंटल चीनी भरी थी। कंपनी के डायरेक्टर ने गोदाम के तीनों गार्डों पर शक जताते हुए कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। तीनों आरोपी सगे भाई हैं। पुलिस जांच कर रही है।

डायरेक्टर कपिल खंडेलवाल के मुताबिक कंपनी ने फरीदपुर की एक चीनी मिल से 635 क्विंटल चीनी खरीदी थी। कंपनी ने यह चीनी उमरसिया मिर्जापुर स्थित अपने गोदाम में रखी थी। दस दिन पहले कपिल गोदाम की जांच करने गए तो पता चला कि गोदाम से चीनी के 1270 कट्टे यानि 635 क्विंटल चीनी गायब है।

कपिल ने गोदाम के गार्डों पर चीनी चोरी कराने का शक जाहिर किया है। गोदाम के गार्ड चौबारी निवासी प्रदीप सिंह, सुनील सिंह और पूर्व गार्ड अजय सिंह पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। खास बात यह है कि तीनों गार्ड आपस में सगे भाई हैं। कैंट पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# सेना जबलपुर में पहली बार हाफ मैराथन कार्यक्रम आयोजित करेगी

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भारतीय सेना की मध्य कमान, जिसे सूर्या कमान के नाम से भी जाना जाता है, न केवल अपने रैंकों के भीतर बल्कि देश के आठ राज्यों में फैले परिक्षेत्र में रहनेवाले नागरिक आबादी के बीच भी स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए जानी जाती है। इस पहल के हिस्से के रूप में सूर्या हाफ मैराथन का उद्घाटन संस्करण 19 नवंबर 2023 को मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक शहर जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम जनवरी 2024 में लखनऊ में आयोजित होने वाले सेना दिवस परेड की प्रस्तावना के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का विषय ससूर्यमान रहो, गतिमान रहो है, जो सूर्या कमान के सिद्धांत और हम में से प्रत्येक के भीतर रहने वाली अदम्य भावना और ऊर्जा का प्रतीक है। मैराथन में तीन श्रेणियां होंगी, जिनमें से प्रत्येक को प्रतिभागियों को चुनौती देने और शुरुआती से लेकर उन्नत स्तर के एथलेटिक्स तक सभी फिटनेस स्तरों के लिए अवसर प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। धावक हाफ मैराथन (21.0975 किलोमीटर), 10 किलोमीटर दौड़ या 5 किलोमीटर दौड़ में से चुन सकते हैं। पोडियम फिनिशरों के लिए प्रत्येक श्रेणी में आकर्षक पुरस्कार और सभी प्रतिभागियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली रेस किट के साथ, सभी धावक जबलपुर छावनी के सुंदर परिवेश में घूमने के दौरान एक शानदार अनुभव की उम्मीद कर सकते हैं। इस मार्ग की योजना जबलपुर छावनी के हरे-भरे वातावरण का अनुभव कराने के लिए बनाई गई है और यह शहर की समृद्ध सैन्य विरासत को गौरवान्वित करने वाले विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों से होकर गुजरता है और प्रतिभागियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। मैराथन पहचान के वैध प्रमाण के साथ भारत के सभी नागरिकों के लिए खुला है और यह फिटनेस की दिशा में पहला कदम उठाने और खुद को चुनौती देने का एक उत्कृष्ट अवसर है। सूर्या हाफ मैराथन (जबलपुर संस्करण) के लिए पंजीकरण फिलहाल खुला है और प्रतिभागी इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए www.suryahalfmaathon.com पर साइन अप कर सकते हैं। आप सभी नवीनतम समाचारों और अपडेट्स पर अपडेट रहने के लिए हैशटैग ससूर्यहाफमैराथनससूर्यमान रहो, गतिमान रहो का उपयोग करके सोशल मीडिया पर कार्यक्रम का अनुसरण कर सकते हैं। पोस्टर में दिए गए क्यूआर कोड पर सूर्या हाफ मैराथन के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

# मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले बृजेश पाठक



लखनऊ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बाद प्रदेश के दूसरे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है।

योगी सरकार के नवरात्र में मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलों के बीच राज्य के भाजपा नेताओं की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात को बहुत अहम माना जा रहा है। पाठक ने नई दिल्ली में नड्डा से मुलाकात का खुलासा अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स किया है। यूपी कैबिनेट में घोसी उपचुनाव के बाद से ही फेरबदल के कयास लगाए जा रहे हैं।

ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान को योगी मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है।

## राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अन्तर्गत होगी ग्राहक संगोष्ठी

लखनऊ। डाक सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 14 अक्टूबर को लखनऊ जीपीओ में सुशील कुमार तिवारी, चीफ पोस्ट मास्टर लखनऊ जीपीओ की अध्यक्षता में ग्राहक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसके सापेक्ष लखनऊ जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थान, प्रतिष्ठान, विभागों, वेयरहाउसों आदि के सम्मानित ग्राहक सम्मिलित हुये। उक्त संगोष्ठी में चीफ पोस्टमास्टर महोदय के द्वारा डाक विभाग की डाक राजस्व से संबंधित सेवाओं जैसे स्पीड पोस्ट, बिजनेस पार्सल, डाक निर्यात केन्द्र, मीडिया पोस्ट आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी व साथ ही ग्राहकों से सुझाव, समस्याओं पर चर्चा की गयी एवं सम्मिलित सभी ग्राहकों का धन्यवाद किया गया। उक्त संगोष्ठी में डिप्टी चीफ पोस्टमास्टर, इंचार्ज बी.एन.पी.एल, ए.एस.आर.एम. परिवाद निरीक्षिका, सहायक पोस्टमास्टर, जन संपर्क निरीक्षक, विपणन कार्यकारी लखनऊ जी.पी.ओ. आदि उपस्थित रहे।

# मझवार समाज को एकजुट करने पर निषाद पार्टी का फोकस

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में विपक्ष के हाथ लगे जातिवार गणना के हथियार की धार को एनडीए में शामिल निषाद पार्टी कुंद करने में जुट गई है। मछुआ आरक्षण की पुरानी मांग के जरिए निषाद पार्टी एक बार फिर मझवार समाज को एकजुट करने की कोशिश करेगी। पार्टी प्रमुख व मत्स्य मंत्री डा. संजय कुमार निषाद 15 अक्टूबर से मछुआ आरक्षण को लेकर जनसंपर्क अभियान के तहत यात्रा निकालेंगे।

इस अभियान के तहत मछुआ समाज को यह भी बताया जाएगा कि पूर्व की सरकारों ने ही उन लोगों को अनुसूचित जाति से पिछड़ा वर्ग में शामिल करवा दिया था। अपने सरकारी आवास पर पत्रकार वार्ता में संजय ने बताया कि आरक्षण को लेकर 15 अक्टूबर को लखनऊ से शुरू होकर यात्रा गोरखपुर व बस्ती मंडल में पहुंचेगी। सभी मंडलों से यात्रा निकालने के बाद एक दिसंबर को लखनऊ मंडल में पहुंचेगी।



**आरक्षण को लेकर मछुआ समाज को भ्रमित किया गया :** इस यात्रा के दौरान समाज को बताया जाएगा कि पूर्व की सपा, बसपा एवं कांग्रेस की सरकारों ने मझवार और तुरैहा को पिछड़ी जाति में शामिल करवा दिया था। पहले मझवार जाति अनुसूचित जाति में ही मानी जाती थी। आरक्षण को लेकर विपक्षी दलों ने मछुआ समाज को भ्रमित किया गया है, इसके बारे में भी समाज को बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि मझवार समाज को अनुसूचित जाति का आरक्षण दिलाने की कोशिश कर रहे हैं।

### पहले हल हो आरक्षण का मुद्दा

अभियान के दौरान समाज के लोगों से यह भी पूछा जाएगा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारों से उन्हें क्या उम्मीदें हैं। उम्मीदों के बारे में सरकार को बताया जाएगा। दरअसल, निषाद पार्टी का गठन ही मछुआ आरक्षण को लेकर हुआ था। अब पार्टी भाजपा के साथ सरकार में है, किंतु आरक्षण का मुद्दा अभी हल नहीं हो सका है। ऐसे में पार्टी समाज को यह समझाने की कोशिश करेगी कि पहले आरक्षण का मुद्दा हल हो जाए फिर गणना कराई जाए, क्योंकि अभी गणना होने से मछुआ समाज ओबीसी में ही गिना जाएगा।

# नवरात्र में बेटियों के लिए उपहार में खुलेगा सुकन्या समृद्धि खाता

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत शुरू किए गए सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय डाक विभाग ने समृद्ध सुकन्या-समृद्ध समाज अभियान चलाया है। इसके तहत विभाग अब हर घर में पहुंचेगा। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव के निर्देश पर 6 जिलों - वाराणसी, भदोही, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर व बलिया जिले में अभियान चलाया जायेगा। वाराणसी परिक्षेत्र के डाकघरों में अब तक 3.10 लाख सुकन्या समृद्धि खाते खोले जा चुके हैं।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत मात्र 250 से 10 वर्ष तक की बेटियों का खाता डाकघर में खुलवाया जा सकता है। इसमें



8.0त्न ब्याज है, जो कि किसी भी लघु बचत योजना से अधिक है। यह खाता बेटियों की पढ़ाई एवं शादी के लिए एक वरदान की तरह है। आयकर की धारा 80 सी के तहत आयकर में डेढ़ लाख तक की छूट का भी प्रावधान इस खाते में है। पोस्टमास्टर जनरल यादव ने कहा कि नवरात्र के दौरान परिवार की बेटियों का डाकघर में सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर कन्या पूजन कर सकते हैं। यह कार्य नवरात्रि में किया जाए तो और भी पुण्य मिलेगा। नवरात्रि में कन्याओं का बहुत महत्व होता है।

# उपभोक्ता परिषद के प्रांतीय वेबीनार में उपभोक्ताओं ने शामिल होकर उठाई आवाज

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में उपभोक्ताओं के लिए बना रही नई कॉस्ट डाटा बुक जिसका प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग में 35 प्रतिसत बढोतरी हेतु दाखिल किया गया है जिसमें बिजली के नए कनेक्शन व उपभोक्ता सामग्री की दरें तय की जाती है जिस पर बहुत जल्द ही विद्युत नियामक आया की सप्लाई कोड रिव्यू पैनल सब कमेटी की बैठक होनी है ऐसे में उपभोक्ता परिषद प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की राय जानने के लिए आज एक प्रदेशव्यापी वेबीनार का आयोजन किया जिसमें सैकडो की संख्या में शामिल विद्युत उपभोक्ताओं ने एक सुर में आवाज उठाई की कॉस्ट डाटा बुक में उपभोक्ता सामग्री की दरों में बढोतरी न हो महिला आरक्षण बिल की तरह महिलाओं को बिजली का कनेक्शन लेने में छूट मिले कॉस्ट डाटा बुक में सभी उपभोक्ता सामग्री की दरें



वेबसाइट पर ऑनलाइन हो सॉफ्टवेयर के माध्यम से उपभोक्ताओं के एस्टीमेट बनाए जाएं वर्तमान में उपभोक्ताओं के एस्टीमेट बनाने में बडी बडा भ्रष्टाचारी है लाखों का एस्टीमेट बनाकर घूस लेकर उसे हजारों में किया जाता है इसलिए एस्टीमेट की प्रक्रिया पारदर्शी रहे और पूरी तरह ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से बनाया जाए गलत एस्टीमेट बनाने वाले कार्मिकों के खिलाफ कठोर कार्यवाही का प्रावधान हो साथ ही नया कनेक्शन लेने में उपभोक्ताओं को ज्यादा दिक्कत ना हो सहित अनेको मुद्दों पर उपभोक्ताओं ने अपनी राय रखी।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सरकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा प्रदेश की आम जनता सरल कानून अच्छी व्यवस्था की पक्षधर है उपभोक्ता यह चाहते हैं कि उनका एस्टीमेट एक बार जो बने वह फाइनल हो अभियंता जब बार-बार एस्टीमेट में बदलाव करते हैं तो उपभोक्ताओं के मन में संशय उत्पन्न होना स्वाभाविक है और कहीं-कहीं इससे भ्रष्टाचार को बढावा मिलता है इसलिए एस्टीमेट की पूरी व्यवस्था ऑनलाइन हो गलत एस्टीमेट बनाने वाले अभियंता अधिकारियों के खिलाफ निलंबन जैसी डीम्ड कार्यवाही पर भी विचार किया जाए। वेबीनार में जुडे उपभोक्ता राजपाल सिंह ने कहा एस्टीमेट की व्यवस्था पूरी तरीके से ऑनलाइन होना चाहिए है।

■ कहा कास्ट डाटा बुक में बढोतरी मंजूर नहीं जीएसटी की डबल वसूली बंद होनी चाहिए

# महायुद्ध से शुरू होगी सर्वनाश की विनाशलीला

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। लगभग पौने दो वर्ष से चल रहा रूस यूक्रेन युध्द अभी थमा भी न था कि इजरायल और फिलिस्तीन की मुक्तिकामी ताकतों के बीच विनाशकारी महायुध्द शुरू होने से मानव, प्रक्रति, पर्यावरण और संसाधनों के सर्वनाश की विनाशलीला शुरू हो गयी है। सोचा भी न था कि सभ्य होने का दम्भ पाले मौजूदा विश्व में बरवादी का इस कदर भीषण तांडव देखने को मिलेगा। यदि इस विनाशलीला को जल्द रोका न गया तो अघोषित तीसरे विश्वयुध्द की इस प्रचंड आग में सारा भूमंडल विनष्ट हो जायेगा और इस शानदार ग्लोब- प्रथ्वी को निर्जन बना कर हम स्वयं कथित एलियन्स की चरागाह बना डालेंगे।

इस विनाशलीला से प्रक्रति- मानव समाज, अन्य जीव जंतुओं, वनस्पतियों, जल- वायु, प्राक्रतिक संसाधनो और समूचे पर्यावरण को बचाने की अतीव और तात्कालिक आवश्यकता है। अतएव अखिल भारतीय शांति एवं एकजुटता संगठन- एप्सो (All India Peace and Solidarity Organisation- AIPSO) की उत्तर प्रदेश यूनिट ने- रोको युध्द! बचाओ जीवन! पर्यावरण बचाओ! प्रक्रतिक संसाधनों की रक्षा करो! अभियान चलाने का संकल्प लिया है। मुद्दे की गंभीरता को देखते हुये यूं तो यह अभियान 16 अक्तूबर 2023, सोमवार से प्रारंभ होकर निरंतर चलेगा, मगर हर सप्ताह के शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को सघन गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। विचार गोष्ठियां, शान्ति मार्च, शान्ति के लिये मानव श्रंखला बनाना, युध्द की विभीषिका को प्रदर्शित करने वाले सान्स्क्रतिक कार्यक्रम, छात्र-छात्राओं के बीच वाद-विवाद व चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन और नुक्कड़ एवं जनसभाएं आदि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जनमत जाग्रत किया जाएगा।

# टीएमयू एजुकेशन कॉलेज के न्यू स्टुडेंट्स ने देखी ऐतिहासिक रजा लाइब्रेरी

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ़ एजुकेशन के पाठ्यक्रम बीएससी-बीएड, बीए-बीएड और बीएलएड के नव-प्रवेशी छात्र-छात्राएं रजा लाइब्रेरी रामपुर के एक दिनी शैक्षिक भ्रमण पर गए। स्टुडेंट्स ने रजा लाइब्रेरी के इतिहास और भव्य भवन के बारे में जाना। उल्लेखनीय है, दुनिया की आश्चर्यजनक लाइब्रेरी में 7वीं शताब्दी की हस्त लिखित कुरान आज भी है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इसकी एक डमी कॉपी लेकर ईरान यात्रा पर गए थे। उन्होंने इस कॉपी को ईरान के राष्ट्रपति को भेंट किया। इस भवन में लगे हुए शीशे बेल्जियम, पत्थर इटली और झूमर इंग्लैंड से आए हैं। इसमें लगे बल्ब 1905 के हैं, जो आज तक भी ख़राब नहीं हुए हैं। स्टुडेंट्स के



अनुरोध पर बल्बों को जला कर भी दिखाया।

इससे पूर्व डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, बीएससी बीएड के एचओडी डॉ. विनोद जैन, बीए बीएड के एचओडी डॉ. अशोक लखेरा और बीएलएड के एचओडी डॉ. रत्नेश जैन ने फैकल्टीज़ और स्टुडेंट्स की 40 सदस्यीय टीम को झंडी दिखाकर यूनिवर्सिटी से रवाना किया। शैक्षिक भ्रमण में डॉ. रवि प्रकाश सिंह, डॉ. शैफाली जैन और श्री राहुल कुमार के संग-संग प्रथम सेमेस्टर के जयंत, विवेक, दिव्यांशी, अंशिका, एमरसन जॉय, गुनगुन जैन, तनिष्का, उजाला ,पल्लवी, विशाल पाठक, प्रियांशी ख्याति, प्रशंसा, रिंकू जैन आदि शामिल रहे। रजा लाइब्रेरी के असिस्टेंट लाइब्रेरियन श्री रहमानी ने बताया, रजा लाइब्रेरी बनाए जाने में नवाब की अहम भूमिका थी क्योंकि वह शिक्षा में अत्यधिक रुचि रखते थे। वह चाहते थे कि उनके क्षेत्र उनके राज्य के लोग शिक्षित हों।

# सीएमएस छात्र का हरियाणा पीसीएस में चयन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर कैम्पस के छात्र रजत अवस्थी ने हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन परीक्षा (पी.सी.एस.) में चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में रजत ने 58वीं रैंक अर्जित की है। रजत ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी से मिले प्रेरणादायी विचारों व विद्यालय के शान्त व आध्यात्मिक वातावरण को दिया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है।

श्री शर्मा ने बताया कि रजत ने शुरू से ही नर्सरी से सी.एम.एस. में प्राप्त की और सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर कैम्पस से 90 प्रतिशत से अधिक अंको के साथ आई.सी.एस.ई. की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की। एक



अनौपचारिक वार्ता में रजत ने बताया कि सिविल सर्विस सदैव ही उनका सपना रहा है, जो कि अब साकार हो गया है। हालांकि उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक एवं इतिहास में यूजीसी नेट की परीक्षायें भी उत्तीर्ण की हैं। रजत ने बताया कि मेरे व्यक्तित्व विकास का सम्पूर्ण श्रेय सी.एम.एस. को जाता है। वर्ल्ड पीस प्रेयर, वर्ल्ड पार्लियामेन्ट, डिबेट एवं ग्रुप डिस्कशन जैसे विद्यालय के प्रेरणादायी कार्यक्रमों ने मेरे आत्मविश्वास को सुदृढ़ किया।

# विश्व कल्याण की बात केवल भारत करता है : डॉ. दिनेश

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। स्वाधीनता संग्राम, विभाजन विभीषिका, एवं राष्ट्ररक्षा में शहीद हुए ज्ञात -अज्ञात असंख्य क्रान्तिवीरों को गोमती तट स्थित शहीद स्मारक पर सामूहिक तर्पण -श्रद्धार्पण कर ''शहीद पितृ श्रद्धा नमन-शहीद श्राद्ध' अनुष्ठान के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन सुमंगलम सेवा साधना संस्थान के राष्ट्रभक्ति जागृति अभियान के तहत कर्तव्या फाउण्डेशन, विश्व पुरोहित परिषद्, लोक संस्कृति शोध संस्थान, अक्षय वट, हमराह एक्स एनसीसी कैडेट सेवा संस्थान, शहीद स्मृति समारोह समिति, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जयति भारत परिवार, लक्ष्य भारत फाउंडेशन, सोशल लाइफ लाइन फाउंडेशन, भारत समृद्धि, बिम्ब सांस्कृतिक समिति, जनहित सेवा ट्रस्ट एवं आसरा वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि शहीद



पितृ श्रधा नमन देश भक्ति जागृति का आधार है। विश्व के कल्याण की बात केवल भारत करता है। महापुरुष, शहीद और भगवान किसी वर्ग या जाती के नहीं होते है। निहित स्वार्थो और आपसी वैमनस्यता को भुलाकर देश के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। देश की युवा पीढ़ी को उन्हें अपना आदर्श मानकर उनके बताये रास्ते पर चलना चाहिए। तभी नए भारत की संकल्पना साकार होगी । देश के लिए जान देने वालों की आत्मा को तृप्ति प्रदान करने के लिए आयोजित यह अनूठा कार्यक्रम राष्ट्र प्रेम की मिशाल है। देश की युवा पीढ़ी को बलिदानी वीरों को अपना आदर्श मान उनके बताये रास्ते पर चले तभी नए भारत की संकल्पना साकार होगी।

अनुष्ठान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सुमंगलम परिवार के महासचिव राजकुमार ने सभी को राष्ट्र रक्षा का संकल्प दिलाया और कहा कि जिन क्रान्तिकारियों ने अपना प्राणोत्सर्ग करके हमें आजादी दिलायी उनके सपनों का भारत बनाने के लिए हमें देश के लिए जीना चाहिए। हम सभी अपनी प्रतिभा छमता देश के सर्वांगीण विकास के लिए लगायें यही शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि होगी।

अध्यक्षता करते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ निर्मला यादव ने खा कि जिन क्रांतिवीरों की बलिदान की वजह से राष्ट्र जीवन सतत् आलोकित है, उन वीर सपूतों के त्याग, बलिदान व सर्मपण को नमन करना हमारा पुनीत कर्तव्य है। आज हम जिन ज्ञात-अज्ञात शहीद पितरों का श्रर्द्धापण कर रहे हैं। उनका आशीष हमें देश भक्ति और सद्भावना के क्षेत्र में आगे बढ़ायेगा। पूर्व सैनिक सेवा परिषद् महामंत्री कैप्टन इंदल सिंह चंदेल ने आजाद हिन्द फौज और क्रान्तिकारियों से सम्बन्धित संस्मरण सुनाकर सभी को उनके बताये रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। जिन क्रान्तिकारियों ने अपना प्राणोत्सर्ग करके हमें आजादी दिलायी उनके सपनों का भारत बनाने के लिए हमें देश के लिए जीना चाहिए। शहीदों का पुण्यस्मरण हमें देश के लिये जीने की प्रेरणा देता है।

■ 'शहीद पितृ श्रद्धा नमन- शहीद श्राद्ध' अनुष्ठान के माध्यम से देश के ज्ञात अज्ञात क्रांतिवीरों का किया गया तर्पण-श्रधार्पण

# महाराजा अग्रसेन जयन्ती पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। श्री अग्रवाल समाज द्वारा कुल प्रवर्तक अग्रवंश शिरोमणी अग्रसेन जी महाराज की जयन्ती शनिवार को सिटी मांटेसरी स्कूल गोमतीनगर मे धूमधाम से मनाई गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए महाराजा अग्रसेन जयन्ती कार्यक्रम के संयोजक भारत भूषण गुप्ता, सहसंयोजक राजेश अग्रवाल तथा अग्रवाल समाज के महामंत्री आशीष अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रमत्र की शुरुआत महाराजा अग्रसेन जी महाराज जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित व आरती कर किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम में दिव्यम अग्रवाल द्वारा बांसुरी वादन के साथ हुआ। दिव्यम ने जब बांसुरी की मधुर स्वर को बजाय तो हाल तालिया से गूंज उठा। अगले क्रम में महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल मोतीनगर, महाराजा अग्रसेन बालिका विद्यालय डालीगंज, सेन्ट जोसेफ स्कूल ठाकुरगंज तथा महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल गोमती नगर के बच्चों द्वारा देश-प्रेम पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। तथा सभी बच्चों को भी अग्रवाल समाज द्वारा अन्तमुर्खी प्रतिमा सम्मान-पत्र दिया गया।

इसी के साथ- साथ करीब 21 लोगों को जो 75 वर्ष से अधिक आयु वाले अग्रबन्धुओ का सम्मान, वृद्ध?जन अतिविशिष्ट सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिनमें दीप चन्द अग्रवाल, विश्वनाथ खेमका, सोम प्रकाश गुप्ता, जगदीश प्रसाद, मोहन अग्रवाल, सरवन कुमार अग्रवाल, लोक राम जी अग्रवाल, चन्द्र प्रकाश गर्ग, प्रो. डा. अशोक कुमार अग्रवाल, रमेश चन्द्र अग्रवाल, महेश चन्द्र अग्रवाल, नंद किशोर अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण गोयल, शारदा देवी गोयल, एन डी गुप्ता, आशा गुप्ता, डी. अग्रवाल, रूपमणी, ऊषा अग्रवाल, द्रोपती तुलस्यान को सम्मानित किया गया।

■ सम्मानित हुए विशिष्ट जन व मेधावी छात्र

# लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है नारी शक्ति वंदन अधिनियमः कमलेश मिश्र

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** संसद में नारीशक्ति वंदन अधिनियम को सर्वसम्मति से पारित कराने की ऐतिहासिक सफलता के बाद भाजपा ने विधासभा स्तर पर महिलाओं के अभिनंदन के लिए नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित करने का सिलसिला शुरू किया है। उसी के तहत शनिवार को देवा ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मेलन में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी।बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि देश की महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ा ये कानून नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। ये अमृतकाल में सबके प्रयास से विकसित भारत के निर्माण की तरफ बहुत बड़ा एवम् बहुत मजबूत कदम है। कहा कि महिलाओं का जीवन स्तर सुधारने व विकसित भारत बनाने में नारी शक्ति के योगदान को सुनिश्चित करने के लिए जो गारंटी प्रधानमंत्री मोदी ने दी थी, ये उसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रधानमंत्री मोदी भारत की नारी शक्ति को खुला आसमान देने के लिए एक के बाद ऐतिहासिक फैसले ले रहे हैं। उनके समक्ष आने वाली हर अड़चन को दूर कर रहे हैं। इसी सोच के साथ बीते 9 वर्षों में माताओं-बहनों से जुड़ी हर बंदिशों को तोड़ने में प्रधानमंत्री मोदी सफल हुए हैं। उन्होंने नारी शक्ति के सम्मान, सुविधा, सुरक्षा और समृद्धि से जुड़ी मोदी योगी सरकार की तमाम योजनाओं को गिनाया। मोदी सरकार द्वारा चलाई गई मातृवंदना योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि जैसी कई योजनाओं को उन्होंने महिलाओं के लिए वरदान बताया। 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए महिलाओं की भूमिका को निर्णायक करार दिया। प्रदेशमंत्री व जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने कहा वर्षों बाद देश में जनसंख्या के आधार पर महिला-पुरुष के अनुपात में सुधार आया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने पीएम आवास, शौचालय, उज्ज्वला, हर घर नल जैसी तमाम कल्याणकारी योजनाओं के जरिए देश की नारी शक्ति को सबल बनाने एवम सम्मान बढ़ाने का काम किया है।




## बूथ अध्यक्ष साधारण कार्यकर्ता नहीं आने वाले समय का बड़ा नेता

**मसौली बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष कोई साधारण कार्यकर्ता नहीं बल्कि आने वाले समय का बड़ा नेता है, वह कल का देश एव प्रदेश का बड़ा नेता व मंत्री बन सकता है।

उक्त विचार शनिवार जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के मसौली चौराहा स्थित विश्वनाथ मैरिज लान मे बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सपा विधायक गौरव रावत ने कही। उन्होंने कहा कि बाराबंकी जनपद समाजवादी पार्टी का हमेशा गढ़ रहा है बाबू बेनी प्रसाद वर्मा ने जिस तरह जनपद मे विकास कार्य कराये है वह हमेशा इतिहास के पन्नो मे बने रहेंगे। विधायक प्रतिनिधि रिजवान संजय ने संचालन किया।जिलाध्यक्ष हाफ़िज आयाज अहमद ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों एव बूथ अध्यक्षों को दिशा निर्देश दिए। सम्मेलन में प्रदेश सचिव सरताज चौधरी, ब्लाक प्रमुख राईस आलम, पूर्व प्रमुख यासिर आराफत किदवाई, सपा नेता ज्ञान सिंह यादव, राजेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष प्रीतम वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश यादव, पिंकू सैनी, मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश राजवंशी, पूर्व प्रधान प्रेम किशोर वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## महिला किसान दिवस पर आयोजन आज

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बा जैदपुर में पंद्रह अक्तूबर को जैदपुर स्वाभिमान महिला किसान उत्पादक कंपनी द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमे कई तरह के आयोजन करके आधुनिक तरीके से खेती आदि की जानकारी कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दी जाएगी। खेती के कार्य में जुटी महिलाएं भी इस दौरान अपने अनुभवों को साक्षा करेंगी। इतना ही नहीं महिलाओं की समस्या व शंकाओं का समाधान भी किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कंपनी की चेयरमैन गयात्री होगी। यह जानकारी शिखा राय ने दी।

# मोहम्मदपुर खाला के युवक की गुजरात में निर्मम हत्या

*अवधनामा संवाददाता*

**सूरतगंज, बाराबंकी।** फैक्ट्री में मजदूरी करने वाले एक युवक की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई है। सूचना पा कर मौके के लिए परिवारजन रवाना हो चुके हैं। गुजरात पुलिस हत्या की वजह तलाश रही है। उधर घटना की जानकारी मिलने से परिजन में कोहराम मचा गया है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर खाला निवासी स्व. राम लखन यादव का 24 वर्षीय बेटा लालू यादव करीब दो वर्ष से गुजरात के अहमदाबाद धर्मशील स्थित विमल गुटखा कंपनी में काम करता था।शुक्रवार शाम परिजनों से लालू की बात हुई तब तक सब कुछ ठीक-ठाक था।शनिवार की सुबह गांव के अन्य साथियों से परिजनों को हत्या की जानकारी मिली। तो वाट्स से मिली फोटो से लालू की निर्मम हत्या देखकर सभी के रूह कांप गए।तो लालू की गर्दन अलगकर कमर के पास रखीं हुईं थीं।लालू के शरीर के कपड़े भी अस्त-व्यस्त थे।इस दृश्य को देख करके लोग कह रहे थे।ऐसा क्या हुआ जिससे बेरहमी से लालू की हत्या की गई। वहीं घटना की जानकारी पाकर भाई प्रमोद यादव,छोटू पंडित,प्रवेश और सुरेश आदि सदस्य गुजरात हेतु रवाना हुए हैं।



## महिला सशक्तिकरण को चतुर्थ चरण का आरंभ

**बाराबंकी।** जिले में चल रहे मिशन शक्ति अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ शनिवार को हुआ। डीएम व एसपी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। जिलाधिकारी की उपस्थिति में शनिवार को पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों के साथ मिशन शक्ति अभियान 4 का शुभारंभ किया गया। पुलिस लाइन परिसर से महिला सशक्तिकरण रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए रैली का समापन कलेक्ट्रेट में हुआ। जहां आयोजित विभिन्न कार्यक्रमो में सहभागिता की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिसके परिणाम सुखद है। अब इसका चौथा चरण शुरू होगा ।

## युवक के खिलाफ पीटने धमकी देने की रिपोर्ट

**बाराबंकी।** निजी अस्पताल में नर्स का काम कर रही युवती ने एक युवक पर अभद्रता करने, पीटने व धमकी देने का मामला दर्ज कराया है।

जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुरलीगंज के रहने वाले रामनरेश शर्मा की पुत्री कोमल शर्मा नगर के मोहल्ला अयोध्या नगर में किराये के मकान में रहकर मार्डन हॉस्पिटल नवीगंज में स्टाफ नर्स का काम करती है। उसके अनुसार बीते कल की सुबह 8 बजे वह सो कर उठी तो देखा कि उसके कमरे के बाहर रत्नेश शर्मा पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम भरथाई भिटौरा लखन खड़ा हुआ है। उससे पुछा कि आप यहाँ क्यो खडे हो तो उसने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारने पीटने लगा। शोर सुनकर सहेली ग्यान देबी जो साथ मे ही कमरे में ही रहती है, बाहर आई तथा पुलिस को सूचना दी तो युवक मौके से चला गया।

## थाना समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

**बाराबंकी।** शनिवार को जिले के सभी थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आये हुए फरियादियों की बात सुनी गई।

शहर कोतवाली परिसर में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ डीएम ने आये हुए फरियादियों की शिकायत सुनी। अफसरों ने सम्बंधित अधिकारियों को इनके निराकरण के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि समस्याओ का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये।

## दिलीप राम त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल देवरिया पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की

**अयोध्या।** जनपद देवरिया उत्तर प्रदेश में स्वर्गीय सत्य प्रकाश दुबे के सुपुत्र से मिलकर ढांढस बंधाते हुए पीड़ित ब्राह्मण परिवार को अखिल भारतीय चाणक्य परिषद द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं परिवार को यथासंभव आर्थिक सहयोग किया गया । प्रभु पीड़ित परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति और सामर्थ्य प्रदान करें । इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष अखिल भारतीय चाणक्य परिषद दिलीप राम त्रिपाठी ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा से ही शांति और सद्भाव का पक्षधर रहा है।

## महिला सशक्तिकरण रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, महिलाओं की हर क्षेत्र में हो भागीदारीः डीएम

**अयोध्या।** मिशन शक्ति को और व्यापक एवं मजबूत बनाने के लिए योगी सरकार ने इसके चौथे चरण का शुभारम्भ कर दिया है। महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा सम्मान एवं स्वालंबन के लिए व जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं का सम्मान बढ़े इसको लेकर जनपद में शनिवार को महिला सशक्तिकरण रैली का आयोजन किया गया। जिलाधकारी नीतीश कुमार ने बताया कि हमारे समाज के लोग अंतरमन से स्वीकार करें कि महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी हो। जब महिला शिक्षित होगी तो परिवार भी शिक्षित होगा। उनमें आत्म सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देना होगा। अयोध्या पुलिस लाइन में नारी सशक्तिकरण मिशन शक्ति के चौथे चरण के अभियान की शुरुआत हुई। इस मौके पर पुलिस लाइन में आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार व एसएसपी राज करण नैयर ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया।

# सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता का हुआ समापन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर बच्चों के विभिन्न सामाजिक देशभक्ति व धार्मिक प्रस्तुति पर दर्शकों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कंपोजिट विद्यालय अंगूरी बाग के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने गर्भ में चीख रही बेटी हिंदुस्तान की की प्रस्तुति देकर समाज में बेटी बचाओ का संदेश दिया का संदेश दिया। देश भक्ति प्रस्तुति में एक बार सलामी दे दो उन जवानों के लिए, हम नमन करें उन वीरों को बलिदान के लिए परिवेश में देशभक्ति के रंग भर दिया। चारों दूल्हा में बड़का कमाल सखियों व अरे द्वारपालो सुदामा से कह दो प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। कम्पोजिट विद्यालय में सांसद मेघा प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया था। समापन समारोह का उद्घाटन अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया । समापन सत्र में सांसद लल्लू सिंह व महापौर गिरीशपति त्रिपाठी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में ब्लाक स्तर तथा नगर क्षेत्र में जनपद में कुल 15 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विधायक वेद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से संसद मेधा प्रतियोगिता के तहत बच्चों को एक बेहतर मंच प्रदान किया गया। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों को एक बेहतर मंच मिला है। प्रतियोगिता से उनके मन में आगे बढ़ने का भाव जागृत होता है। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन बच्चों के मन में प्रतिस्पर्धा का भाव जागृत करता है वर्तमान परिवेश प्रतिस्पर्धात्मक है। बच्चों के मन में प्रतिस्पर्धा का भाव से उनका सर्वांगीण विकास होता है।

# समाज सेवा के लिए भौतिक संसाधनों से कहीं अधिक दिल में समाज सेवा की भावना का होना आवश्यकः प्रदीप यादव

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या ।** समाजसेवी प्रदीप यादव का कहना है कि राजनीति और समाजसेवा दोनों अलग-अलग पहलू हैं। इनका एक-दूसरे के साथ कोई मुकाबला नहीं है। भले ही राजनीति को भी सेवा का एक साधन माना जाता है, लेकिन वर्तमान समय में राजनीति का गिरता स्तर इसको सामाजिक सेवा के बराबर खड़ा नहीं करता है। इसलिए समाज सेवा के कार्य की शालीनता को सहेजने की जरूरत है। समाज सेवा के लिए भौतिक संसाधनों से कहीं अधिक दिल में समाज सेवा की भावना का होना आवश्यक होता है। कुछ लोग संसाधनों की कमी के बावजूद समाज सेवा में अग्रणी रहते हुए अपनी छाप छोड़ जाते हैं तो दूसरी तरफ कुछ लोग संसाधनों की भरमार होते हुए भी स्वयं और परिवार की सेवा तक ही सीमित रहते हैं। ऐसे लोगों को कभी भी समाज सेवा के लिए प्रेरित नहीं किया जा सकता क्योंकि उनके निजी स्वार्थ और अभिमान के आगे समाज सेवा के सभी तर्क औंधे मुंह गिरते हुए नजर आते हैं। भूखे को भोजन, प्यासे को पानी, बीमार को दवाई, अनाथों को आश्रय के अलावा अन्य किसी भी प्रकार से किसी जरूरतमंद की आवश्यकता को जानकर निस्वार्थ उसकी मदद करना ही समाज सेवा का सबसे बड़ा लक्षण है। किसी इन्सान को बिना बताए उसकी सहायता करना और उस मदद से मिलने वाली खुशी को उसकी आंखों में महसूस करना ही सच्ची जनसेवा है। आपको बताते चले की जनपद में जिला पंचायत सदस्य समाजसेवी प्रदीप यादव ने शहर में अम्मा की रसोई शुरू की है जिसमें वह को मात्र एक रुपए में भोजन उपलब्ध कराते हैं जिसमें मजदूरों और गरीब तबके के लोगों की खासी भीड़ उमड़ रही है।1 रुपए में भरपेट भोजन के लिए हर रोज अलग-अलग मैन्यू रहता है, जिसमें दाल, चावल, सब्जी पूडी तो कभी चावल कढ़ी और खिचड़ी शामिल होती है। प्रदीप यादव द्वारा ढाई साल में कई समाज सेवा का कार्य किया गया।



# भव्य गाजे बाजे के साथ निकली मां की कलश यात्रा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या पर शनिवार को शक्तिवाहिनी के संयोजन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरयू तट से वरुण आह्वान के साथ भव्य कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। मां के जयकारों के साथ शक्ति वाहिनी की अगुवाई में निकली यात्रा सरयू तट से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई छोटी देवकाली मंदिर पहुँची। यात्रा का संयोजन केंद्रीय दुर्गापूजा व रामलीला समन्वय समिति तथा शक्ति वाहिनी के संयुक्त संयोजन से किया गया। यात्रा नयाघाट, बाबू बाजार, श्रृंगारहाट, हनुमानगगढ़ी होते हुए छोटी देवकाली मंदिर पहुंची। यात्रा का आचार्य पीठ तिवारी मंदिर के सामने महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने माता जी की आरती और बताया कि माता का अनुष्ठान प्रतिपदा को शुभ मुहूर्त में करना चाहिए और विसर्जन दशमी तिथि को ही करना चाहिए यही शास्त्रों का मत है। माता रानी के यात्रा का दर्जनों स्थानों पर स्वागत हुआ और लोगों ने पुष्प वर्षा की। केंद्रीय समिति के संयोजक महंत धनुषधारी शुक्ला ने बताया कि पिछले 25 वर्षों से यह यात्रा अनवरत नवरात्रि के पूर्व संध्या पर निकाली जाती है। अध्यक्ष रमापति पाण्डेय ने बताया कलश यात्रा सनातन परंपरा का एक अंग है जिसमें कोई अनुष्ठान प्रारम्भ करने से पहले हम किसी पवित्र नदी से जल भरते है। नवरात्रि प्रारंभ के पूर्व मां सरयू के जल का पूजन करके कलश में भरकर अपने अपने घरों मे मां की स्थापना पूजन करेंगी। शक्ति वाहिनी प्रमुख बिंदु सिंह ने बताया कि बड़े ही उत्साह के साथ माताएं बहने माता की कलश यात्रा में शामिल होती हैं और यही कलश स्थापित करके 9 दिन तक पूजा करती है। उन्होंने सभी बहनों का आभार व्यक्त किया।दुर्गापूजा समिति के प्रवक्ता भानुप्रताप सिंह ने बताया कि रविवार से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो रहा है और इसी के साथ ही मंदिर में कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा का पूजन-अर्चन शुरू होगा। अशोक शास्त्री ने वरुण पूजन कराया। , वन्दना त्रिपाठी, पार्वती कौशल, दया मिश्रा, आंचल यादव, प्रभादेवी, अनीता सिंह, अंजू सिंह, कुमकुम दुबे, रंजना सागर, अनीता, पुष्पा, महासचिव श्रीनिवास शास्त्री , दीपचंद्र राही, देवर्षिराम त्रिपाठी ,सुरक्षा प्रभारी पंकज गुप्ता, मंगल गुप्ता, अनिल सहित सैकड़ों भाई बहनों ने भाग लिया।

**यात्रा**

» **मां के जयकारों के साथ शक्ति वाहिनी की अगुवाई में निकली यात्रा सरयू तट से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई छोटी देवकाली मंदिर पहुँची।**



# महिलाओं की भूमिका समाज में काफी व्यापक होता हैः मातृ शक्ति

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** मातृ शक्ति कार्यक्रम के दौरान शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आधुनिक परिवेश महिला सशक्तिकरण मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए विधायक पनियरा ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं के आत्मबल को मजबूत करते हुए, उनका सशक्तिकरण करना है। इस प्रकार के कार्यक्रम और गोष्ठी का उद्देश्य मिशन शक्ति के संदेश को घर-घर पहुंचाना है।

विधायक सदर ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं आगे हैं और नेतृत्वकारी भूमिका निभा रही हैं। महिलाओं की इसी भूमिका को विस्तार देने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा सदन में 33% आरक्षण के प्रावधान वाला विधेयक पास कराया गया है। विधायक फरेंदा वीरेंद्र चौधरी ने मिशन शक्ति 4.0 की बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं ने अपनी क्षमता को साबित करते हुए आज जीवन के हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ पुष्पलता मंगल ने उपस्थित महिलाओं को नवरात्रि की बधाई दी और कहा महिलाओं की भूमिका आज पुरुषों की तुलना में ज्यादा व्यापक है। सभी अतिथियों व मातृशक्ति का स्वागत करते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने कहा कि एक स्त्री अलग-अलग भूमिकाओं में नवदुर्गा का रूप होती है। उन्होंने कहा कि माताएँ स्कंदमाता के रूप में, बेटियां शैलपुत्री के रूप में, डॉक्टर सिद्धदात्री के रूप में, महिला पुलिस कात्यायनी के रूप में उपस्थित हैं। कार्यक्रम का संचालन अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ नीना वर्मा, सीओ सदर अजय सिंह चौहान, डीआईओएस अमरनाथ राय सहित विभिन्न अधिकारी सहित बड़ी संख्या में अलग-अलग विभागों की मातृशक्ति उपस्थित रहीं।



## डूब रहे बुजुर्ग को जल पुलिस ने रेस्क्यू कर सकुशल बचाया

**अयोध्या ।** प्रभु श्रीराम की पावन नगरी में सरयू स्नान के दौरान जल की तेज धारा में आने से गहरे पानी में जाने के कारण प्रेम दास पुत्र हरिशचंद्र निवासी संसा थाना दासनगर जनपद गया बिहार का रहने वाला है जो सरयू स्नान के समय पैर फिसलने से गहरे पानी में चले जाने से डूब रहे थे, तत्काल तत्परता दिखाते हुए ड्यूटी पर तैनात जल पुलिस प्रभारी रुबे प्रताप मौर्य तेज तर्रार कांस्टेबल नित्यानन्द यादव कांस्टेबल सुधीर सिंह कांस्टेबल मुन्ना यादव कांस्टेबल कमरुद्दीन व स्थानीय राधेश्याम मांझी ने गहरे पानी में रेस्क्यू कर बुजुर्ग को, सुरक्षित बाहर निकाला, अयोध्या मैं जल पुलिस की तैनाती से, अक्सर डूबते लोगों को बचाने में समर्थ होने के साथ लोगों में सुरक्षा की भावना को बढ़ावा मिला है जिससे स्थानीय लोगों में हर्ष का वातावरण जागृत हुआ है।

# एसडीएम ने झंडा दिखाकर रवाना की रैली



*अवधनामा संवाददाता*

**फरेन्दा (महराजगंज)।** नगर पंचायत आनंदनगर में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चौथे चरण का शुभारंभ हुआ। एसडीएम राकेश कुमार व सीओ अनुज कुमार सिंह ने महिला सशक्तिकरण की रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली राजकीय कन्या इंटर कॉलेज से निकाली गई जो नगर के विष्णु मंदिर होते हुए अंबेडकर चौक से दुर्गा मंदिर पहुंची। एसडीएम ने कहा कि बीसी सखी योजना के माध्यम से गांव की महिलाएं सशक्त बन रही हैं। महिलाओं की आर्थिक उन्नति हो रही है। यह कार्यक्रम महिला व बालिका के प्रति सम्मान और मातृ शक्ति के प्रति एक नए विश्वास का प्रतीक है। 2020 में महिला संबंधी अपराधों पर लगाम लगाने के लिए एक कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी।महिला अपराध पर लगाम लगाने में यह कार्यक्रम उपयोगी रहा। इस अवसर पर प्राचार्या जीजीआईसी, मंजुला अग्रहरि, शिखा त्रिपाठी व कन्या विद्यालय की बालिकाओं ने बढ़ चढ कर हिस्सा लिया।

# शारदीय नवरात का शुभारंभ आज

## सुरक्षा के लिए भारी पुलिसबल तैनात

बृजमनगंज थानाध्यक्ष श्याम सुन्दर तिवारी ने बताया की शारदीय नवरात्र के लिए प्रशासन सुरक्षा में 07 इंस्पेक्टर, 20 दरोगा, 38 हेड कांस्टेबल, 21 महिला कांस्टेबल, 85 कांस्टेबल, एक बटालियन पीएसी, 5 ट्राफिक पुलिस, वायरलेस ओपरेटर, फायर सर्विस और मंदिर में शीशी कैमरा की व्यवस्था की गयी है। यदि कोई समस्या होने पर श्रद्धालु तुरन्त किसी सुरक्षा कर्मी या चौकी इंचार्ज को इसकी सुचना दे सकते है।

*अवधनामा संवाददाता*

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** पूर्वांचल के ख्याति प्राप्त मंदिरो में महराजगंज जनपद के लेहड़ा स्थित अदरौना देवी मंदिर का प्रमुख स्थान है। काफी दूर दूर से श्रद्धालू अपनी आस्था इस शक्तिपीठ पर प्रकट करने आते हैं। नवरात्र में श्रद्धालुओं का यहा पर ताता लगा रहता हैं। प्राचीन किवंदती के अनुसार इस सुप्रसिद्ध शक्ति पीठ पर महाभारत काल में पांडवो ने अज्ञातवास के दौरान माथा टेक कर अपने लक्ष्य की सिद्धि हेतु माँ आद्रवन देवी से प्राथना की थी। इस मंदिर से जुड़ा घना वन क्षेत्र महाभारत काल से आद्रवन के नाम से जाना जाता है। जिसका नाम बिगड़ते बिगड़ते अदरौना हो गया। आज के दौर के इस प्रसिद्ध मंदिर के स्थान पर पहले सिर्फ इसका गर्भगृह ही था। वह पहुचना भी काफी कठिन होता था। इस जंगल को पार करने के लिए कम से कम 5 व 6 लोग एकत्रित होते थे। तभी मन्दिर के लिए प्रस्थान करते थे। धीरे-धीरे इस देवी स्थान पर ईश्वरीय कृपा होती गयी और सन् 1959 में डॉक्टर महादेव प्रसाद सालड़ के प्रयास से चार पावो पर एक छत डालकर गर्भगृह को ढका गया। तीन दशक के बाद आज यहाँ एक विशाल भव्य मंदिर स्थापित हो गया है। जहाँ पूर्वी उत्तर प्रदेश से ही नही मित्र राष्ट्र नेपाल के कोने कोने से भक्त गण और अधिकारी व राजनेता अपनी हाजिरी लगाने से नही चूकते। महाभारत काल में उल्लेखित पौहरी बाबा का आश्रम भी मंदिर के समीप स्थित है। जहाँ पर भभूत प्रसाद के रूप में भक्तो को दी जाती है। यह स्थान सैकड़ो वर्षो से दुर्गापुर अदरौना के नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। प्रति वर्ष शारदीय और चैत नवरात्र के अवसर पर लाखो श्रद्धालु दूरस्थ जनपदों तथा मित्र राष्ट्र नेपाल आकर आद्रवन की पुजा अर्चना करके अपने मनोकामनाओ की सिद्धि के लिए कामना व प्रार्थना करते है। ऐतिहासिकता के कारण अदरौना दृवि का यह मंदिर आज देश के विख्यात मंदिरो में अपना स्थान बनाये हुऐ है। माँ अदरौना देवी के मंदिर में वैसे तो दर्शनार्थियों की भीड़ प्रतिदिन होती है। लेकिन मंगलवार को ही यह भीड़ हजारो में होती है। नवरात्र के दिनों में यह भीड़ बड़ जाती है।



## नौतनवा में बेहतर साफ सफाई का निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवां(महराजगंज)।** त्यौहारों को देखते हुए नौतनवा नगरपालिका में साफ सफाई जोरो पर हैं। नालियों की सफाई कर जगह जगह कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष बृजेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि कर्मचारियों के साथ बैठक कर उनको साफ सफाई के लिए निर्देशित किया गया हैं।

उन्होंने बताया कि नगर में पंडाल रखने वाली जगहों को विशेषरूप साफ सफाई कर कीटनाशक दवाओ के छिड़काव की व्यवस्था की जा रही हैं जिससे गंभीर बीमारियों के उपजने का खतरा समाप्त हो जाय। इस दौरान सभासदों ने भी अपने अपने वार्ड में साफ सफाई के लिए जगहों के संबंध में चर्चा किया। इस दौरान सभासद धर्मात्मा जायसवाल,अनिल मद्धेशिया संजय पाठक अशोक रौनियार सुरेन्द्र बहादुर जायसवाल अनिल जायसवाल,राहुल दूबे,राकेश जायसवाल सहित नगर पालिका के कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** स्थानीय क्षेत्र के रमानाथ उमाशंकर इंटरमीडिएट कालेज फुलमनहां लेहड़ा बाजार के प्रागंण में चल रहे तीन दिवसीय 34 वा जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। जिसमे सदर तहसील प्रथम निचलौल द्वितीय और नौतनवां तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। रमानाथ उमाशंकर इंटरमीडिएट कालेज फुलमनहां लेहड़ा बाजार में समापन समारोह में फरेन्दा के विधायक वीरेंद्र चौधरी और विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ राय ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

# प्रदेश में महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत शनिवार को महिला सशक्तिकरण रैली को जिला स्पोर्ट स्टेडियम से सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, अध्यक्ष नपाप. सिद्धार्थनगर गोविन्द माधव, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में महिला पुलिस जवान, महिला लेखपाल आदि द्वारा भाग लिया गया।

इस अवसर दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि आज मिशन शक्ति के चौथे चरण का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ से किया जा रहा है। इसी प्रकार प्रदेश के सभी जनपदो में भी कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया गया जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा साकार किया गया है। मिशन शक्ति के सभी कार्यक्रमो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में पूरे देश में नम्बर-1 राज्य बना है। आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे है। हमारी बहन बेटियां आईएएस और आईपीएस बन कर प्रशासनिक क्षेत्रों में कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री जी द्वारा लोकसभा और विधानसभा में भी महिलाओ की 33 प्रतिशत का आरक्षण होगा। विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी

■ मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण रैली का आयोजन

आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाएं भयमुक्त होकर सुरक्षित रहती है। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि आज सभी माताएं बहने एवं बेटियां अपने आप को सुरक्षित महसूस करती है तथा बिना किसी भय के कही भी आ जा सकती है।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार मिशन शक्ति 4.0 का शुभारम्भ किया जा रहा है। इससे महिलाओ का सुरक्षा का एहसास होगा। यह कार्यक्रम पूरे 10 दिन तक चलेगा। लोगो को जागरूक किया जायेगा। यह कार्यक्रम जनपद के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तथा अन्य स्कूलो में भी कराया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन मुख्य विकस अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, तथा अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक

**बाँसी सिद्धार्थनगर।** साहित्यिक, शैक्षिक, सामाजिक और साँस्कृतिक संवर्द्धन के लिए संचालित स्व. हरीश चंद्र दूबे स्मृति सेवा ट्रस्ट द्वारा विकास खण्ड मिठवल के नरहीं गांव में संचालित ग्रामीण बाचनालय एवं पुस्तकालय के विस्तार को लेकर प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक नरही स्थित पुस्तकालय पर की गयी ।इस मौके पर पुस्तकालय के सचिव मंगेश दूबे ने बताया कि न्यास द्वारा संचालित इस पुस्तकालय का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को निःशुल्क पठन-पाठन हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकों सहित साहित्य कहानी आदि की हिंदी, संस्कृत, अँग्रेजी भाषा में करीब तीन हजार से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं।उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में पुस्तकालय को विस्तार देते हुए दूसरे गांव के बच्चों को भी निःशुल्क पठन पाठन हेतु पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर अध्यक्ष अनुराधा दूबे ने पुस्तकालय के सफल संचालन की रणनीति पर चर्चा किया उपाध्यक्ष दिवाकर उपाध्याय ने पुस्तकालय में पुस्तकों की संख्या बढाने पर जोर दिया।

## खो-खो बालिका का मंडलीय ट्रायल हुआ संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिला ओलंपिक एसोसिएशन एवं जिला खो- खो संघ के द्वारा शनिवार को खो - खो बालिका का मंडलीय ट्रायल संपन्न हुआ।

जिला ओलंपिक संघ के महासचिव इब्राहिम बाबा ने बताया कि उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के द्वारा 19 वर्ष की बालिकाओं की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन वाराणसी में किया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश के प्रत्येक मंडल की टीम प्रतिभाग करेंगी।

बस्ती मंडल की खो - खो टीम के चयन की जिम्मेदारी खो खो के राष्ट्रीय निर्णायक एवं व्यायाम शिक्षक रविंद्र गुर्जर को दी गई। इसी क्रम में शनिवार को शोहरतगढ़ स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में बालिकाओं के चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया। खो - खो संघ के सचिव सुरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि 16 से 18 नवंबर तक वाराणसी में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में बस्ती मंडल की बालिकाओं की टीम का चयन कर लिया गया है। टीम के अभ्यास की उचित व्यवस्था कराई जाएगी। खिलाड़ियों के चयन में राजकुमार यादव, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका प्रीति जायसवाल का भी योगदान रहा।

इस अवसर पर नीलम चतुर्वेदी, रंजन यादव, रूबी यादव, सरिता, मृदुलेश, कमलेश श्रीवास्तव व चंदा आदि उपस्थित रहे।

## बसहिया ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** स्थानीय ब्लाक के मदरहिया व बसहिया ग्राम पंचायत के रामगढ़ टोले में शनिवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों जगहों पर ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को विधायक विनय वर्मा को बताया। इस दौरान आवास, शौचालय, ट्रांसफार्मर की अधिक समस्या सामने आई। मदरहिया में गुलाम हैदर, राहुल यादव, श्रीराम व प्रकाश ने 100 केवी ट्रांसफार्मर की मांग किया। इसके अलावा नेवास, प्रेमा, शांति, विद्यावती, रेखा, अनीता आदि ने आवास न मिलने की शिकायत किया। राहुल यादव,रानू श्रीवास्तव,पंचम यादव ने गांव के शिव मंदिर में शौचालय व चहरदीवार बनवाने की मांग किया। रामगढ़ में आयोजित चौपाल में प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र निषाद ने नौडिहवा व रामगढ़ में बानगंगा नदी के द्वारा किए जा रहे कटान से बचाव के लिए ठोकर बनवाने की मांग किया। इस दौरान विधायक विनय वर्मा ने कहा कि गांवों में बहुत से ऐसे लोग हैं जो ब्लाक, तहसील व जिला मुख्यालय पर अपनी समस्याओं के लिए नहीं जा सकते थे।

## एनटीपीसी टांडा में सुरक्षा पर सामूहिक पेप टाक का हुआ आयोजन

**टांडा अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा में सुरक्षा जागरूकता सत्र और सुरक्षा पर सामूहिक पेप टॉक का आयोजन विश्वकर्मा पार्क में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री बी.सी. पलेई , महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ) डा उदयन तिवारी, महाप्रबंधक (परियोजना) श्री अतुल गुप्ता, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) श्री पी एल नरसिम्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन) श्री अभय मिश्रा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री रजनीश कुमार खेतान, समस्त विभागाध्यक्षगण, परियोजना के समस्त राजभाषा नोडल अधिकारी व यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। एनटीपीसी टांडा में सुरक्षा सर्वोपरि है इसलिए परियोजना लगातार सुरक्षा जागरूकता सत्र और सुरक्षा पर सामूहिक पेप टॉक का आयोजन करती रहती है।

## बस्ती के शशांक को नई दिल्ली में मिला आपदा फ़रिश्ता राष्ट्रीय सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** अंतर्राष्ट्रीय आपदा अवशमन दिवस के अवसर पर जीवन जागृति सोसाइटी, भागलपुर बिहार के द्वारा कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में बनकटी ब्लाक के थरौली गाँव के रहने वाले शशांक शुक्ल को सर्वोच्च न्यायालयक के पूर्व न्यायाधीश व इलाहबाद उच्च न्यायालय मुख्य न्यायाधीश रहे शिव कृति सिंह के हाथों लोकनायक जयप्रकाश नारायण आपदा फरिश्ता राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया।

इस मौके पर आईपीएस के एम सिंह, आई ए एस नवीन चंद्र झा, आई आर एस मनीष कुमार चौधरी, ब्रिगेडियर सर्बोत्तम प्रसाद सिन्हा, कारगिल युद्ध वीर शौर्य चक्र से सम्मानित मेजर राकेश शर्मा, सहित देश की जानी मानी हस्तियाँ मौजूद रहीं। अवार्ड प्राप्त कर वापस बस्ती लौटे शशांक शुक्ल नें बताया की इस अवार्ड से ऐसे लोगों को सम्मानित किया गया जो संकट में फंसे व्यक्ति को देखकर फोटो और वीडियो नहीं बनाते हैं बल्कि अपने गंतव्य को भूल कर अपने स्वयं के प्राणों के संकट को भूलकर अंजान व्यक्तियों की मदद करते है।

शशांक शुक्ल नें तमाम विपत्ति में फंसे लोगों की सहायता की है। उन्होंने बताया की ज्यादा से ज्यादा लोग मदद के लिए आगे आए इस उद्देश्य से यह सम्मान समारोह किया गया। देश भर से कुल 561 महान विभूतियों का चयन किया गया, लेकिन जिसमें से केवल सर्वश्रेष्ठ 61 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रुप से कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया बुलाकर आपदा फ़रिश्ता राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया की इस सम्मान समारोह में देश के अनेकों राज्यों जैसे उत्तराखंड, असम, बंगाल, महाराष्ट्र, बेंगलुरु, यूपी, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश इत्यादि 22 राज्यों से प्रतिभागी आए। शशांक शुक्ल ने इस सम्मान को अपने माता- पिता तथा अपने क्षेत्र वासियों को समर्पित किया है। उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ दिल्ली में इस बात की जानकारी मिलते ही उनके सभी मित्रों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी है।

## खाद्य सामानों के साथ दो नेपाली गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ सिद्धार्थनगर।** 43वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सीमा चौकी खुनवा के जवानों द्वारा खाद्य सामानों के साथ 02 नेपाली को किया गिरफ्तार किया। शनिवार को 43वी वाहिनी के सीमा चौकी खुनवा के जवानों ने सीमा स्तंभ संख्या 556 के समीप नाका के दौरान अवैध तरीके से भारत से नेपाल ले जा रहे ।10 बोरी चीनी, 05 बोरी लाल मिर्च, 10 बोरी मटर दाल, 01 बोरी मसूर दाल और 72 लीटर रिफाइन के साथ 02 नेपाली व्यक्तियों को गिरफ्तार किया ढ्जानकारी देते हुए शक्ति सिंह, कमांडिंग अधिकारी, 43वी वाहिनी ने बताया कि हमें सूचना प्राप्त हुई कि सीमा स्तम्भ संख्या 556 के समीप से खाद्यय सामानों को अवैध तरीके से नेपाल ले जाने हेतु खुनुवा बाज़ार के पास छिपाकर रखा गया है। कार्यवाही को अंजाम देते हुए सीमा चौकी खुनुवा से निरीक्षक के.पी.एम. बैन्जीनाथम के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक परिमल चंद रॉय, मुख्य आरक्षी देवांशु, अशोक कुमार, संग्राम के.दलाई, आरक्षी सुभाष कुमार, अभय कुमार, और आरक्षी नरेंदर सिंह के साथ नाका दल सीमा स्तंभ संख्या 556 के लिए रवाना हुए। चिन्हित स्थानों पर पहुँचने के उपरांत नाका दल के द्वारा देखा गया कि दो व्यक्ति आपस में बैठकर बात कर रहे है। संदेह के आधार पर नाका दल उस स्थान पर जाकर देखा तो वहां 10 बोरी चीनी, 05 बोरी लाल मिर्च, 10 बोरी मटर दाल, 01 बोरी मसूर दाल और 72 लीटर रिफाइन बरामद हुआ।

## पूर्व मंत्री दिनेश सिंह की पुण्यतिथि पर किया श्रद्धापूर्वक नमन अर्पित



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री सिद्धार्थ सिंह ने समाधि प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

विचार गोष्ठी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सिद्धार्थ सिंह ने पूर्व मंत्री स्वर्गीय दिनेश सिंह की 14वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि दिनेश सिंह जैसे लोग हमारे समाज में बिरले ही जन्म लेते हैं। उन्हें ने हमेशा से समाज के अंतिम व्यक्ति की लडाई लड़ी है तथा उनका जीवन संघर्ष से भरा रहा हर चुनौती का सामना वह मुस्कुरा कर करते थे और उनके संघर्षों और जीवन को अपने जीवन में उतारना चाहिए उनके लिए यहीं सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी।कार्यक्रम में सपा जिला अध्यक्ष लाल जी यादव, पूर्व विधायक अनिल सिंह, पूर्व राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती इंदिशाना त्रिपाठी, चिंकू यादव, अनिता दिर्वेदी नागेंद्र चतुर्वेदी, जिला महासचिव कमरूज़मा, यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद खान, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, विधान सभा अध्यक्ष हरि नारायण यादव, कामता यादव, इब्राहिम बाबा, घिसियावन यादव, व अन्य लोगो नहीं श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर क्षेत्र की जनता जिस्में महिलाएं, बुजुर्ग, नौजवान साथियों के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

कार्यक्रम के अयोजक 302 शोहरतगढ़ विधान सभा के पूर्व प्रत्यशी उग्रसेन प्रताप सिंह ने आये सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मैं पिता जी के बताए हुए पद चिन्हों पर चल रहा हूं तथा क्षेत्र की जनता के लिए अनवरत संघर्ष कर रहा हूं, हमारे घर का दरवाजा दिनेश सिंह के लोगों के लिए हमेशा खुला है जनता ने जो प्यार दिया मैं उसका अजीवन आभरी रहूंगा। आज के कार्यक्रम में मुकेश पांडे, रंजीत यादव, मोहम्मद स्वेल, अबुल कलाम आज़ाद, निज़ाम सभासद, सागर पाठक, राहुल सिंह, निशार आज़ाद, बिरजेश सिंह बैचलर जुनैद डबलू सिंह रमजान, मानवेन्द्र सिंह भी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ई-केवाईसी करने लिए बहेरिया में लगा शिविर



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बहेरिया में कैम्प लगाकर पीएम सम्मान निधि योजना के किसानों का ई-केवाईसी किया गया। प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के मौजूदगी में शनिवार को आयोजित शिविर में जिम्मेदारों ने योजना के बारे में जानकारी दी। वहीं संचारी रोग व बचाव को लेकर भी प्रकाश डाला गया।

करूणाशंकर त्रिपाठी व संतोष यादव ने बताया कि किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिन किसानों द्वारा ई-केवाईसी नहीं कराई गई है, उन्हें इस किश्त का लाभ नहीं मिल पाएगा। ई-केवाईसी नहीं कराने वाले किसानों के लिये 15 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, इसमे कृषि विभाग के कर्मचारी गांवों में जाकर किसानो के अभिलेखो के संकलित करने में जुटे हैं और ई-केवाईसी कराने मे सहयोग कर रहे हैं। प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने सभी किसानों से अपनी ग्राम पंचायत के ग्राम रोजगार सेवक पंचायत सहायक, अथवा अपने विकास खण्ड के राजकीय कृषि बीज भंडार के माध्यम से 15 अक्टूबर तक ई-केवाईसी अवश्य करा लें, जिससे उन्हें योजना की किस्त मिलने में समस्या न हो।

## बस्ती के तर्ज पर सिद्धार्थनगर के पत्रकारों को भी जारी करेगा हेल्थ कार्ड

अवधनामा संवाददाता



■ हेल्थ कार्ड के जरिए पत्रकार के साथ उनके पूरे परिवार को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकेगा

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के डुमरियागंज स्थित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के कार्यालय पर श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल बस्ती के कॉर्डिनेटर डॉ कमलेन्द्र पटेल, डॉ अजीज आलम, डॉ शोभित श्रीवास्तव व ग्रा.प.ऐ. के बस्ती मण्डल के अध्यक्ष संजय द्विवेदी का आगमन हुआ। मण्डल अध्यक्ष संजय द्विवेदी ने बताया कि श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल बस्ती के द्वारा बस्ती के पत्रकारों के लिए हेल्थ कार्ड जारी किया गया हैं, इसी तरह जनपद सिद्धार्थनगर के सभी पत्रकार बंधुओं का भी हेल्थ कार्ड जारी किया जाएगा। जिसमें पत्रकार साथियों के साथ-साथ उनके परिजनों को चिकित्सक के ओपीडी की फीस फ्री, दवा व चिकित्सकीय जांच में डिस्काउंट जैसी सुविधा के साथ साथ अन्य सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। डॉ कमलेन्द्र पटेल ने बताया कि पूर्वान्चल के मरीजों की आवश्यकता को देखते हुये, हास्पिटल को मल्टी हास्पिटल के रूप में निरन्तर विकसित किये जा रहे हैं। बस्ती जनपद में हार्ट और न्यूरो और यूरोलाजी चिकित्सकों की बेहद आवश्यकता थी, इस दिशा में श्रीकृष्णा मिशन ने प्रदेश के अनेक प्रतिष्ठित चिकित्सको से सहयोग मांगा है। न्यूरो और यूरोलाजी के चिकित्सक अपनी सेवायें दे रहे हैं। यूरोलाजी के वरिष्ठ चिकित्सक डा. शोभित श्रीवास्तव नियमित सेवायें दे रहे हैं। पेशाब की थैली में पथरी, प्रोस्टेट ग्रन्थि में दिक्कत, मूत्र मार्ग में पथरी या ट्यूमर, ब्लैडर के ट्यूमर आदि रोगों के इलाज के लिये अब बस्ती और पूर्वान्चल वासियों को भटकना नहीं पड़ेगा। हॉस्पिटल का पूरा प्रयास है कि मल्टी हास्पिटल की सभी सेवायें मरीजों को न्यूनतम शुल्क में उपलब्ध हो। केन्द्र और राज्य सरकार की स्वास्थ्य से जुड़ी सेवायें, आयुष्मान कार्ड की सेवायें हास्पिटल में प्राथमिकता से उपलब्ध है।

## देखरेख के अभाव में बदहाल हुए अमृत सरोवर

अवधनामा संवाददाता

कई आज भी निर्माणाधीन



**अंबेडकरनगर।** करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी देखरेख के अभाव में अमृत सरोवर बदहाल होने लगे हैं। शुरुआत में तेजी पकड़ने वाली मुहिम ठप पड़ गई है। इसलिए प्रशासन ने आनन-फानन में कई तालाबों को कब्जा मुक्त कराया। इस दौरान प्रशासन ने तेजी दिखाई लेकिन स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराने के बाद तालाबों को अमृत सरोवर बनाने के काम पर विराम लग गया। कई गांवों में अमृत सरोवर के पक्का कराने का कार्य अधर में लटका है।वही सुंदरीकरण के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद अमृत सरोवर का सपना साकार होता नजर नहीं आ रहा है। जबकि यहां पर झंडारोहण चबूतरा बनाकर अमृत सरोवर पूर्ण होना भी दिखा दिया गया है। जनपद में दर्जनों अमृत सरोवर केवल झंडारोहण तक सिमट कर रह गया है। अमृत सरोवर के नाम पर लाखों रुपए भले ही खर्च कर दिए गए हो, लेकिन उसकी सुंदरता दिखाई नही पड़ रही है। तालाब किनारे बनाए गए सीमेंट सीट भी कहीं ढूंढे नहीं मिल रहे।अमृत सरोवर के तहत सौंदर्यीकरण कराए जाने वाले तालाब के चारों तरफ झाड़ झँखाड़ लगा हुआ है। ग्रामीणों ने दबी जुबान से नाम न छापने की शर्त पर बताया कि साफ सफाई व मरम्मत के नाम पर शासन से मिले पैसे का बंदरबांट कर लिया जाता है।ग्रामीणों का आरोप यह भी है कि तालाबों की ओर कोई देखना भी मुनासिब नहीं समझ रहा है। तालाबों की दुर्दशा सुधारने और ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने के लिए मनरेगा के तहत लाखों रुपए खर्च किए गए। लेकिन तालाबों की सूरत नहीं बदल सकी।

## सीएम ने किया मिशन शक्ति फेज-4 का शुभारंभ सांसद की अध्यक्षता में देखा गया लाइव प्रसारण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति अंतर्गत मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-4) का औपचारिक शुभारंभ शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा लोक भवन लखनऊ से किया गया। जिसका लाइव प्रसारण लोहिया कला भवन में सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक श्यामधनी राही, विधायक विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार एवं महिला पुलिस बल की जवान, स्वयं सहायता समूह की महिलाये तथा अन्य लोगो द्वारा लाइव देखा गया।

मिशन शक्ति के अंतर्गत मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-4) का अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी है। नवरात्रि के दिनो में शक्ति की आराधना की जाती है। महिलाये शक्ति का स्वरूप होती है। मॉ के पैरो में जन्नत होती है। मुख्यमंत्री जी द्वारा नारी शक्तियों का सम्मान किया जा रहा है। पूरे प्रदेश में सुरक्षा का माहौल है। भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सांसद ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु बधाई दी। विधायक श्याम धनी राही ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी महिलाओ को सुरक्षा देने का काम कर रहे है। आज हमारी बहन बेटियां सड़को पर निकलती है। अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रही है। सभी पात्र को निःशुल्क राशन दिया जा रहा है। सभी को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि आज सभी माताएं बहने एवं बेटियां अपने आप को सुरक्षित महसूस करती है तथा बिना किसी भय के कही भी आ जा सकती है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि मिशन शक्ति 4.0 का शुभारम्भ शारदीय नवरात्रि से एक दिन पूर्व हो रहा है। यह प्रयास है कि मातृ शक्ति के योगदान को स्वीकार किया जाये। महिला सुरक्षा हेतु सभी विभाग की महिला कर्मचारीगण लोगो को जागरूक करेगी। प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगो को योजनाओ के बारे में जानकारी दी जायेगी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मिशन शक्ति 4.0 का यह कार्यक्रम 10 दिनो तक चलेगा। इससे सभी ग्राम पंचायतो को जोड़ा जायेगा। पंचायत भवन पर हेल्प डेस्क बनाया गया है।

सभी प्रकार की योजनाओ के बारे में लोगो को जागरूक किया जायेगा। इस दौरान अतिथियों द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगलायोजना की लाभार्थी अंकिता शुक्ला, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की लाभार्थी खुशी, अभिनव, आंचल, अविनाथ को प्रमाण पत्र एवं अंग वस्त्र तथा स्वयं सहायता समूह की पूनम यादव, मनोरमा यादव, विजय लक्ष्मी, सुनीता, राजकुमारी, विजय लक्ष्मी व पूजा को डमी चेक दिया गया।

## कम्पोजिट विद्यालय भारत भारी ग्लोबल हैंडवाश डे मनाया गया

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जनपद के डुमरियागंज विकास क्षेत्र अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय भारत भारी में छात्र छात्राओं का हाथ धुलवाकर ग्लोबल हैंडवाश डे मनाया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद नदीम ने सभी छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी को कुछ महत्वपूर्ण कार्य करने के पहले एवं बाद में अपने हाथों को साबुन से अवश्य धुलना चाहिए। उन्होंने बताया कि साबुन और पानी से हाथ धोने के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए हर साल 15 अक्टूबर को ग्लोबल हैंडवाशिंग डे का विश्वव्यापी अभियान चलाया जाता है। इस दिन लोगों को साबुन से ठीक से हाथ धोने के लाभों के बारे में जागरुक करने और हाथ की स्वच्छता के लिए स्वस्थ उपाय अपनाने के लिए समर्पित है। यह एक वैश्विक वकालत दिवस है जो बीमारियों को रोकने और जीवन बचाने के प्रभावी और स्वस्थ तरीके के रूप में साबुन से हाथ धोने के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। इस दिन विद्यालय में बच्चों को हाथ धोने व साफ सफाई के प्रति जागरूकता फैलाने के लिये अभियान चलाया गया है। विद्यालय के बच्चों में स्वच्छता के प्रति व्यवहार में गुणात्मक परिवर्तन देखा जा रहा है एवं लगातार हाथ धोने से कई बीमारियों पर भी नियंत्रण पाया जा रहा है।

## लखनऊ में पहली बार

लखनऊ में पहली बार हो रहे विश्व क्रिकेट कप की धूम और उत्साह लखनऊ में देखने लायक थी। बेगानी शादी में अब्दुल्ला दिवाना जैसे स्थिति थी। खेल के स्प्रिट के लिहाज से यह सर्व भौमिकता बहुत अच्छी बात है। मैच साऊथ आफ्रीका और आस्ट्रलिया के बीच था। लेकिन दर्शकों की भीड़ देख लग रहा था। यह भारतीय टीम का मैच है।

इकाना स्टेडियम विश्व के बेहतरीन स्टेडियम में शुमार होता है और शहर कें गौरव में चार चांद लगाता है। स्टेडियम के मैदान के कुछ समय पहले बीसीसीआई के निर्देशन में नये सिरे से सवारा गया था। इस काम को लिये नये पिच क्यूरेटर की नियुक्ति हुई। तीन महीने तक कड़ी मेहनत के उपरान्त इच्छित पिच तैयार हुई। परीक्षण के लिये सितम्बर में यूपीसीए की ओर से मैच कराया गया था। 40 ओवर के मैच में टीमो ने स्कोर को 250 के ऊपर तक पहुचा दिया। पर पिच की असली परीक्षा इन्टरनेशनल मैच से होनी थी। जिससे पिच की सही स्थिति सामने आये। विश्वकप के दस्वें मुकाबले में पिच ने आशा के अनुरूप नतीजे दिखेगे। 11 नवम्बर 2010 में वेस्ट इन्डिज ने अफगानिस्तान के खिलाफपांच वीकेट पर 253 रन बनाये थे। विदेशी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिये भारी भीड़ भी इकाना स्टेडियम आई थी। दर्शकों ने चौके और छक्के पर जोश बढ़ाने वाली तालियां बजाई। भारतीयों की तालियां सुन लग रहा था। जैसे भारत खेल रहा है।

भीड़ का यह आलम था कि दोपहर से पहले लोग स्टेडियम पहुंचने लगे। टिकट लेकर प्रवेश गेट पर दोपहर से ही खड़े हो गये। हालाकि मैच दिनरात का था। स्टेडियम के बाहर भारी उत्साह छलक रहा था। मैच देखने आये विदेशी भारतीयों का यह उत्साह देख कर आश्चर्य चकित थे, खुश भी थे। भारतीय विदेशी खिलाड़ी मिलकर खूब फोटो और सेल्फी का सेशन कर रहे थे। भारतीयों के उत्साह में बहकर एक विदेशी दर्शक भारतीयों के साथ मिल कर भारत माता की जय, वन्दे मातरम और जय श्री राम का नारे लगाते भी दिखे। जैसे उन्होंने भारतीय गैर भारतीय के बटवारे को भूलकर विश्वबन्धुत्व पर उतर आये हो और मोदी जी के नारे की सत्यता दिखा रहे हो कि विश्व एक परिवार है। देशी विदेशी भाव गौण है। एकने तो एक बच्चे को कन्धे पर बिठा कर खूब मस्ती दिखाई। शाम होते होते दर्शको की संख्या अचानक बढ़ गई। स्टेडियम में वन्देमातरम का शोर बड़े जोर शोर से गूंज रहे थे।

आईपीएल के दौरान इकाना पिच को लेकर धीमी कह कर खूब आलोचना हुई है। लेकिन अटल बिहारी इकाना स्टेडियम पिच का सुधार के बाद धीमी पिच की अशंका दूर हो गई क्योकि खूब जमकर रन बरसे दक्षिण अफ्रीका ने आस्ट्रेलिया के खिलाफपहले बल्लेबाजी करते हुये उसे 311 रनो का लक्ष्य दिया। आस्टेऊलिया की टीम मजबूत टीमों में शुमार होती है, साउथ अफ्रीका का भी खेलो में अलग रूतबा है। दोनो की प्रतिस्पर्धा देख शहर खुशी से झूम रहा था। इतना उत्साह कभी कमी ही दिखता है। वैसे आजकल क्रिकेट की दिवानगी सबसे ऊपर है। चेहरे पर झन्डा बनाने वालो का भी जैसे आपस में मैच हो रहा था। होड़ लगी हुई थी। मैच से आवाजाही में बाधा न पैदा हो व्यवस्था को डाइवर्ट किया गया था। दक्षिण अफ्रीका टीम आस्टेऊलिया पर इतनी भारी पड़ी कि 311 रनों के जवाब में आस्ट्रेलिया 134 रनों पर ढेर हो गई। यह है क्रिकेट का अपना आकर्षण। आखिरी बाल के पहले नतीजा नही निकाला जा सकता है।

## अग्रोहा समाज के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन


सुरेश सिंह बैस शाश्वत

पतंगों की तरह इस विश्व रंगमंच पर प्राणी आते हैं और चले जाते हैं। जातियां उत्पन्न होती है अपना विकास कर चरमोन्नति के पश्चात काल के गाल में समाकर समाप्त हो जाती है, यदि कुछ रह जाता है तो वह है उनके द्वारा किए गये कार्यों की कर्म गाथा। महाराजा अग्रसेन की भी गाथा और उनका यशोगान अमर है। हजारों वर्ष पूर्व इस धरती पर अवतरित हुये राजाधिराज अब भी अपनी प्रजावत्सलता न्याय, दानशीलता, धार्मिकता एवं लोकोपकारी प्रवृत्तियों और श्रेष्ठ आदर्शों के कारण याद किये जाते हैं। महाराज अग्रसेन द्वारा अर्जित राज्य की सीमायें पश्चिम में मारवाड़, दक्षिण में अग्रोहां, पूर्व में आगरा तथा उत्तर में हिमालय की तराइयों तक विशाल भूभाग में फैला एक बड़ा देश था। महाराज अग्रसेन, अपने राज्य की सुदृढ़ व्यवस्था के लिये राज्य को हिसार, नारनोद, रोहतक, हांसीलोग सिरसा, दिल्ली, मेरठ जगाधारी, अमृतसर, उदयपुर, अलवर आदि अट्ठारह भागों में विभक्त कर दिया था। वे सभी छोटे छोटे प्रांत महासंघ के ही हिस्सा थे एवं पूरे देश की बागडोर अंतिम रूप से अग्रसेन के हाथों में सुरक्षित थी। इन अठारह राज्यों के स्थानीय शासन -प्रशासन संचालन के लिये प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई थी। इन प्रतिनिधियों को महाराज अग्रसेन पुत्रवत स्नेह देते थे। महाराज अग्रसेन का एक सिद्धांत काफी सर्वप्रिय था। वह था सर्वधर्म समभाव की तरह सर्वजन समभाव। वे किसी भी प्रजा को अपने राज्य में निर्धन नहीं देखना चाहते थे। सभी को सुखी एवं संपन्न देखना उनका सपना एवं कार्य था। तभी तो प्रजा ने भी उनके सिद्धांतों को समग्र रूप से अपना कर उसे व्यावहारिकता का जामा पहना दिया था। नियमानुसार राज्य में आने वाले सभी निर्धनों को वहां के लोग एक एक स्वर्ण मुद्रा देकर अपने समान बना लेते थे ताकि राज्य में आने वाला निर्धनता का अनुभव न करे। ऐसी अप्रतिम व्यवस्था और ऐसी उदार मनोभावना का प्रचार प्रसार सर्व साधारण में आज के इस प्रगतिशील, उन्नत तथा विश्व बंधुत्व की भावना से ओत प्रोत इस युग में भी नहीं देखा जा सका है। अन्य उदाहरण भी इतिहास के पन्नों को पलटने पर नहीं मिलता कि किसी राज्य में नव आगंतुकों को एक ईट एक स्वर्ण मुद्रा देकर अपने समान बना लेने की महाराजा अग्रसेन के जैसे शासन प्रणाली लागू की गई होगी। महाराज अग्रसेन एक राजा के पहले एक मानव थे और व्यक्तिगत रूप से भी इन गुणों, आदर्शों व महान कार्यों की दृष्टि से काल की सीमाओं में नहीं बांधे जा सकते। ऐसा माना जाता है कि पौराणिक महायुद्ध महाभारत के कुछ समय बाद व आज से लगभग पांच हजार वर्ष पूर्व अग्रसेन द्वारा अग्रवाल (बनिया) समाज की स्थापना की गई थी। यह अग्रसेन की कुशल नीति का व उनकी दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि उनके द्वारा स्थापित समाज आज भी समय की गति को पहचानते हुए युगानुकूल ताल के साथ ताल मिलाकर युग को नवीन गति देने में संलग्न है। अनेक सभ्यताएं नष्ट हो गई। रोम और युनान की सभ्यता अब केवल इतिहास की पुस्तकों में ही सिमटकर रह गई है किन्तु अग्रजाति का अस्तित्व आज भी फल फूल रहा है, गौरवान्वित हो रहा है।

महाराजा अग्रसेन ने राज्य तंत्रवादी परम्परा को त्यागकर. समाजवाद के समन्वयवादी सिद्धांतों को बड़ी आत्मीयता से आत्मसात किया। अपनी प्रजा को मन से, हृदय से बड़े सहजरुप में इसे अपना लेने के लिये साथ ले लिया था। प्रजा ने भी उनके सिद्धांतों को व्यवहारिकता का रूप देने ने कभी आनाकानी नहीं की अर्थात - जैसा राजा वैसी प्रजा वाली कहावत को चरितार्थ करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। आज इस स्वार्थ भरे माहौल में जीने वाले लोगों को अपने इस गौरवपूर्ण अतीत से शिक्षा लेनी होगी। समाज के देश के धनी लोग अगर निर्धनों पर कृपा दृष्टि करें। उनकी सहायता करें तो असंभव नहीं है कि हमारा समाज हमारा देश फिर उसी गौरवशाली समतापूर्ण स्वरूप को पा जाये। आज अग्रसेन जयंती के पावन पर्व पर सभी को संकल्प लेना चाहिये कि हम सामाजिक, आर्थिक, - राजनीतिक, धार्मिक, चिकित्सकीय, परोपकार, सहयोग एवं समानता सहित सभी जग हितार्थ कार्यों में मानव समाज के कल्याण एवं प्रगति के कार्य करने के लिये आगे आयें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

दुर्गाशप्तशती के दूसरे अध्याय में देवी स्वरूप का वर्णन करते हुए बतलाया गया है। भगवान शंकर के तेज से उस देवी का मुख प्रकट हुआ। यमराज के तेज से मस्तक के केश, विष्णु के तेज से भुजाएं, चन्द्रमा के तेज से स्तन, इंद्रा के तेज से कमर, वरुण के तेज से जंघा, पृथ्वी के तेज से नितम्ब, ब्रह्म के तेज से चरण, सूर्य के तेज से दोनों पैरों की अंगुलियां, वसुओं के तेज से दोनों हाथों की अंगुलियां, प्रजापति के तेज से सम्पूर्ण दांत, अग्नि के तेज से दोनों नेत्र, संध्या के तेज से भौहें, वायु के तेज से कान, अन्य देवताओं के तेज से देवी के भीं- भीं अंग बने।

# शक्ति की विजय का महापर्व


हर्षवर्धन पाण्डे

एक ही परम तत्व परमपुरुष पराशक्ति के रूप में सर्वत्र व्यापक है। श्रुतियों, शास्त्रकारों ने एक ही चिरंतन शक्ति को कभी पुरुष के रूप में तो कभी देवी के रूप में स्वीकारा है। सब के घट में एक समान विराजमान वह दिव्य शक्ति जो प्रकाश के रूप में हमेशा मौजूद रहती है जिसे 'जीवन शक्ति' कहा जाता है और उसका दर्शन होना ही 'शक्ति' की आराधना है। दुष्टों का संहार करके भक्तों की रक्षा करने हेतु कभी काली तो कभी दुर्गा या फिर राम और कृष्ण के रूप में उस शक्ति का अवतरण इस धरा पर हुआ है।

मां अम्बे की पूजा - अर्चना का विधान वेद, पुराण, उपनिषदों हिन्दुओं के अन्य धर्मशास्त्रों में भी मिलता है। वेदों में कहा गया है, ब्रह्म एक था, उसमें इच्छा हुई, एक से अनेक होने की, और इस सृष्टि का निर्माण हुआ लेकिन अनेक होने के बाद भी उसके एकत्व में कोई अंतर नहीं पड़ा। जैसे कोई बीज एक होता है, किंतु समय पाकर एक से अनेक हो जाता है। पहले अंकुर फूटता है। फिर तना, डालियाँ, पत्ते, फूल, फल और अंत में बीज रूप में वह अनेक हो जाता है। हर बीज उस पूर्व बीज के ही समान है। उसमें भी अनेक होने की पूरी सम्भावनाएं हैं। जैसे अंकुर, तना, या डालियाँ, फूल आदि सभी उस बीज में से ही निकले हैं, पर वे बीज नहीं हैं। इसी प्रकार ब्रह्म से ही जड़ जगत, वृक्ष, पशु, पंछी आदि हुए हैं पर वे ब्रह्म के एकत्व का अनुभव नहीं कर सकते। केवल मानव को ही यह सामर्थ्य है कि वह फूल की तरह खिले, फिर उसमें भक्ति व ज्ञान के फल लगें और उसके भीतर ब्रह्म रूपी बीज का निर्माण हो सके। वेद में एकोएहं बहुस्याम और अजाय मानों बहुधा ब्यजायत के रूप में और देवी पुराण में सा वाणी साच सावित्री विप्राधिष्ठात वहां सर्व दुर्गा के रूप में संस्थापित है। मार्कण्डेय पुराण में स्वयं मान जएकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा। पश्यैता दुष्ट मय्येव विशन्त्यो मद्विभूतयः अर्थात मैं ही दुर्गा हूँ, सर्व शक्ति स्वरूपा हूँ और मुझमें ही पूरी सृष्टि विलीन है। आशय यह है कि यह विशाल सृष्टि उत्पन्न होती है, बढ़ती है, विभिन्न रूपों में परिवर्तित होती है और अंत में विनिष्ट हो जाती है।

देवी पुराण में एक बड़े रोचक कथा प्रसंग की चर्चा की गयी है। अक्सर भ्रम में पड़ जाने वाले देवर्षि नारद को एक बार भ्रम हो गया। ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों सर्वश्रेष्ठ हैं तो भला ये तीनों किस महाशक्ति का स्मरण करते हैं ? नारद जी अपने सन्देश निवारण हेतु शिव के पास गए और बोले मुझे ब्रह्मा, विष्णु और महेश से बढ़कर कोई अन्य देवता नहीं दिखाई देता है फिर आप तीनों से ऊंचा कौन है जिसकी उपासना और स्मरण आप करते हैं? शिव मुस्कुराये और बोले हे ऋषिवर सूक्ष्म और शूल शरीर से परे जो महाप्राण आदिशक्ति (जगदम्बा) है वही तो परब्रह्म स्वरुप है - वह केवल अपनी इच्छा मात्र से ही सृष्टि की रचना, पालन और संहार करने में समर्थ है। वस्तुतः वह आदिशक्ति (दुर्गा) निर्गुण स्वरूप है



परन्तु उसे किसी भी रूप मे मन समय -समय पर धर्म की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए साकार होना पड़ता है। इसी समय-समय पर ,पार्वती दुर्गा , काली , चंडी , सरस्वती आदि अवतार धारण किये हैं। इसी जगत जननी का सभी देव स्मरण करते हैं।

वैसे भी आदिशक्ति स्वरुप दुर्गा में सभी देवताओं का कुछ न कुछ अंश शामिल है। दुर्गाशप्तशती के दूसरे अध्याय में देवी स्वरुप का वर्णन करते हुए बतलाया गया है। भगवान शंकर के तेज से उस देवी का मुख प्रकट हुआ। यमराज के तेज से मस्तक के केश, विष्णु के तेज से भुजाएं, चन्द्रमा के तेज से स्तन, इंद्रा के तेज से कमर, वरुण के तेज से जंघा, पृथ्वी के तेज से नितम्ब, ब्रह्म के तेज से चरण, सूर्य के तेज से दोनों पैरों की अंगुलियां, वसुओं के तेज से दोनों हाथों की अंगुलियां, प्रजापति के तेज से सम्पूर्ण दांत, अग्नि के तेज से दोनों नेत्र, संध्या के तेज से भौहें, वायु के तेज से कान, अन्य देवताओं के तेज से देवी के भीं- भीं अंग बने। इसी प्रकार सभी अमोघ शक्तियों से दुर्गा के रूप में एक आदिशक्ति का सृजन किया गया इसलिए यह स्वरुप सभी देवताओं के लिए स्मरणीय हो गया।

जो विद्वानों के के लिए स्मरणीय हो वह लोगों के लिए विस्मरणीय भला कैसे हो सकता है। परिणामतः कलियुग में भी आज दो नवरात्रि के रूप में माँ जगदम्बा की पूजा जारी है। शारदीय और वासंतीक नवरात्र। शारदीय नवरात्र आश्विन मास में और वासंतिक नवरात्र चैत्र माह में होते हैं। यूँ तो चैत्र वर्ष प्रतिपदा से हिन्दुओं का नया संवत्सर शुरू होता है लेकिन दोनों नवरात्र का हमारी सनातन संस्कृति में समान महत्व है। शारदीय और वासंतीक नवरात्र दोनों में नौ दिन और नौ रातों तक मान जगदम्बे भगवती के नौ अलग -अलग रूपों की पूजा की जाती है।

यह आज तक रहस्य बना हुआ है कि दुर्गा की पूजा सबसे पहले राम ने की या किसी और ने, लेकिन इतना तय है लंका पर चढ़ाई और रावण वध से पहले राम ने आदिशक्ति स्वरूप मानकर दुर्गा जी की पूजा की। यह स्थान भी रामेश्वरम के नाम से जाना जाता है। नवरात्र महोत्सव आसुरी शक्ति पर दैवीय शक्ति की विजय का प्रतीक है। नवरात्र में प्रथमा से लेकर नवमी तक शक्ति के 9 स्वरूपों की पूजा -अर्चना होती है। ये नौ शक्तियां बहनों का स्वरुप हैं और इन नौ शक्तियों के विभिन्न नाम रूप के कारण शारदीय नवरात्र उत्सव का उल्लास देखते ही बनता है। नवरात्र की पूरे देश में विशेष धूम रहती है। इन 9 दिनों में लोगों की भक्ति भावना, आस्था और शक्ति देखते ही बनती है। दर्जा माता की नौ शक्तियों के नाम हैं - शैलपुत्री , ब्रह्मचारिणी , चंद्रघटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धदात्री। नवरात्र में अंतिम दिन पर कन्या पूजा का विशेष महत्व है। नौ कुमारी कन्याओं को देवी स्वरुप मानकर लोग उनका विशेष पूजन भोजन, वस्त्रादि, उपहार देकर करते हैं।

कन्या पूजन में दो वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक की कन्याओं को पूजा जाता है। दस वर्ष से अधिक वर्ष की कन्याओं का पूजन वर्जित। दो वर्ष की कन्या कन्याकुमारी, तीन वर्ष की त्रिमूर्तिनी, चार वर्ष की कल्याणी, पांच वर्ष की रोहिणी, छह वर्ष की; काली, सात वर्ष की चंडिका, आठ वर्ष की शम्भवी, नौ वर्ष की दुर्गा और दस वर्ष की सुभद्रा स्वरूपा मानी गयी है। इस साल नौ शुभ योग में नवरात्रि शुरू हो रही है। ऐसी स्थिति पिछले 400 सालों में कभी नहीं बनी। इस बार नवरात्रि का हर दिन शुभ रहेगा। 15 अक्टूबर से शुरू होने वाली नवरात्रि अखंड रहेगी। अंग्रेजी -तारीख और तिथियों का ठीक तालमेल होने से एक भी तिथि कम नहीं होगी। इस तरह पूरे नौ दिनों का शक्ति पर्व होना बहुत ही शुभ संयोग है। इस बार नवरात्र ख़ास रहेगी क्योंकि मातारानी हाथी पर सवार होकर आएंगी। हाथी का संबंध विघ्नहर्ता गजानन गणेश जी महाराज और देवी महालक्ष्मी से भी है। इस कारण इन दिनों होने वाले कार्य फायदा देने वाला रहेंगे । इस तरह देवी का आगमन तमाम कष्टों, विघ्न बाधाओं से मुक्ति का संकेत दे रहा है। हर नवरात्रि में देवी की सवारी बदल जाती है । देवी का वाहन तो शेर ही होता है, लेकिन देवी भागवत और अन्य ग्रंथों के मुताबिक हर नवरात्रि में देवी की सवारी अलग-अलग होती है। देवी की सवारी नवरात्रि के पहले दिन से तय होती है।

# सैकड़ों वर्षों बाद नौ शुभ योग में नवरात्र


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत आध्यात्मिक, आस्था का प्रतीक रहा है, जो हजारों वर्षों पूर्व के इतिहास में दर्ज है,जिसे हम कहानियों मान्यताओं के रूप में अपने पूर्वजों, पूर्वज पीडियों और वर्तमान में बड़े बुजुर्गों से सुनते आ रहे हैं। भारत एक सर्वधर्म धर्मनिरपेक्ष देश है जहां हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सहित अनेकों जातियों प्रजातियों उपजातियों द्वारा अपने-अपने स्तर व मान्यताओं के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। किसी को कोई पाबंदी नहीं है, यही भारतीय संविधान की खूबसूरती है, यह हम आज इसलिए कह रहे हैं क्योंकि 15 से 23 अक्टूबर 2023 तक शुभ नवरात्रा दिवस हैं जो प्रतिवर्ष अक्टूबर महीने की भिन्न-भिन्न तिथियां में मनाए जाते हैं। यह किसी एक राज्य में नहीं बल्कि अनेक राज्यों में गहरी आस्था के साथ मनाया जाता है। इस अवधिमें कठोर व्रत रखा जाता हैअपनीअपनी मान्यता सार्थकता के अनुसार- चप्पल नहीं पहनना, बाल शेविंग नहीं बनाना, नीचे धरती पर सोना,, ब्रह्मचर्य रहना मौन धारण करना सहित अपनी शक्ति के अनुसार अनेक प्रकारों की के बातों से दूर रहने का पालन अपनीमनोकामना पूरा करने, फल की चाहना के लिए मां दुर्गा काली से कामना करते हैं। इस वर्ष 15 से 23 अक्टूबर 2023 को 400 वर्षों बाद 9 दिन शुभ वाली स्थिति आई है जिसमें नवरात्र के 9 दिन ही खरीदी, निवेश सबसे अधिक फायदेमंद होने की बात धार्मिक विशेषज्ञों द्वारा बताई गई है तथा एक

**इस वर्ष 15 से 23 अक्टूबर 2023 को 400 वर्षों बाद 9 दिन शुभ वाली स्थिति आई है जिसमें नवरात्र के 9 दिन ही खरीदी, निवेश सबसे अधिक फायदेमंद होने की बात धार्मिक विशेषज्ञों द्वारा बताई गई है तथा एक महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार मां दुर्गा गज यानें हाथी पर विराजमान होकर आ रही है।**

महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार मां दुर्गा गज यानें हाथी पर विराजमान होकर आ रही है। कुछ वर्षा साथ लेकर व विसर्जन के दौरान भी वर्षा का योग है। चूंकि इस वर्ष 9 दिन की नवरात्रा विशेष महत्वपूर्ण योग लेकर आई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में नवरात्र उत्सव कष्टों से मुक्ति, सुख समृद्धि का प्रतीक है। इस वर्ष 9 शुभ योग में नवरातत्रा के कारण खरीदी, निवेश फायदेमंद होंगे, ऐसा धार्मिक विशेषज्ञों का अनुमान है।

साथियों बात अगर हम इस बार 15 -23 अक्टूबर 2023 को माता की सवारी और उसके महत्व की करें तो, इस बार शारदीय नवरात्रि की शुरुआत रविवार से हो रही है और जब रविवार के दिन से नवरात्रि शुरू होती है तो माता का वाहन हाथी होता है। हाथी पर सवार होकर माता का आगमन अधिक वर्षा का संकेत देता है। वैसे तो अलग अलग वार याने दिन के अनुसार नवरात्रि में मां दुर्गा के वाहन डोली, नाव, घोड़ा, भैंसा, मनुष्य व हाथी होते हैं, मान्यता के अनुसार यदि नवरात्रि सोमवार या रविवार से शुरू हो रही है तो मां दुर्गा का वाहन हाथी होता है, जो अधिक वर्षा के संकेत देता है। वहीं यदि नवरात्रि मंगलवार और शनिवार शुरू होती है, तो मां का वाहन घोड़ा होता है, जो सत्ता परिवर्तन का संकेत देता है। इसके अलावा गुरुवार या शुक्रवार से शुरू होने पर मां दुर्गा डोली में बैठकर आती हैं जो रक्तपात,




तांडव, जन-धन हानि का संकेत बताता है। वहीं बुधवार के दिन से नवरात्रि की शुरुआत होती है, तो मां नाव पर सवार होकर आती हैं। नाव पर सवार माता का आगमन शुभ होता है। अगर नवरात्रि का समापन रविवार और सोमवार के दिन हो रहा है, तो मां दुर्गा भैंसे पर सवार होकर जाती हैं, जिसे शुभ नहीं माना जाता है। इसका मतलब होता है कि देश में शोक और रोग बढ़ेंगे। वहीं शनिवार और मंगलवार को नवरात्रि का समापन हो तो मां जगदंबे मुर्गे पर सवार होकर जाती हैं। मुर्गे की सवारी दुख और कष्ट की वृद्धि को ओर इशारा करता है। बुधवार और शुक्रवार को नवरात्रि समाप्त होती है, तो मां की वापसी हाथी पर होती है, जो अधिक वर्षा को ओर संकेत करता है। इसके अलावा यदि नवरात्रि का समापन गुरुवार को हो रहा है तो मां दुर्गा मनुष्य के ऊपर सवार होकर जाती हैं, जो सुख और शांति की वृद्धि की ओर इशारा करता है।

साथियों बात अगर हम नवरात्र उत्सव आगमन की मान्यताओं की करें तो इस वर्ष नौ शुभ योग हैं। सितारों की ऐसी स्थिति पिछले 400 सालों में नहीं बनी।इस बार नवरात्रि का हर दिन शुभ रहेगा। इन दिनों में प्रॉपर्टी खरीदने से लेकर नया बिजनेस शुरू करने तक हर मुहूर्त रहेगा। इन दिनों में सिर्फ पूजा-पाठ ही नहीं होती, नई शुरुआत और खरीदारी के लिए भी ये दिन बहुत शुभ होते हैं। 15 अक्टूबर से शुरू होने वाली नवरात्रि अखंड रहेगी यानी अंग्रेजी तारीख और तिथियों का ठीक तालमेल होने से एक भी तिथि कम नहीं होगी। इस तरह पूरे नौ दिनों का शक्ति पर्व होना शुभ संयोग है।विशेष योग संयोग में गहने, नई प्रॉपर्टी की खरीद या फ्लैट बुक कराना फायदेमंद रहेगा। साथ ही नए कामों की शुरुआत करना भी सफलतादायक रहेगा। गाड़ी, स्वर्ण, चांदी, वस्त्रत्त्, बर्तन की खरीदारी शुभ रहेगा. वहीं आभूषण, गाड़ी, भूमि, भवन, गृह सामग्री फ्रिज, टीवी आदि खरीदना शुभ साबित होगी. अपने पसंदीदा सामान की इस दौरान खरीदारी कर घरों में खुशियां ला सकते हैं। शारदीय नवरात्रि के साथ ही खरीदारी और निवेश के लिए भी शुभ समय की शुरुआत हो चुकी है। देवी दुर्गा का आगमन कष्टों से मुक्ति का संकेत दे रहा है। ये सुख-समृद्धि का प्रतीक है. हाथी का संबंध विघ्नहर्ता गणेश और देवी महालक्ष्मी से भी है। इस कारण इन दिनों की गई खरीदारी शुभ होगी और निवेश लंबे समय तक फायदा देने वाला रहेगा। तिथि, वार और नक्षत्रों से मिलकर सर्वार्थसिद्धि, राजयोग, त्रिपुष्कर, अमृतसिद्धि और रवियोग बन रहे हैं. इन शुभ संयोगों से सुख और समृद्धि बढ़ेगी।

साथियों बात अगर हम नौ शुभ तिथियों और शारदीय नवरात्र की तिथियों की करें तो, 15 अक्टूबर - पद्म और बुधादित्य योग, 16 अक्टूबर - छत्र योग, स्वाती नक्षत्र और भद्रा तिथि का संयोग 17 अक्टूबर - प्रीति, आयुष्मान और श्रीवत्स योग 18 अक्टूबर - सर्वार्थसिद्धि और अमृतसिद्धि योग 19 अक्टूबर - ज्येष्ठा नक्षत्र और पूर्णा तिथि संयोग 20 अक्टूबर ङ्क रवियोग, षष्ठी तिथि और मूल नक्षत्र का संयोग

21 अक्टूबर - त्रिपुष्कर योग। 22 अक्टूबर - सर्वार्थसिद्धि और रवियोग 23 अक्टूबर - सर्वार्थसिद्धि और रवियोग (2) शारदीय नवरात्रि की तिथियां -15 अक्टूबर 2023 - मां शैलपुत्री (पहला दिन) प्रतिपदा तिथि 16 अक्टूबर 2023 - मां ब्रह्मचारिणी (दूसरा दिन) द्वितीया तिथि 17 अक्टूबर 2023 - मां चंद्रघंटा (तीसरा दिन) तृतीया तिथि 18 अक्टूबर 2023 - मां कुष्मांडा (चौथा दिन) चतुर्थी तिथि 19 अक्टूबर 2023 - मां स्कंदमाता (पांचवा दिन) पंचमी तिथि 20 अक्टूबर 2023 - मां कात्यायनी (छठा दिन) षष्ठी तिथि 21 अक्टूबर 2023 - मां कालरात्रि (सातवां दिन) सप्तमी तिथि 22 अक्टूबर 2023 - मां महागौरी (आठवां दिन) दुर्गा अष्टमी 23 अक्टूबर 2023 - महानवमी, (नौवां दिन) शरद नवरात्र व्रत पारण 24 अक्टूबर 2023 - मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन, दशमी तिथि (दशहरा)। साथियों बात कर हम कन्याओं और देवी के शास्त्रों की पूजा की करें तो, अष्टमी को विविध प्रकार से मां शक्ति की पूजा करें. इस दिन देवी के शस्त्रों की पूजा करनी चाहिए. इस तिथि पर विविध प्रकार से पूजा करनी चाहिए।

# महाराजा अग्रसेन समाजवादी व्यवस्था के अग्रदूत थे


ललित गर्ग

कुशल शासकों की कीर्ति किसी एक युग तक सीमित नहीं रहती। उनका लोकहितकारी चिन्तन कालजयी होता है और युग-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता है। ऐसे शासकों से न केवल जनता बल्कि सभ्यता और संस्कृति भी समृद्ध और शक्तिशाली बनती है। ऐसे शासकों की दृष्टि में सर्वोपरि हित सत्ता का न होकर समाज एवं मानवता होता है। ऐसे ही महान् शासक थे महाराजा अग्रसेन। वे कर्मयोगी लोकनायक तो थे ही, संतुलित एवं आदर्श समाजवादी व्यवस्था के निर्माता भी थे। वे समाजवाद के प्रणेता, गणतंत्र के संस्थापक, अहिंसा के पुजारी व शांति के दूत थे। सचमुच उनका युग रामराज्य की एक साकार संरचना था जिसमें उन्होंने अपने आदर्श जीवन कर्म से, सकल मानव समाज को महानता का जीवन-पथ दर्शाया। उस युग में न लोग बुरे थे, न विचार बुरे थे और न कर्म बुरे थे। राजा और प्रजा के बीच विश्वास जुड़ा था। वे एक प्रकाश स्तंभ थे, अपने समय के सूर्य थे जिनकी जन्म जयन्ती आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा अर्थात नवरात्री के प्रथम दिन यानी इस वर्ष में अग्रसेन जयंती 15 अक्टूबर, 2023 को मनाई जाएगी।

महाराजा अग्रसेन अग्रवाल जाति के पितामह थे। धार्मिक मान्यतानुसार इनका जन्म मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्रीराम की चौंतीसवी पीढ़ी में सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल के प्रतापनगर के महाराजा वल्लभ सेन के घर में द्वापर के अन्तिमकाल और कलियुग के प्रारम्भ में आज से लगभग 5187 वर्ष पूर्व हुआ था। अग्रसेन महाराज वल्लभ के ज्येष्ठ पुत्र थे। महाराजा अग्रसेन के जन्म के समय गर्ग ऋषि ने महाराज वल्लभ से कहा था, कि यह बहुत बड़ा राजा बनेगा। इसके राज्य में एक नई शासन व्यवस्था उदय होगी और हजारों वर्ष बाद भी इनका नाम अमर होगा। महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले व्यक्ति की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक निवासी उसे एक रुपया व एक ईंट देगा, जिससे आसानी से उसके लिए निवास स्थान व व्यापार का प्रबंध हो जाए। महाराजा अग्रसेन ने एक नयी व्यवस्था को जन्म दिया, उन्होंने पुनः वैदिक सनातन आर्य संस्कृति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य की पुनर्गठन में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की पुनः प्रतिष्ठा का बीड़ा उठाया।

महाराज अग्रसेन ने 108 वर्षों तक राज किया। महाराज अग्रसेन ने एक ओर हिन्दू धर्म ग्रंथों में वैश्य वर्ण के लिए निर्देशित कर्म क्षेत्र को स्वीकार किया और दूसरी ओर देशकाल के परिप्रेक्ष्य में नए आदर्श स्थापित किए। उनके जीवन के मूल रूप से तीन आदर्श हैं- लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था, आर्थिक समरूपता एवं सामाजिक समानता। एक निश्चित आयु प्राप्त करने के बाद कुलदेवी महालक्ष्मी से परामर्श पर वे आग्रेय गणराज्य का शासन अपने ज्येष्ठ पुत्र के हाथों में

**महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले व्यक्ति की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक निवासी उसे एक रुपया व एक ईंट देगा, जिससे आसानी से उसके लिए निवास स्थान व व्यापार का प्रबंध हो जाए।**



सौंपकर तपस्या करने चले गए। व्यक्ति, समाज, राष्ट्र तथा जगत की उन्नति मूल रूप से जिन चार स्तंभों पर निर्भर होती हैं, वे हैं- आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक व सामाजिक। अग्रसेनजी का जीवन-दर्शन चारों स्तंभों को दृढ़ करके उन्नत विश्व के नवनिर्माण का आधार बना है। लेकिन इसे समय की विडम्बना ही कहा जायेगा कि अगणित विशेषताओं से संपन्न, परम पवित्र, परिपूर्ण, परिशुद्ध, मानव की लोक कल्याणकारी आभा से युक्त महामानव महाराज अग्रसेन की महिमा से अनभिज्ञ अतीत से वर्तमान तक के कालखण्ड ने उन्हें एक समाज विशेष का कुलपुरुष घोषित कर उनके स्वर्णिम इतिहास को हाशिए पर डाल दिया है। वर्तमान में भी उनके वंशजों की बड़ी तादाद होने और राष्ट्र के निर्माण में उनका सर्वाधिक योगदान होने के बावजूद न तो उस महान् शासक को और न ही उनके वंशजों को सम्मानपूर्ण प्रतिष्ठा प्राप्त हो पा रही है।

अग्रसेनजी सूर्यवंश में जन्मे। महाभारत के युद्ध के समय वे पन्द्रह वर्ष के थे। युद्ध हेतु सभी मित्र राजाओं को दूतों द्वारा निमंत्रण भेजे गए थे। पांडव दूत ने वृहत्सेन की महाराज पांडु से मित्रता को स्मृत कराते हुए राजा वल्लभसेन से अपनी सेना सहित युद्ध में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया था। महाभारत के इस युद्ध में महाराज वल्लभसेन अपने पुत्र अग्रसेन तथा सेना के साथ पांडवों के पक्ष में लड़ते हुए युद्ध के 10वें दिन भीष्म पितामह के बाणों से बिंधकर वीरगति को प्राप्त हो गए थे। इसके पश्चात अग्रसेनजी ने ही शासन की बागडोर संभाली। उन्होंने बचपन से ही वेद, शास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, राजनीति और अर्थ नीति आदि का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। उनका विवाह नागों के राजा कुमुद की पुत्री माधवी से हुआ। महाराजा अग्रसेन ने ही अग्रोहा राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने अपने जीवन में कई बार कुलदेवी लक्ष्मीजी से यह वरदान प्राप्त किया कि जब तक उनके कुल में लक्ष्मीजी की उपासना होती रहेगी, तब तक अग्रकुल धन व वैभव से सम्पन्न रहेगा। उनके 18 पुत्र हुए, जिनसे 18 गोत्र चले। गोत्रों के नाम गुरुओं के गोत्रों पर रखे गए।

महाराज अग्रसेन ने समाजवादी शासन व्यवस्था की स्थापना की, जिसमें किसी भी व्यक्ति की कोई आर्थिक हानि होती तो वह राजा से ऋण ले सकता था। सम्पन्न होने पर वापस दे देता था। महाराजा अग्रसेन ने 18 यज्ञ किए क्योंकि ब्राह्मण लोग अति संतोषी, यजमान के सिवाय दूसरे का दान न लेने वाले होते थे। यज्ञों द्वारा उनकी धन आदि की इच्छा पूरी हो जाती थी। हर व्यक्ति भगवान के नाम पर अपने राज्य और धार्मिक कार्यों के लिए अपनी आमदनी का दसवां भाग निकालता था। राज्य का हर व्यक्ति अपनी आजीविका अन्य साधनों या किसी व्यापार द्वारा करते थे परन्तु राष्ट्र पर विपत्ति आने के समय सब वर्ग के लोग हथियारों से युद्ध को तैयार हो जाते थे। समाज व्यववस्था उनके लिए कर्तव्य थी, इसलिए कर्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिए उसे कभी नकारा नहीं। महाराजा अग्रसेनजी की इसी विचारधारा का ही प्रभाव है कि आज भी अग्रवाल समाज शाकाहारी, अहिंसक एवं धर्मपरायण के रूप में प्रतिष्ठित है। अग्रसेनजी ने राजनीति का सुरक्षा कवच धर्मनीति को माना। राजनेता के पास शस्त्र है, शक्ति है, सत्ता है, सेना है फिर भी नैतिक बल के अभाव में जीवन मूल्यों के योगक्षेम में वे असफल होते हैं। इसीलिये उन्होंने धर्म को जीवन की सर्वोपरि प्राथमिकता के रूप में प्रतिष्ठापित किया। इसी से नये युग का निर्माण, नये युग का विकास वे कर सके। उनके युग का हर दिन पुरातन के परिष्कार और नए के सृजन में लगा था। सभ्यता, संस्कृति और संस्कारों के नए संदर्भ जुड़े। परम्परा प्रतिष्ठित हुई। रीति-रिवाजों का स्वरूप सामने आया। सबको काम, अर्थ, धर्म, मोक्ष की पुरुषार्थ चतुष्टयी की सार्थकता दिखलाई।

महाराज अग्रसेन के राज की वैभवता से उनके पड़ोसी राजा बहुत जलते थे। इसलिये वे बार-बार अग्रोहा पर आक्रमण करते रहते थे। बार-बार हार के बावजूद वे अग्रोहा पर आक्रमण करते रहे, जिससे राज्य की जनता में तनाव बना ही रहता था। इन युद्धों के कारण अग्रसेनजी के प्रजा की भलाई के कामों में विघ्न पड़ता रहता था।

# भारत में आयोजित 19वें राष्ट्रमंडल खेलों का समापन

भारत ने 1982 में एशियाई खेलों के सफल आयोजन के करीब तीन दशक के बाद इतने विशाल स्तर पर किसी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया था। खेलों के आयोजन के लिए पूरी दिल्ली में विशेष इंतजाम किए गए थे।

साल के 10वें महीने की 14 तारीख भारत में खेलों के बड़े आयोजन से जुड़ी है... दरअसल, इसी दिन 19वें राष्ट्रमंडल खेलों का समापन हुआ था। नयी दिल्ली में तीन अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2010 के बीच 19वें राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया गया था।

भारत ने 1982 में एशियाई खेलों के सफल आयोजन के करीब तीन दशक के बाद इतने विशाल स्तर पर किसी खेल प्रतियोगिता का आयोजन



किया था। खेलों के आयोजन के लिए पूरी दिल्ली में विशेष इंतजाम किए गए थे। खेलों की शुरुआत दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में हुई और 14 अक्टूबर को यहीं इनका समापन भी हुआ।

देश-दुनिया के इतिहास में 14 अक्टूबर की तारीख में दर्ज अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं का सिल सिलेवार ब्योरा इस प्रकार है 1882 लाहौर में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना। बंटवारे के बाद इसके दो हिस्से कर दिए गए थे और भारत के विश्वविद्यालय को शुरू में 'पूर्वी पंजाब विश्वविद्यालय'(ईपीयू) कहा जाता था, जो शिमला में स्थित था।

1944 जर्मन फील्ड मार्शल एरविन रोमेल ने एडोल्फ हिटलर की हत्या की साजिश में नाम आने के बाद जहर खाकर जान दी। 1964 मार्टिन लूथर किंग जूनियर को अहिंसा के सिद्धांत का पालन करते हुए रंगभेद के खिलाफ संघर्ष के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया।

1994 फलस्तीन के नेता यासिर अराफात को इजराइल के प्रधानमंत्री यित्जक राबिन और विदेश मंत्री शिमोन पेरेज के साथ नोबेल शांति पुरस्कार के लिए चुना गया। 2010 दिल्ली में तीन अक्टूबर को शुरू हुए 19वें राष्ट्रमंडल खेलों का समापन। 2014 न्यूजीलैंड के क्रिकेटर एवं पूर्व कप्तान जॉन रीड का निधन। 2021 ताइवान में एक इमारत में आग लगने से 46 लोगों की मौत।

# पीवी सिंधू संघर्षपूर्ण जीत के साथ आर्कटिक ओपन के सेमीफाइनल में

सिंधू ने इस साल बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर के किसी टूर्नामेंट में चौथी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। वह इससे पहले स्पेन मास्टर्स (फाइनलिस्ट), मलेशिया मास्टर्स और कनाडा ओपन में अंतिम चार में पहुंची थीं।


भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पहला गेम की गंवाने के बादअपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए वियतनाम की थ्यू लिन्ह गुयेन को 91 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने 20-22, 22-20, 21-18 से जीत हासिल की और इस तरह से विश्व में 26वें नंबर की खिलाड़ी और यहां गैर वरीयता प्राप्त गुयेन के चार मैचों से चले आ रहे विजय अभियान पर रोक लगा दी। पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही सिंधू सेमीफाइनल में चीन की पांचवीं वरीयता प्राप्त और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी वांग झी यी से भिड़ेंगी। सिंधू ने इस साल बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर



के किसी टूर्नामेंट में चौथी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। वह इससे पहले स्पेन मास्टर्स (फाइनलिस्ट), मलेशिया मास्टर्स और कनाडा ओपन में अंतिम चार में पहुंची थीं।

महिला एकल के अन्य सेमीफाइनल में चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त और दुनिया की नौवें नंबर की हान यू का सामना थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा। सिंधू अब इस टूर्नामेंट में अकेली भारतीय खिलाड़ी बची हुई हैं। किरण जॉर्ज, किदांबी श्रीकांत, आकर्षी कश्यप तथा अश्विनी पोनप्पा और तनिषा क्रैस्टो पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

# अब ओलंपिक में फिर से खेला जाएगा क्रिकेट, 128 सालों के बाद होगी वापसी



इस सप्ताह की शुरुआत में, एलए 2028 खेलों के आयोजकों ने इस आयोजन में क्रिकेट, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस, स्क्वैश और बेसबॉल-सॉफ्टबॉल को जोड़ने की इच्छा व्यक्त की थी। आईओसी के नियमों के अनुसार, प्रत्येक मेजबान शहर को खेलों के अपने संस्करण के लिए कई खेलों को शामिल करने का अनुरोध करने का अधिकार है।

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने शुक्रवार, 13 अक्टूबर को 2028 लॉस एंजिल्स ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की सिफारिश को मंजूरी दे दी। क्रिकेट 2028 खेलों के लिए एलए आयोजन समिति द्वारा अनुशंसित पांच खेल विषयों में से एक था और इसे मुंबई में अपनी कार्यकारी बैठक के दौरान शीर्ष ओलंपिक निकाय द्वारा अनुमोदित किया गया है। 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट के साथ-साथ बेसबॉल /सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल (नॉन-कॉन्टैक्ट अमेरिकन फुटबॉल), स्क्वैश और लैक्रोस सहित चार नए खेल भी शामिल किए जाएंगे।

इस सप्ताह की शुरुआत में, एलए 2028 खेलों के आयोजकों ने इस आयोजन में क्रिकेट, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस, स्क्वैश और बेसबॉल-सॉफ्टबॉल को जोड़ने की इच्छा व्यक्त की थी। आईओसी के नियमों के अनुसार, प्रत्येक मेजबान शहर को खेलों के अपने संस्करण के लिए कई खेलों को शामिल करने का अनुरोध करने का अधिकार है। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के अंत में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, इन प्रस्तावों को आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने एक पैकेज के रूप में स्वीकार कर लिया है। ओलंपिक में इन खेलों की स्थिति को अंतिम रूप देने में अगला कदम रविवार से शुरू होने वाला आईओसी सत्र होगा। आईओसी सत्र में बोर्ड की सिफारिश पर मुहर लगाने की आवश्यकता होगी।

दुनिया में क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ने की बात करते हुए आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा कि ओलंपिक समिति आईसीसी के साथ काम करेगी न कि किसी देश के व्यक्तिगत क्रिकेट अधिकारियों के साथ। उन्होंने कहा, आईसीसी के सहयोग से हम देखेंगे कि क्रिकेट को और अधिक लोकप्रिय कैसे बनाया जा सकता है। गौरतलब है कि भारत में क्रिकेट को बड़े पैमाने पर लोकप्रियता हासिल है। टीम खेल में वैश्विक स्तर पर दर्शकों की संख्या भी बढ़ रही है। 128 साल बाद इस खेल की वापसी होने जा रही है। आखिरी बार ओलिंपिक में यह 1900 को खेला गया था।

# ओलंपिक कोटा हासिल करने के बाद निशानेबाजों को टीम से हटाना निराशाजनक ढिल्लों

टी एस ढिल्लों का मानना है कि ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले निशानेबाजों को अगले टूर्नामेंट से बाहर रखने की भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की नीति से निशानेबाजों का मनोबल गिरता है पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता टी एस ढिल्लों का मानना है कि ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले निशानेबाजों को अगले टूर्नामेंट से बाहर रखने की भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की नीति से निशानेबाजों का मनोबल गिरता है क्योंकि प्रतिस्पर्धा के अभाव में वे बड़े टूर्नामेंटों का दबाव नहीं झेल पाते। देश के लिये अधिकतम ओलंपिक कोटा हासिल करने की कवायद में एनआरएआई ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके निशानेबाजों को या तो बाहर कर देता है या उन्हें न्यूनतम क्वाली फिकेशन स्कोर्स (एमक्यूएस) में डाल देता है जिससे वे पदक की दौड़ से बाहर हो जाते



हैं।

काहिरा में विश्व चैम्पियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक जीतकर 10 मीटर एयर राइफल में कोटा हासिल करने वाले रूद्राक्ष पाटिल को अजरबैजान के बाकू में अपने खिताब की रक्षा करने का मौका नहीं दिया गया। रूद्राक्ष, राजेश्वरी कुमारी (ट्रैप) और सिफत कौर सामरा (50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन) एशियाई चैम्पियनशिप में उतरेंगे जो 2024 पेरिस ओलंपिक का क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट है। ये सिर्फ आरपीओ (रैंकिंग प्वाइंट ओन्ली) वर्ग में भाग लेंगे ताकि दूसरे निशानेबाज कोटा हासिल कर सकें। करीब 17 साल तक एनआरएआई के राष्ट्रीय चयनकर्ता रहे ढिल्लों ने कहा यह रूद्राक्ष के लिये निराशाजनक है। ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके किसी भी निशानेबाज के लिये यह निराशा जनक है। आपको दूसरों को मौका देना चाहिये लेकिन इनसे भी मौका लेना नहीं चाहिये। भारत ने तोक्यो ओलंपिक 2020 से पहले निशानेबाजी में रिकॉर्ड 15 कोटा स्थान हासिल किये थे लेकिन पदक नहीं जीत सके।

# कपूर महिलाओं ने फिल्मों में क्यों नहीं किया काम?, करीना ने इंटरव्यू में किया बड़ा खुलासा

बी-टाउन की चर्चित एक्ट्रेस करीना कपूर फिल्मों के साथ-साथ बेबाक बयानों को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म जाने जां में अभिनेत्री ने अपने अभिनय से काफी सुर्खियां बटोरी हैं। वहीं, अब अभिनेत्री ने मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में कपूर खानदान की महिलाएं फिल्मों में काम क्यों नहीं करती इस विषय पर खुलकार बात की।



मीडिया से बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि 60 के दशक से कपूर खानदान की महिलाओं ने फिल्मों में काम नहीं किया, शायद यह उनकी पसंद थी। करीना ने कहा, हमेशा मेरे पिता कहते थे कि अगर आप जीवन में आगे बढ़ना चाहती हैं तो अपनी शुरुआत करने के लिए आपको खुद रास्ता ढूंढना होगा, मैं इसमें कुछ नहीं कर सकता।

करीना ने बहन करिश्मा के बॉलीवुड डेब्यू पर चर्चा करते हुए कहा कि उनके इस निर्णय पर पिता रणधीर कपूर पीछे हट गए थे और कहा कि खुद ही पता लगााओ। उस समय मां बबीता थीं, जिन्होंने उनकी पहली फिल्म प्रेम कैदी तक पहुंचने में मदद की थी। करिश्मा के बाद लगभग सभी को इंडस्ट्री में देख सकते हैं। उस समय कपूर खानदान की महिलाओं ने खुद ही काम न करने का फैसला लिया हो, शायद किसी ने मना भी किया हो इसके बारे में मुझे नहीं पता है।जब मीडिया द्वारा पूछा गया कि क्या उस समय इंडस्ट्री में कुछ ऐसा था कि जिसके कारण कपूर फैमिली की महिलाओं ने फिल्म छोड़ने का फैसला लिया। अभिनेत्री ने इस सवाल के जवाब में अपनी सास शर्मिला टैगोर का उदाहरण देते हुए कहा, शर्मिला टैगोर शादी के बाद भी एक सफल अभिनेत्री बनी रहीं। 1960 दशक की गेमचेंजर रहीं, अपने बच्चों का स्वागत कर रही हैं। वह जब तक चाहती थीं तब तक फिल्मों में उन्होंने काम किया।

करीना कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री रोहित शेट्टी की सिंघम-3 में नजर आएंगी। वह हाल ही में रिलीज हुई सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित फिल्म जाने जां में दिखीं थीं। इस फिल्म में करीना ने जयदीप अहलावत और विजय वर्मा के साथ काम किया था।

# 'खामोश' की स्पेशल स्क्रीनिंग में विधु का स्टैंडिंग ओवेशन, 37 साल बाद मुंबई में जुटे फिल्म के सितार

'विधु विनोद नाम का कोई निर्देशक है जिसने एक जबर्दस्त मर्डर मिस्ट्री फिल्म 'खामोश' बनाई है।' इस बात की चर्चा 37 साल पहले फिल्मों के शौकीन युवाओं के समूहों में खूब चला करती थी। 37 साल बाद इसी फिल्म को फिर से देखने का मौका मिला मुंबई के जुहू पीवीआर सिनेमाघर में। पास की सीट पर अभिनेता पवन मल्होत्रा बैठे हैं। मैं पूछता हूं, 'कितने लोग होंगे इस सिनेमा हॉल में जिन्होंने ये फिल्म पहली बार रिलीज के वक्त भी सिनेमाघर में देखी होगी।' वह कहते हैं, 'कोई नहीं। सिर्फ स्टार कास्ट ने ही ये फिल्म तब देखी थी।' पवन ये जानकर चौंकते हैं कि ये फिल्म मैंने तब भी सिनेमाघर में देखी थी। विधु विनोद चोपड़ा को हिंदी सिनेमा में फिल्म निर्देशन का प्रकाश स्तंभ बनाने वाली फिल्मों 'परिंदा'1942 ए लव स्टोरी' और 'करीब' से पहले आई थी फिल्म 'खामोश'। उस समय सिर्फ तीन लाख रुपये में बनी इस फिल्म की मेकिंग से जुड़े तमाम रोचक किस्से इसके कलाकारों ने शुक्रवार की शाम अपने चाहने वालों के साथ साझा किए, इस फिल्म की एक खास स्क्रीनिंग में।

विधु विनोद चोपड़ा ने बतौर निर्देशक अपनी पहली फिल्म 'मर्डर एट मंकी हिल' साल 1978 में बनाई थी। लघु फिल्मों की श्रेणी में ये फिल्म ऑस्कर पुरस्कारों के नामांकन दौर तक पहुंचने में कामयाब रही। इससे गिनें तो विधु को




फिल्में बनाते हुए 45 साल पूरे हो रहे हैं। बीती रात यहां हुआ जश्न इस पड़ाव को पाने का ही रहा। खास तौर पर इस मौके पर मौजूद रहे अभिनेता, निर्माता, निर्देशक कमल हासन बताते हैं कि कैसे विधु विनोद चोपड़ा उन्हें लेकर फिल्म 'सजा ए मौत' बनाना चाहते थे, बाद में यही रोल फिल्म में नसीरुद्दीन शाह ने किया। एक और किस्सा कमल हासन ने वह भी सुनाया जब विधु एक दूसरी फिल्म की कहानी सुनाने के लिए उनसे वक्त लेकर मिलने पहुंचे थे लेकिन खाना खाने के बाद विधु वहीं होटल में सो गए। और, जो दो घंटे कमल हासन ने कहानी सुनने के लिए रखे थे, वे विधु ने सोकर बिता दिए।

नसीरुद्दीन शाह ने फिल्म 'खामोश' में एक खास किरदार तो निभाया ही है, उनका नाम फिल्म की क्रेडिट में स्टिल फोटोग्राफर के रूप में भी शामिल है। बहुत ही कम बजट में बनी इस फिल्म में ऐसे कई कलाकार रहे जिन्होंने फिल्म निर्माण के दूसरे काम भी संभाले थे। पवन मल्होत्रा ने प्रोडक्शन का काम देखा था और भी कई कलाकारों के नाम फिल्म की क्रेडिट में अलग अलग विभागों के लोगों के साथ लिखे दिखे। फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले नसीरुद्दीन शाह ने पुणे फिल्म इंस्टीट्यूट से चली आ रही अपनी और विधु की दोस्ती के किस्से सुनाए और बताया कि कैसे हॉस्टल से एक्टिंग क्लास की तरफ आने वाली ढाल पर अक्सर विधु अपने दोनों हाथ फ्रेम बनाने के अंदाज में लिए खड़े रहते और लोगों को उसके बीच से देखा करते। विधु ने इस मौके पर वह खास तोहफा भी सबके सामने जाहिर किया जो नसीर पहली बार अमेरिका जाने पर विधु के लिए लेकर आए थे। ये तोहफा एक स्मृति चिन्ह है जिस पर लिखा है, आई रिफ्यूज टू ग्रो अप (मैं बड़ा होने से इंकार करता हूं)! नसीर और विधु ने साल 1973 में एक ही साथ पुणे फिल्म इंस्टीट्यूट में दाखिला लिया था। फिल्म 'खामोश' एक मर्डर मिस्ट्री फिल्म है जिसमें अंत तक दर्शक समझ नहीं पाते हैं कि कातिल कौन है? कश्मीर में चल रही एक फिल्म की शूटिंग के दौरान होने वाले इन हादसों की शुरुआत फिल्म में भी हीरोइन का ही किरदार निभा रहीं सोनी राजदान से होती है। सोनी राजदान बताती हैं, 'विधु ने इस फिल्म की स्क्रिप्ट पहली बार मुझे एक ऑटो में सुनाई थी। तब मुंबई में इतना ट्रैफिक नहीं हुआ करता था और ऑटो मे बैठकर भी लोग एक दूसरे की बात सुन सकते थे। दूसरी बार विधु ने ये कहानी मुझे बांद्रा में सड़क की एक ढाल से उतरते हुए पैदल चलते चलते सुनाई थी।' वहीं शबाना आजमी ने वह किस्सा सुनाया जब विधु विनोद चोपड़ा और पवन मल्होत्रा उनके घर तारीखों को लेकर चर्चा करने गए थे और उनसे टिकट के पैसे वसूल लाए थे।

# स्कूल की यादों में खोए रणबीर कपूर, एक्टर ने सुनाया प्रिंसिपल से थप्पड़ पड़ने का मजेदार किस्सा

अपने स्कूल के दिनों को कौन भूल सकता है। स्कूल में बिताया हर दिन बड़े होकर हमें याद आता है। वो फिर दोस्तों के साथ खेलना हो या फिर एक साथ प्लान बनाकर छुट्टी मारना। स्कूल की खट्टी-मीठी यादों के पिटारे में कभी-न-कभी अपनी टीचर्स द्वारा डांट खाना और शैतानी करना भी होता है। यह हमारी ही नहीं हर व्यक्ति की कहानी है और इससे बॉलीवुड स्टार्स भी अछूते नहीं हैं। वे कई बार अपने स्कूल के किस्से याद करते हैं और लोगों को बताते हैं। इस बार ऐसा रणबीर कपूर द्वारा किया गया है। अभिनेता ने अपने स्कूल की शरारतों को याद करते हुए प्रिंसिपल से जोरदार थप्पड़ पड़ने की बात कही।

बॉलीवुड के चॉकलेटी बॉय के नाम से पहचान वाले रणबीर कपूर पिछले काफी समय से अपने यही छवि तोड़ने के लिए मेहनत कर रहे हैं। ऐसा करने के लिए अभिनेता एक्शन फिल्मों का रुख कर रहे हैं और इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म एनिमल को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म रश्मिका मंदाना के साथ पहली बार पर्दे पर नजर आने वाले रणबीर कपूर की केमिस्ट्री की चर्चा चारों तरफ हो रही है। लेकिन आज जो एक बात सुर्खियां बटोर रही है वह अभिनेता द्वारा अपने स्कूल के दिनों को लेकर किए गए खुलासे हैं। रणबीर ने एक हालिया इंटरव्यू में खुलासा किया कि वह कितने अच्छे चीटर हुआ करते थे और एक बार कैसे और क्यों उनकी प्रिंसिपल ने उन्हें थप्पड़ मारा था। रणबीर कपूर ने पर्दे पर ऐसे कई किरदार निभाए हैं, जिनमें उन्होंने अपने किरदारों के साथ ऑनस्क्रीन शरारतें की हैं। पर्दे पर शरारतें करने वाले रणबीर कपूर असल जिंदगी में भी उतने ही शरारती थे। एक लेटेस्ट इंटरव्यू में रणवीर ने खुद को महान नकलची बताते हुए कहा कि स्कूल में उन्हें नकल करते हुए कभी नहीं पकड़ा गया, लेकिन एक घटना ऐसी थी जब उन्होंने चल रही कक्षा से बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन प्रिंसिपल ने उन्हें पकड़ लिया था और वह आज भी उनके दिमाग में घंटी की तरह बजती है।



एक बातचीत में रणबीर ने उस घटना को याद किया और कहा, मुझे लगता है कि मैं एक महान नकलची था इसलिए मैं कभी भी नकल करते हुए नहीं पकड़ा गया, लेकिन मुझे यह एक घटना याद है कि मैं सातवीं या आठवीं क्लास में था, जब क्लास चल रही थी और मैं उससे बाहर निकल रहा था। बाहर निकल ही रहा था कि प्रिंसिपल आया और मेरे सामने खड़ा हो गया और मुझे अपने जीवन की मार झेलनी पड़ी था, जैसे उसने सचमुच मुझे बहुत बुरी तरह से पीटा हो। उस थप्पड़ की गूंज आज भी मेरे कानों में गूंजती है। मुझे वह पल बहुत अच्छे से याद है।

रणबीर कपूर ने कहा कि फुटबॉल के प्रति उनका प्यार स्कूल में ही शुरू हो गया था। जब उन्होंने स्कूल कॉम्पिटिशन के दौरान पहली बार गोल किया था और अखबार में इसका जिक्र आया था। तब उनकी मां, नीतू कपूर ने उस अखबार की कटिंग रख ली थी और वह पेपर कट-आउट आज भी उनके पास है। रणबीर बोले, मेरी सच्ची पहचान फुटबॉल थी। इसलिए, जब मुझे फुटबॉल टीम के लिए चुना गया, तो मैं छठी कक्षा में था और मुझे याद है कि हमारी प्रतियोगिता में मैंने एक गोल किया था, और टाइम्स ऑफ इंडिया के पिछले पन्ने पर, सभी इंटर स्कूल स्कोरर के नाम आते थे और मेरा भी आया था। मुझे याद है कि मेरी मां ने अखबार काटा था और वह अभी भी उनके पास है।

# लाल सिंह चड्डा की असफलता से निराश हो गए थे आमिर, करीना कपूर ने मैसेज भेजकर दी थी हिमत

हाल ही में करीना कपूर ने कहा कि लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद उन्होंने आमिर खान को माफी मांगते काफी निराश होते हुए देखा।

करीना कपूर इंडस्ट्री की चर्चित एक्ट्रेस में शुमार हैं। बेबो को ओटीटी पर रिलीज हुई अपनी पहली फिल्म जाने जां के लिए काफी तारीफें मिलीं। अभिनय और फिल्मों के अलावा करीना कपूर तमाम मुद्दों पर भी बेबाकी से अपनी बात रखती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने लाल सिंह चड्ढा की असफलता पर अपनी चुप्पी तोड़ी। बता दें कि आमिर खान की इस फिल्म में करीना कपूर भी नजर आई थीं।

हाल ही में करीना कपूर ने कहा कि लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद उन्होंने आमिर खान को माफी मांगते काफी निराश होते हुए देखा। लाल सिंह चड्ढा की बॉक्स ऑफिस विफलता पर बात करते हुए करीना कपूर ने कहा कि वह आमिर खान से नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (एनएमएसीसी) इवेंट में मिली थीं। करीना ने कहा कि ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाले



आमिर को उन्होंने इस तरह देखा। बेबो ने आगे कहा कि उन्होंने आमिर खान से कहा कि वह किसी भी रिश्ते, दोस्ती या एक्टर को इस हिसाब से जज नहीं करती हैं, कि उनकी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही है या असफल।

करीना कपूर ने आगे कहा, मैंने उन्हें व्हॉट्सएप पर कहा कि आप ऐसा महसूस मत करिए कि हम हार गए, हम हारे नहीं हैं। हमने एक खूबसूरत फिल्म बनाई है और हमारी दोस्ती और हमारा प्यार इसकी बॉक्स ऑफिस सफलता से निर्धारित नहीं होगा।

करीना कपूर ने कहा कि फिल्म लाल सिंह चड्ढा के लिए आमिर खान पूरी तरह अपने किरदार में ढल गए थे। हो सकता है कि कोविड-19 की वजह से भी इस फिल्म के प्रदर्शन पर असर पड़ा हो, क्योंकि कोविड के हालातों के बाद लोग कुछ इमोशनल देखने की बजाय किसी ऊर्जावान कंटेंट की तलाश में होंगे। करीना ने फिल्म से अपने रूपा के किरदार को लेकर कहा कि यह हमेशा आइकॉनिक किरदार रहेगा।

# महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जा रहा जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**मिशन शक्ति**

**हरदोई।** आज मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण के शुभारम्भ के अवसर पर आज प्रातः पुलिस लाइन से मिशन शक्ति अभियान के अर्न्तगत आयोजित रैली को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली पुलिस लाइन से प्रारम्भ होकर सिनेमा चौराहा, बड़ा चौराहा तथा नुमाईश चौराहा होते हुए शहीद उद्यान में समाप्त हुई। रैली में पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों तथा विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इसके उपरान्त शहीद उद्यान में मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने जनपद की अर्न्तराष्ट्रीय कोच पूनम तिवारी तथा पैरा बैडमिटन खिलाड़ी रूचि के अलावा अन्य खिलाड़ी बालिकाओं एवं उत्कृर्षष्ट कार्य करने वाली प्रधाचार्य, शिक्षकों व समाज सेवी महिलाओं को प्रमाण पत्रा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त एवं आत्म निर्भर बनाने के लिए अनेक योजनायें चली रही है और मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में सभी ने मुख्यमंत्री का वर्चुवल माध्यम से संवाद को सुना। इस अवसर पर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहिताश कुमार, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, डीडी कृषि, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, आशा, आंगनबाड़ी एवं भारी संख्या में छात्रायें आदि उपस्थित रहे।

## काली वाहन मंदिर पर चला स्वच्छता अभियान

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** कालीवाहन मंदिर पर नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता की मौजूदगी में शरदीय नवरात्र के प्रारंभ पर मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। नगरपालिका अध्यक्ष नें मंदिर की पेयजल, बिजली आदि की व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आने वाले श्रद्धालुओं कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए।मंदिर परिसर में सफाई कर्मचारियों और बिजली से संबंधित टीम बराबर मौजूद रहे।उन्होंने कहा कि सभी बिजली के पाइंट चैक कर लिए जायें कहीं से तार खुले न रहे।उन्होंने भक्तजनों और मंदिर परिसर में लगे दुकनदारों से भी अनुरोध किया कि व्यवस्था में सहयोग करें। इस अवसर पर ईओ नगरपालिका विनय कुमार मणि त्रिपाठी, नगरपालिका के स्वच्छता अभियान के ब्रांड ऐबेंसडर आलोक दीक्षित, मुख्य सफाई निरीक्षक एन एल कुशवाहा, शिवम पाल, राहुल यादव, अमजद वारसी, अर्चित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**मिशन शक्ति अभियानः पुलिस लाइन से मिशन शक्ति जन जागरूकता रैली का हुआ शुभारंभ**

# रैली को हरी झंडी दिखा की गई शुरुआत

वहाज अली निहाल



**इटावा।** मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस लाइन से मिशन शक्ति जन जागरूकता रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक एवं आईजी प्रशांत कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

सदर विधायक सरिता भदौरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि आज मिशन शक्ति रैली के माध्यम से महिलाओं को जागरूक करना एवं महिलाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना यह हम सभी का दायित्व है,साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जिस दायित्व पर हम हैं वह हमें जिम्मेदारी से ही करना चाहिए। उक्त के पश्चात नुमाइश पंडाल में लोक भवन से सीधा लाइव दिखाया गया एवं मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को भी सुना गया साथ ही मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। आईजी प्रशांत कुमार द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है एवं महिलाओं को महिला हेल्पलाइन के बारे में जागरूक किया जाए।उन्होंने सभी विभागों के सहयोग से गांव-गांव चौपाल के माध्यम से गांव क्षेत्र की महिलाओं को सभी महिला संबंधी सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए निर्देशित किया।जिलाधिकारी अवनीश राय ने मिशन शक्ति विशेष अभियान के अवसर पर अवगत कराया कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए एवं मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को निराश्रित विधवा पेंशन योजना,जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि समस्त योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार प्रदेश में मिशन शक्ति का विशेष अभियान चलाया जा रहा है,मिशन शक्ति अभियान के तहत मिशन शक्ति जन जागरूक रैली में दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन एंबुलेंस सहित कम से कम 30 से 35 वाहनों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा रैली निकली जा रही है। रैली नुमाइश चौराहा से पक्का तालाब चौराहा, कोतवाली चौराहा, राजागंज चौराहा,नौरंगाबाद चौराहा, शास्त्री चौराहा, एस.एस.पी चौराहा, भिंड ग्वालियर बायपास से नुमाइश चौराहा होते हुए नुमाइश पंडाल पर समाप्त की जाएगी।

# इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय करवा खेड़ा में शनिवार को इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।आवासीय विद्यालय तथा डे स्कॉलर की छात्राओं ने पूरे तरीके से खेल भावना से कबड्डी में सहभागिता की।खेल में उत्साह देखकर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मुकुल कुमार सिन्हा ने खिलाड़ियों की प्रशंसा की तथा विजेता छात्राओं को शील्ड देकर उनको प्रोत्साहित किया आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने डे स्कॉलर छात्राओं को 36 =17 अंक हराया हराया मैच की मुख्य विशेषता यह थी की सर्वोच्चतम खिलाड़ी की शील्ड उप विजेता टीम का स्थान खुशी यादव ने पाया जिसमें आयुषना,सुप्रिया यादव वी प्रिंसी का खेल सराहनीय रहा मैच के निर्णायक भूमिका में वासिफ खान मोहम्मद ताहिर निर्णायक भूमिका निभाई इसी प्रकार इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में समाज सुधारक शिवमंगल सिंह अर्चना मैम जयमाला में बीबी सिंह पारुल पटेल मौजूद रहे।

## टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण

**सोनभद्र बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद ने अपने नैगम समाजिक दायित्व के अंतर्गत म्योरपुर ब्लॉक के कुल 25 टीबी मरीजो को पोषण किट का वितरण किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री पंकज मेदिरत्ता एवं वरिष्ठ सदस्या (वर्तिका महिला मण्डल) श्रीमती अनिता मेदिरत्ता नें टीबी मरीजों को किट वितरित किया और कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी रोग के प्रति लोगों को जागरूक करना है। और हम हमेशा ही आस-पास के जरूरतमन्द ग्रामीण लोगों के हित में कार्य करते रहेंगे। एनटीपीसी रिहंद ने इस पहल के माध्यम से समाज में टीबी के मरीजों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह कार्यक्रम आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित व्यक्तियों के लिए महत्वपूर्ण है और समाज के विकास में मदद करेगा। कार्यक्रम में सीएमओ (रिहंद) डॉ. मोनिषा कुलश्रेष्ठा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री जाकिर खान, डिप्टी सीएमओ डॉ. तन्मय मिश्रा, सीनियर कंसल्टेंट डॉ. गीताश्री घोष, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री संतोष कुमार उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# पं. दीनदयाल के विचारों को सार्थक करने का काम करेंगेः जयवीर सिंह

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** जयवीर सिंह पर्यटन और संस्कृति मंत्री उत्तर प्रदेश ने पं दीनदयाल उपाध्याय के जन्मोत्सव पर दीनदयाल धाम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कहा है कि पण्डित जी के जीवनभर के संघर्ष को पूर्णता देने का काम केन्द्र और राज्य की दोनों सरकारें करेंगी। आम गरीब, अंतिम छोर के व्यक्ति जो दबा, कुचला, शोषित प्राणी है जिसको कोई सुनने वाला नहीं है, ऐसे व्यक्ति को समाज की विकास की मुख्यधारा में लाकर उनको लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देकर पं0 दीनदयाल जी के विचारों को सार्थक करने का काम करेंगे।

शुक्रवार रात्रि को संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में संस्कार भारती और लखनऊ के कलाकारों ने रास, चरकुला, मयूर नृत्य और कथक नृत्य नाटिका से सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ जयवीर सिंह पर्यटन और संस्कृति मंत्री, श्रीकांत शर्मा पूर्व उर्जा मंत्री, रविकांत गर्ग एवं ठा0 ओम प्रकाश सिंह सदस्य विधान परिषद ने संयुक्त रूप से पण्डित जी के चित्रपट के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का समिति अध्यक्ष एड0 सोहन लाल शर्मा, नरेन्द्र पाठक, योगेश आवा, शिवकुमार, ब्रजेंद्र नागर, जागमोहन पाठक आदि ने स्मृति चिन्ह और पटका पहनाकर स्वागत किया। लखनऊ की डॉ0 प्रतिभा मिश्रा ने अपनी प्रस्तुति श्री राम भजन से की। मैं तो हो गई शाम की दीवानी मगन में नाचूंगी की प्रस्तुति को सभी ने सराहा। मंजू मलकानी की कथक नृत्य नाटिका नमामि रामम एवं दुर्गा की प्रस्तुति की दर्शकों ने भूरी- भूरी प्रशंसा की। संस्कार भारती के कलाकारों द्वारा बज वंदन एवं लठमार होली और महाकाल के दर्शन की प्रस्तुति ने दर्शकों को तालियों की गड़गड़ाहट को मजबूर कर दिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पोषण समिति की बैठक संपन्न



**मथुरा अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता मे जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद मथुरा ने प्रदेश में पोषण माह में 11वी रैंक प्राप्त की है तथा संभव अभियान में 7वे रैंक पर है। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद में 2363 केंद्र है तथा सभी केंद्रों पर नियमित रूप से आहार/पोषण राशन का वितरण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री महिलाओं और बच्चों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करे। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद को नंबर वन बनाना है। सैम एवं मैम बच्चो पर विशेष ध्यान दिया जाए। हमे जनपद को सुपोषित बनना है। सीडीपीओ निरंतर आंगनबाड़ी केंद्रों का भरण करे तथा निगरानी रखे। पोषण ट्रैकर पर नियमित फीडिंग कराए। एनआरसी संदर्भ को गंभीरत से ले और उन्हें अस्पतालो में स्वास्थ्य संबंधी सभी सुविधाए उपलब्ध कराए। बच्चों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण नजदीकी पीएचसी, सीएचसी, स्वास्थ्य केंद्र, सीएचओ आदि में कराए। आगनबाड़ी केंद्रों में रंगाई व पुताई कराए। केंद्रों पर सभी प्रकार के यंत्रों की उपलब्धता रखे तथा जिन केंद्र पर वजन व ऊंचाई नापने की मशीन न हो , वे शीघ्र डिमांड प्रेषित करे। प्रभावी स्तनपान संपूरक आहार, स्वस्थ बालक प्रतिस्पर्धा, पोषण, पढ़ाई, स्वस्थ दिनचर्या आदि पर ध्यान केन्द्रित करते हुए सुपोषण की ओर कार्यवाही करे।

# 'चूहे, छछूंदर से लेक्टोस्पायरोसिस व स्क्रब टायफस बीमारी फैलती है'

अवधनामा संवाददाता



**पीलीभीत।** विशेष सधारी रोग नियंत्रण अभियान 2023 (तृतीय चरण) जनपद के ग्राम पंचायत में दिनांक 8 अक्टूबर से चलाया जा रहा है। जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें दिनांक 11 अक्टूबर को इस अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित रोकथाम हेतु विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का ग्राम पंचायत शिवपुरिया विकासखंड ललोरी खेड़ा जनपद पीलीभीत में सफल आयोजन कराया गया अभियान में कृषक भाई रामकिशोर एवं मंगली प्रसाद, दीनदयाल एवं प्रभारी कृषि रक्षा इकाई ललोरी खेड़ा यतेंद्र कुमार सिंह व जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्याम नारायण राम उपस्थित रहे अभियान के मुख्य अतिथि के रूप में विश्वनाथ उप कृषि निदेशक ( कृषि रक्षा) बरेली मंडल बरेली द्वारा कृषक भाइयों को उक्त कार्यक्रम हेतु जागरूक किया गया कि चूहे एवं छछूंदर द्वारा स्क्रब टायफस एवं लेक्टोस्पायरोसिस नामक बीमारी फैलती है यदि समय पर इसका उपचार नहीं किया जाता है तो इस बीमारी से मृत्यु भी हो सकती है जिसके लिए चूहे एवं छछूंदर का नियंत्रण अति आवश्यक है ये अपना बिल झाड़ियां को एवं मेंडो आदि में स्थाई रूप से बनाते हैं जिसके लिए खेतों का समय समय पर निरीक्षण एवं साफ सफाई करके इनकी संख्या को नियंत्रित किया जा सकता है चूहा एवं छूछुनंदर नियंत्रण हेतु अन्न भंडारण पक्का कंक्रीट पत्थर धातु का बने पात्रों में ही करना चाहिए ताकि उनको भोज्य पदार्थ आसानी से ना मिल सके साथ ही अल्युमिनियम फास्फाइड दवा की 23 24 ग्राम मात्रा प्रति जिंदा बिल में डालकर बिल बंद कर देने से उससे निकलने वाली फास्फेट गैस से चूहा मर जाते हैं घरों में ब्रोमो डुओलिन 0.008त्न के बने चारे की 10 ग्राम मात्रा जिंक फास्फाइड 80 फीसदी 1 ग्राम मात्रा प्रत्येक जिंदा बिल में रखने से चूहे उसको खाकर मर जाते हैं खेत के चूहे नियंत्रण हेतु छ दिवसीय योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।

## मिशन शक्ति से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा



**हरदोई अवधनामा संवाददाता।** मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण के शुभारम्भ के अवसर पर आज प्रातः पुलिस लाइन से मिशन शक्ति अभियान के अंर्तगत आयोजित रैली को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली पुलिस लाइन से प्रारम्भ होकर सिनेमा चौराहा, बड़ा चौराहा तथा नुमाईश चौराहा होते हुए शहीद उद्यान में समाप्त हुई। रैली में पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों तथा विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसके उपरान्त शहीद उद्यान में मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने जनपद की अर्न्तराष्ट्रीय कोच पूनम तिवारी तथा पैरा बैडमिटन खिलाड़ी रूचि के अलावा अन्य खिलाड़ी बालिकाओं एवं उत्कृर्षष्ट कार्य करने वाली प्रधाचार्य, शिक्षकों व समाज सेवी महिलाओं को प्रमाण पत्रा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त एवं आत्म निर्भर बनाने के लिए अनेक योजनायें चली रही है और मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में सभी ने मा0 मुख्यमंत्री जी का वर्चुवल माध्यम से संवाद को सुना।

# पानी की व्यवस्था न होने से लोग खुले में शौच जाने को मजबूर

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** बिलग्राम कस्बे को चकाचक रखने के लिए बिलग्राम नगर पालिका द्वारा प्रमुख स्थानों पर लाखों की लागत से सामुदायिक शौचालय बनवाए गए थे जो अब सफेद हांथी साबित हो रहे हैं। इसी क्रम में बिलग्राम कस्बे में कोतवाली के सामने पुरानी तहसील परिसर में बने सामुदायिक शौचालय में पानी की व्यवस्था न होने से लोग खुले में शौच के लिए जाने को मजबूर हैं जबकि कई वर्ष पूर्व बिलग्राम कस्बा कागजों पर ओडीएफ घोषित हो चुका है।आपको बता दें कि आज एक राहगीर शौच के लिए सार्वजनिक शौचालय पहुंचा तो वहां शौचालय में पानी ही नहीं था और वह शौच के लिए पानी बाहर हैंडपंप से लेने के लिए जा रहा था।शौचालय के आसपास के लोगों से जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि सामुदायिक शौचालय में कई दिनों से पानी ही नहीं आ रहा है। इस संबंध में जब शौचालय में तैनात कर्मचारी से बात की गई तो उसने बताया कि हम शौचालय को साफ सफाई करने के लिए पानी भरने गए थे और शौचालय के संबंध में पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों को अवगत करा दिया गया है और कई दिनों से शौचालय में पानी नहीं आ रहा है जिससे हमको साफ सफाई करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और शौच के लिए आने वाले लोगों को भी दिक्कतें हो रही हैं इससे समझा जा सकता है कि नगर पालिका बिलग्राम के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण लोग खुले में शौच के लिए जाने को मजबूर होंगे आखिर कैसे खुले में शौच मुक्त बन पाएंगे बिलग्राम क्या सिर्फ कागजों पर ही सोच मुक्त होगा बिलग्राम इस संबंध में जब नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रेमनाथ से संपर्क करना चाहा गया तो अधिशासी अधिकारी प्रेमनाथ ने फोन ही नहीं रिसीव किया।

# महिलाओं, बालिकाओं की स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः जयवीर सिंह

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** शारदीय नवरात्रि के पर्व पर महिला सशक्तिकरण विशेष अभियान फेज-04 के तहत जन-जागरूकता हेतु पुलिस लाइन से वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं, भारत की पुरानी मान्यताओं में नारी को हमेशा देवी के रूप में माना गया है, हमारी परंपरा है कि अधिकांश पर्वो पर हमारे यहां देवी की पूजा होती है, मिशन शक्ति का उद्देश्य नारी सशक्तिकरण, नारी स्वावलंबन, महिलाओं में जागरूकता लाना, शासन की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मौजूदा केंद्र-प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें बराबरी का दर्जा देने के लिए कृत-संकल्पित है, राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा संविधान में संशोधन कर 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि आज महिला रक्षा, कृषि, इंजीनियरिंग, हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है, प्रशासनिक सेवाओं में भी देश की बालिकाओं ने कामयाबी हासिल की है, आज की महिला किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि महिलाएं सशक्त होंगी तभी समाज, देश, प्रदेश सशक्त होगा, महिलाओं को सम्मान मिलेगा। उन्होने कहा कि आज केंद्र-प्रदेश सरकार की संचालित तमाम योजनाओं का मुख्य बिंदु महिलाओं को रखा गया है, गांव-गांव राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला समूह का गठन कर उन्हें सस्ती ब्याज दर पर बैंक से लोन उपलब्ध कराकर स्वावलंबी बनाने का कार्य किया गया है, महिलाओं की सुरक्षा के लिए भी तमाम योजनाएं संचालित हैं, प्रत्येक थाने में महिला हेल्प-डेस्क की स्थापना की गई, महिला हेल्प-डेस्क पर महिला, पुलिस कर्मियों की ही तैनाती की गई ताकि पीड़ित महिला निःसंकोच अपनी बात कह सके।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि देश में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश में यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरा देश, प्रदेश तरक्की के रास्ते पर चल रहा है, किसान, युवा, व्यापारी, उद्योगपति निरंतरता के साथ आगे बढ़ रहे है, इसी का परिणाम है कि आज विश्व पटल पर भारत को नई पहचान मिली, राजनीतिक, सामाजिक, औद्योगिक क्षेत्र में देश, प्रदेश नए कीर्तिमान स्थापित किये है, तेजी से देश आगे बढ़ रहा है, वर्ष 2047 तक भारत ग्लोबल लीडर बने, विश्व की सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था बनें, यही प्रधानमंत्री का सपना है। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, प्रधानमंत्री के कुशल निर्देशन में देश ने हर क्षेत्र में तरक्की की है।

# फिजी के दिल में आज भी बसता है भारत

अवधनामा संवाददाता




**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय और भारतीय संस्कृति सेवार्थ न्यास के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय लोक संस्कृति सम्मेलन में फिजी के डिप्टी हाई कमिश्नर नीलेश कुमार ने कहा कि यहां से 11 हजार किलोमीटर दूर फिजी के दिल में आज भी भारत बसता है। भारत और फिजी में बहुत सारी समानताएं हैं। इसकी वजह पांच पीढ़ी पहले यहां आए 60 हजार भारतवासी हैं।

संस्कृति विश्वविद्यालय के संतोष मैमोरियल आडिटोरियम में आयोजित इस सम्मेलन में फिजी के उप उच्चायुक्त ने कहा कि यद्यपि फिजी यहां से बहुत दूर है लेकिन भाषा और संस्कृति के कारण हम आपस में जुड़े हुए हैं। हमारे बीच अनेक समझौते(एमओयू) और अनेक विकास की योजनाएं संचालित हैं। उन्होंने बताया कि फिजी में हिंदी बहुतायत में बोली जाती है। हिंदुओं के त्योहार होली, दिवाली, रामनवमी आदि बड़े जोर-शोर से मनाई जाती है। आज समय है कि भारत के लोग फिजी को जानें क्योंकि हमारे पूर्वज भारत से जो संस्कृति लाए थे वह आज फिजी में जीवंत है। सम्मेलन के कोर्डिनेटर डा. सतीश कुमार शास्त्री ने सम्मेलन के लिए संस्कृति विवि का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि अंग्रेजों ने वर्षों पूर्व लुभावने सपने दिखाकर, अंगूठा लगवाकर अनेक भारतियों को फिजी लेजाकर बसाया था। उन्हें घर भी नहीं आने दिया गया और वे अपनों की याद कर रोते हुए कठिन परिस्थियों में यहां रहे। फिजी में भयावह नजारा था। खाने को सिर्फ सूखा अनाज था और चारों तरफ घास ही घास थी। वर्षों तक भारतीयों ने यहां का दुख भरा जीवन झेला और धीरे-धीरे यहां रहने के आदी हो गए, लेकिन अपनी संस्कृति को नहीं छोड़ा। अभी हाल ही में फिजी में 12वां विश्व हिंदी सम्मेलन हुआ था। वहां 200 रामायण मंदिर हैं। सम्मेलन का प्रारंभ भारतीय परंपरा के अनुसार अतिथियों के दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एमबी चेट्टी ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए स्वागत भाषण दिया। इस अवसर फिजी से आए कलाकारों एवं अतिथियों का पटुका ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न देकर विश्वविद्यालय की सीईओ डा. मीनाक्षी शर्मा ने सम्मान किया।

## मूर्ति विसर्जन वाले स्थानों का निरीक्षण करेंः डीएम

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों, विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु, रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों, आयोजकों से कहा कि शारदीय नवरात्रि, रामनवमी, दशहरा, आदि धार्मिक पर्वो को समारोह पूर्वक, उत्साह, उमंग के साथ मनाया जाये। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों से कहा कि कार्यक्रमों के दौरान शरारती तत्वों, खुराफात करने वालों पर पैनी नजर रखी जाये, कार्यक्रमों के आयोजकों से निरंतर संवाद कायम रखा जाये, किसी भी प्रकार समस्या, कठिनाई होने पर तुरंत समस्या का निदान कराया जाये, सुनिश्चित किया जाये कि सभी आयोजकों के मोबाइल नम्बर सभी के पास उपलब्ध रहें। उन्होंने आयोजकों से कहा कि वह अपने-अपने कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान वालेन्टीयर्स की तैनाती करें साथ ही पहचान हेतु विशेष चिन्ह, पहचान पत्र जारी करें, तैनात वालेन्टीयर्स की सूची सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी को उपलब्ध करायें।

# हर फेस्टिव सीजन के लिए स्किन को ऐसे करें तैयार, एक्सपर्ट्स से जानिए अमेजिंग ब्यूटी हैक्स

त्योहारों के सीजन में हर कोई खूबसूरत और अपने लुक को परफेक्ट बनाना चाहता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी हैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जो आपको आपके किचन में ही आसानी से मिल जाएंगे।

जैसा कि त्योहारों का सीजन बहुत जल्द आने वाला है और ऐसे में आपको सिर्फ तस्वीरों में ही नहीं बल्कि रियल लाइफ में परफेक्ट और सुंदर दिखना चाहिए। इसीलिए आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जो आपकी फोटो को बिना फिल्टर लगाए ही परफेक्ट बना सकती है। ऐसे में सबसे अच्छी बात तो यह है कि आपको खूबसूरत दिखने के लिए अपने घर के किचन में ही सारी सामाग्री बड़ी आसानी से मिल जाएगी और आपको घर से बाहर कहीं नहीं जाना होगा।

***फ्रूट पैक***

सेब, पपीता, एवोकाडो, केला, संतरे आदि फलों को ब्लेंड कर एक साथ मिक्स कर लें। इसको आप अपने चेहरे पर मास्क की तरह अप्लाई कर सकती हैं। पपीता एंजाइमों से भरपूर होता है। यह डेड सेल्स वाली त्वचा को साफ करता है और स्किन को निखारने में मदद करता है। केला हमारी स्किन में कसाव लाने का काम करता है। वहीं सेब और संतरे से विटामिन और मिनरल्स की पूर्ति होती है। एवोकाडो त्वचा को हाइड्रेट करता है। क्योंकि यह एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। इससे हमें एंटी-ऐजिंग फायदे भी मिलते हैं। इसका फेसपैक बनाकर अपने चेहरे पर 30 मिनट के लिए लगाएं और फिर उसे धो दें।

***फेस का स्प्रे***

अगर आपकी त्वचा ऑयली है तो आप स्प्रे का इस्तेमाल कर सकतीं हैं। मिनरल वाटर या फिर डिस्टिल्ड वॉटर को 200 मिली लें और उसमें आप लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 5 बूंदें मिलाकर अपने फेस पर लगाएं।

***नॉर्मल से ड्राइ स्किन के लिए स्प्रे***

अगर आपकी त्वचा में रूखापन है तो आप 100 मिली डिस्टिल्ड वॉटर या मिनरल वाटर लेकर उसमें रोज़



एसेंशियल ऑयल की 5 बूंदें डालें। इसके साथ ही आधा चम्मच शुद्ध ग्लिसरीन मिलाएं और उसे अपने फेस पर अप्लाई करें।

***मुंहासे वाली स्किन के लिए स्प्रे***

अगर आपको मुंहासे की समस्या है तो आप डिस्टिल्ड वॉटर या मिनरल वाटर को 100 मिली तक लें। उसमें टी ट्री ऑयल की 3 से 4 बूंदें मिलाकर अपने चेहरे पर अप्लाई करें। स्प्रे की इन बोतलों को प्रीज़र्व करने के लिए आप इन्हें फ्रिज में रख दें। घरेलू ब्यूटी रेसिपी को अधिक मात्रा में नहीं बनाना चाहिए।

***रिजुविनेटिंग फेस मास्क***

चेहरे की चमक बढ़ाने के लिए 2 चम्मच ओट्स में आधा चम्मच शुद्ध नारियल का तेल मिला लें। एक चम्मच बादाम के साथ 3 चम्मच संतरे का रस मिलाकर उसका पेस्ट बना लें। पेस्ट को ज्यादा पतला न करें। फिर उसे अपने हल्के-हल्के हाथों से होंठों और आंखों के पास से बचते हुए अपने चेहरे पर अप्लाई करें। इसे लगाने के लगभग 20 मिनट बाद फेशवॉस कर लें।

***स्किन टोनर***

आपको बता दें कि ग्रीन टी एक बहुत ही शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है। ग्रीन टी से स्किन टोनर बनाने के लिए आप आधा कप पानी में दो चम्मच ग्रीन टी डालें। इसके बाद पानी को उबाल लें। फिर चीनी मिट्टी के प्याले में चायपत्ती को डाल दें। अब उसमें गरम पानी डालकर 2 मिनट के लिए रख दें और ठंडा होने बाद इसे रूई के सहारे धीरे-धीरे अपने चेहरे पर लगाएं।

***बॉडी स्क्रब***

सबसे पहले बॉडी स्क्रब के लिए तिल का तेल या फिर जैतून का तेल अपने शरीर पर लगाएं। फिर इसे अच्छे से स्क्रब करने के लिए एक चुटकी हल्दी के साथ दूध की मलाई, गेहूं, बेसन, और दही का अच्छे से पेस्ट बनाकर शरीर पर लगाएं। इस पेस्ट को नहाने के 20 मिनट पहले लगा सकती हैं। इससे डेड सेल्स दूर होने के साथ यह आपकी त्वचा को साफ, मुलायम और चिकना बनाता है।

***टैन हटाएं***

बॉडी टैन हटाने के लिए एक चम्मच शहद, एक चम्मच नींबू का रस, सूखे पुदीने के पत्ते और तिल लें। सूखे पुदीने के पत्तों का पाउडर बना लें और तिल को दरदरा पीसकर उसमें मिलाएं। फिर इस पाउडर में नींबू का रस और थोड़ा शहद मिलाकर हल्के हाथों से अपने फेस पर मलें और दोनों हाथों में अच्छे से लगाएं। फिर कुछ देर लगाने के बाद इसे सादे पानी से धो लें। तिल के बीज हमें सूरज की किरणों से बचाते हैं। साथ ही टैन हुई त्वचा में निखार भी लाते हैं। यह हमारे चेहरे से टैन को हटा देता है और एक जैसी स्किन टोन बनाता है। पुदीना चेहरे पर उत्तेजक प्रभाव डालता है। यह त्वचा में चमक लाने का भी काम करता है। वहीं शहद हमारे चेहरे को मॉइस्चराइज़ करता है, और मुलायम बनाता है।

***मॉइस्चराइजिंग हेयर मास्क***

एक अंडा लें उसमें एक चम्मच शुद्ध ग्लिसरीन के साथ दो चम्मच सिरका और एलोवेरा जेल को अच्छे से मिला लें। फिर हल्के-हल्के हाथों से अपने बालों में लगाएं और 30 मिनट तक इसे लगा रहने दें। तब तक अपने सिर पर शॉवर कैप पहन लें। 30 मिनट के बाद आप अपने बालों को अच्छे से धो लें।


***बालों को ऐसे करें कंडीशन***

हिना पैक से बालों में बाउन्स और चमक आती है। डैंड्रफ वाले बालों के लिए और ऑयली बालों के लिए कम से कम 2 कच्चे अंडे, 4 चम्मच नींबू का रस, चाय का पानी और काफी इन सभी चीजों को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। अगर आप अंडे का इस्तेमाल नहीं करते हैं, तो उसके स्थान पर चाय के पानी की मात्रा ज्यादा कर दें। चाय-पानी बनाने के लिए उपयोग की गई चाय-पत्ती को गरम पानी में डालकर उसका इस्तेमाल कर सकती हैं। उस पानी को काफी देर तक पकाएं। लगभग जब 4 से 5 गिलास पानी बचे तो उसे ठंडा करके छान लीजिए और मेंहदी के पेस्ट में मिला दीजिए। इसके बाद अपने बालों में लगाएं और उसके एक घंटे के बाद बालों को सादे पानी से धो डालें।

***ऐसे पाएं चमकते नाखून***

अगर आप भी अपने नाखूनों को चमकाना चाहती हैं, तो हल्के गर्म बादाम के तेल में अपनी उंगलियों और नाखूनों को 10 मिनट के लिए भिगो दें। इसके बाद गीली तौलिये से उंगलियों को पोंछ लें। नाखूनों में और भी ज्यादा चमक चाहतीं हैं तो चामोइस लेदर का इस्तेमाल करें। इसे आप अपने हाथों में धीरे-धीरे से रगड़ें। चामोइस लेदर नाखूनों के कालेपन को दूर कर इन्हें चमकदार बनाता है।

# जापानी महिलाओं की तरह पाना चाहती हैं ग्लोइंग स्किन, फॉलो करें ये टिप्स, चेहरे से नहीं हटेगी नजर



खूबसूरत स्किन पाना हर लड़की का सपना होता है। खूबसूरत ग्लोइंग स्किन पाने के लिए लड़कियां ना जाने क्या-क्या करती हैं। लेकिन अगर आप भी जापानी लड़कियों की तरह ग्लोइंग स्किन पाना चाहती हैं तो आपको इन टिप्स को फॉलो करना चाहिए।

खूबसूरत स्किन पाना हर लड़की का सपना होता है। खूबसूरत ग्लोइंग स्किन पाने के लिए लड़कियां ना जाने क्या-क्या करती हैं। लेकिन असम मायने में देखा जाए तो जापानी लड़कियों की स्किन काफी ज्यादा ग्लोइंग और खूबसूरत होती है।

जापानी लड़कियों जैसी ग्लास स्किन पाने लिए हम सभी ना जाने क्या-क्या ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार रिजल्ट ना मिलने पर निराश हो जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी जापानी लड़कियों की तरह ग्लोइंग और खूबसूरत स्किन पाना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 5 जापानी नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं।

***फेशवॉस***

जापानी लड़कियों की तरह चमकती त्वचा पाने के लिए बार-बार चेहरा धोएं। इसके अलावा अगर आपको कोई तेल आदि सूट करता है। तो उससे अपने फेस की मसाज जरूर करें। बता दें कि तेल फेस पर जमी गंदगी को साफ कर चमकदार स्किन देने में मददगार होता है।

***गरम पानी से नहाएं***

स्किन के लिए गरम पानी काफी अच्छा माना जाता है। लेकिन भारतीय सिर्फ सर्दी आदि के मौसम में गरम पानी से नहाते हैं। जापानियों की मानें तो गरम पानी से नहाने से आपकी स्किन अच्छी रहती हैं।

***शीट मास्क लगाना***

मार्केट में आपको कई तरह के शीट मास्क मिल जाएंगे। इनको फेस पर लगाने से आपकी स्किन ग्लोइंग बनती है। इसलिए शीट मास्क का इस्तेमाल जरूर करें।

***फेस मसाज***

स्किन को ग्लो कराने में फेस मसाज की अहम भूमिका होती है। क्योंकि फेस मसाज के आपके चेहरे का ब्लड सर्कुलेशन अच्छा रहता है। ऐसे में आप जिस भी क्रीम से मसाज करती हैं, उसे स्किन काफी अच्छे से सोख लेती है। साथ ही आपकी स्किन को ग्लोइंग बनाती है।

# पिंपल्स की समस्या को दूर करने के लिए अपनाएं ये टिप्स, कुछ ही दिनों में दिखेगा असर

हर महिला की चाहत होती है, उसकी त्वचा कोमल और बेदाग नजर आए। लेकिन अनहेल्दी लाइफस्टाइल, प्रदूषण और जंक फूड आदि का भी हमारी स्किन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। हम आपको बताने जा रहे हैं कि मुंहासे के लालपन और सूजन को कम करने में बर्फ की सिकाई कितनी कारगर है।

हर महिला की चाहत होती है, उसकी त्वचा कोमल और बेदाग नजर आए। लेकिन अनहेल्दी लाइफस्टाइल, प्रदूषण और जंक फूड आदि का भी हमारी स्किन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में चेहरे पर मुंहासे आदि हो जाते हैं। मुंहासे होने पर इसके दाग हमारी त्वचा पर रह जाने से खूबसूरती प्रभावित होती है। ऐसे में मुंहासों को बर्फ की सिकाई से ठीक किया जा सकता है। लेकिन यह नुस्खा कितना ज्यादा फायदेमंद है। ऐसा कई महिलाएं करती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मुंहासे के लालपन और सूजन को कम करने में बर्फ की सिकाई कितनी कारगर है। स्किन एक्सपर्ट्स की मानें तो बर्फ की सिकाई से लालपन और सूजन को काफी हद तक कम किया जा सकता है। लेकिन स्किन एक्सपर्ट्स बर्फ की जगह कोल्ड कंप्रेसर से मुंहासे की सिकाई करने की सलाह देते हैं। बर्फ की सिकाई से कई बार सेंसिटिव स्किन वाली महिलाओं की त्वचा डैमेज हो सकती है। साथ ही यह पील ऑफ होना भी शुरू हो सकती है।

***त्वचा पर कैसे करें बर्फ का इस्तेमाल***

अगर आपकी स्किन ऑयली या ड्राई है, तो आपको मुंहासो की समस्या हो सकती है। ऐसे में आप बर्फ का इस्तेमाल कर सकती हैं। ड्राई स्किन वालों को साधारण पानी से बनी बर्फ की जगह उन आइस क्यूब्स का इस्तेमाल करना चाहिए। जो मुंहासे की सूजन को कम करने के साथ ही स्किन को ड्राई नहीं होने दे।

***आइस क्यूब बनाने की विधि***



आइस क्यूब्स बनाने के लिए पानी में दालचीनी का पाउडर अच्छे से मिक्स कर लें और फिर इसे आइस ट्रे में जमा लें। आइस क्यूब बनने के बाद आप मुंहासों पर इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा आप एलोवेरा जेल को भी जमाकर इसके इस्तेमाल अपने चेहरे पर निकले मुंहासों पर कर सकती हैं। इस उपाय को करने से मुंहासे की समस्या से निजात मिलेगी और मुंहासे का लालपन भी खत्म हो जाएगा। बता दें कि एलोवेरा जेल एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं।

आप चाय के पानी को उबालकर भी आइस क्यूब्स बना सकती हैं। यह मुंहासों की सूजन को कम करने का अच्छा ऑप्शन है।

***मुंहासे पर बर्फ या कोल्ड कंप्रेसर का इस्तेमाल***

हांलाकि वैसे तो आप कभी भी कोल्ड कंप्रेसर या फिर बर्फ का इस्तेमाल मुंहासे पर कर सकती हैं। लेकिन मेकअप करने से पहले आपको 2 से 3 बार चेहरे पर बर्फ का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। ऐसा करने से मुंहासे की सूजन और लालपन कम होगा और मेकअप अच्छा होगा। इसलिए मेकअप करने से पहले 2-3 बार चेहरे की सिकाई करें फिर 15 मिनट रुकने के बाद मेकअप शुरू करें।

***इन बातों का रखें खास ख्याल***

स्किन पर बर्फ रगड़ने से घाव भी हो सकता है। साथ ही मुंहासे भी छिल सकते हैं।

डायरेक्ट बर्फ को चेहरे पर लगाने की बजाय आप आप रुमाल में बर्फ को बांध कर उसकी सिकाई कर सकती हैं।

5 मिनट से ज्यादा मुंहासे की बर्फ से सिकाई नहीं करनी चाहिए।

अगर मुंहासे से पस निकलता है, तो बर्फ से सिकाई करने की जगह फेशियल स्टीम करें।

# कॉम्बिनेशन स्किन के लिए घर पर ही बनाएं ये फेस सीरम

कॉम्बिनेशन स्किन के लिए एक सही सीरम ढूंढना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में अगर आप चाहें तो घर पर ही अपनी स्किन के लिए फेस सीरम बना सकते हैं। इस तरह आपके पैसे भी बच जाएंगे और स्किन को कोई नुकसान भी नहीं होगा।

स्किन को अतिरिक्त पोषण देने के लिए हम सभी सीरम का इस्तेमाल करते हैं। यूं तो मार्केट में अलग-अलग ब्रांड्स के कई फेस सीरम मिलते हैं, जिन्हें आप अपनी स्किन टाइप के अनुसार चुन सकते हैं। लेकिन ये काफी महंगे होते हैं। इतना ही नहीं, कॉम्बिनेशन स्किन के लिए एक सही सीरम ढूंढना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में अगर आप चाहें तो घर पर ही अपनी स्किन के लिए फेस सीरम बना सकते हैं। इस तरह आपके पैसे भी बच जाएंगे और स्किन को कोई नुकसान भी नहीं होगा। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कॉम्बिनेशन स्किन के लिए घर पर ही फेस सीरम बनाने के तरीके के बारे में बता रहे हैं

खीरा और विच हेज़ल से बनाएं सीरम अगर आपकी कॉम्बिनेशन स्किन है तो ऐसे में खीरे और विच हेज़ल की मदद से सीरम बनाना अच्छा विचार हो सकता है।



***आवश्यक सामग्री***

- एक खीरा छीलकर ब्लेंड किया हुआ
- 2 चम्मच विच हेज़ल
- 2 चम्मच एलोवेरा जेल

सीरम बनाने का तरीका-

- सीरम बनाने के लिए खीरे को तब तक ब्लेंड करें जब तक यह एक चिकना पेस्ट न बन जाए।
- अब इसमें विच हेज़ल और एलोवेरा जेल मिलाएं।
- तैयार मिश्रण को एक गहरे रंग की कांच की ड्रॉपर बोतल में डालें।
- अब अपने चेहरे और गर्दन पर इसकी कुछ बूंदें लगाएं।

***गुलाब जल और एलोवेरा जेल से बनाएं सीरम***

यह एक बेहद ही हाइड्रेटिंग सीरम है, जो आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। अगर आपकी स्किन कॉम्बिनेशन होने के साथ-साथ सेंसेटिव भी है तो आप इस सीरम को अप्लाई कर सकते हैं।

***आवश्यक सामग्री***

- 2 बड़े चम्मच गुलाब जल
- 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल
- 1 बड़ा चम्मच वेजिटेबल ग्लिसरीन
- लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 2-3 बूंदें

सीरम इस्तेमाल करने का तरीका-

- सबसे पहले एक बाउल में सभी सामग्री डाल लें।
- अब एक गहरे रंग की कांच की ड्रॉपर बोतल लें और उसमें तैयार सीरम डालें।
- इसे हर इस्तेमाल से पहले अच्छी तरह हिलाएं।
- अपनी स्किन को क्लीन करने के बाद और मॉइस्चराइजिंग से पहले अपने चेहरे और गर्दन पर कुछ बूंदें लगाएं।

# चेहरे से हटाना चाहती हैं अनचाहे बाल तो अपनाएं ये तरीका, खिला-खिला रहेगा फेस

चेहरे या शरीर पर मौजूद अनचाहे बाल अक्सर सुंदरता को कम करते हैं। अनचाहे बालों को हटाने के लिए लोग तमाम तरह की चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में अनचाहे बालों को हटाने के लिए सुरक्षित तरीका अपनाना चाहिए।

चेहरे या शरीर पर मौजूद अनचाहे बाल अक्सर सुंदरता को कम करते हैं। अनचाहे बालों को हटाने के लिए लोग तमाम तरह की चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं महिलाएं फेस के बालों को हटाने के लिए थ्रेडिंग, ब्लीच और क्रीम जैसी चीजों का इस्तेमाल करती हैं। इन चीजों से अनचाहे बाल भले ही हट जाते हैं, लेकिन यह आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचाता है।



इसके कारण त्वचा का कलर भी बदल जाता है। वहीं अनचाहे बालों को हटाने का यह प्रोसेस भी काफी दर्दनाक होता है। ऐसे में हम आपको इस आर्टिकल के जरिए फेस से अनचाहे बालों को हटाने के लिए किन चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। शरीर में एमिन होने वाले हार्मोनल बदलाव और कुछ समस्याओं के कारण महिलाओं के फेस पर अनचाहे बाल आ जाते हैं। हालांकि फेस के बाल हटाने के लिए मार्केट में कई तरह के प्रोडक्ट मिलते हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट में केमिकल होने के कारण त्वचा पर इसका असर दिखता है। इससे चेहरे की स्किन को कई तरह का नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में अनचाहे बालों को हटाने के लिए सुरक्षित तरीका अपनाना चाहिए।

***हल्दी और एलोवेरा***

चेहरे पर मौजूद अनचाहे बालों को हटाने के लिए हल्दी और एलोवेरा का इस्तेमाल किया जाता है। दो चम्मच एलोवेरा जेल, आधा चम्मच हल्दी और गुलाबजल का गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इसको चेहरे पर लगाकर सूखने के लिए छोड़ दें। जब यह सूख जाए तो हल्के हाथों से मसाज करते हुए चेहरे को पानी से धो लें। इस प्रक्रिया के रोजाना इस्तेमाल से चेहरे के अनचाहे बालों की ग्रोथ को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

***एलोवेरा और बेसन***

चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने में एलोवेरा और बेसन पेस्ट भी काफी मददगार होता है। रोजाना इस पेस्ट के इस्तेमाल से फेसियल हेयर ग्रोथ को कम किया जा सकता है। इसके लिए 2 चम्मच बेसन, गुलाब जल, नींबू का रस और एलोवेरा जेल मिक्स कर लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और सूखने के बाद उंगलियों की मदद से इसे हटाकर साफ कर लें।

***एलोवेरा और नींबू का रस***

चेहरे से अनचाहे बालों को हटाने में नींबू का रस और शहद का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए ओट्स, शहद, नींबू का रस और एलोवेरा को अच्छे से मिक्स कर लें। फिर इसे अपने चेहरे पर अप्लाई करें और बालों के बढ़ने के विपरीत दिशा में चेहरे की मालिश करें। करीब 15 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो डालें।

# इन तरीकों से इस्तेमाल करें छाछ, मिलेंगे खूबसूरत व लंबे बाल

अगर आपके बाल रूखे हैं तो ऐसे में उसे कंडीशन करने के लिए छाछ की मदद ली जा सकती है। छाछ बालों को गहराई से हाइड्रेट और मॉइश्चराइज़ करता है, जिससे बाल अधिक सिल्की व स्मूथ नजर आते हैं।

काले, लंबे व घने बाल पाने के लिए हम सभी कई उपाय अपनाते हैं। यहां तक कि मार्केट में मिलने वाले कई तरह के हेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। इन सभी प्रोडक्ट्स में हम काफी पैसे खर्च करते हैं, जबकि वास्तव में अगर आप चाहें तो अपनी किचन में मौजूद आइटम्स की मदद से ही अपने बालों को बेहद खूबसूरत व सिल्की बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको छाछ की मदद से बालों की केयर करने के कई अलग-अलग तरीकों के बारे में बता रहे हैं-

***बालों को करें कंडीशन***

अगर आपके बाल रूखे हैं तो ऐसे में उसे कंडीशन करने के लिए छाछ की मदद ली जा सकती है। छाछ बालों को गहराई से हाइड्रेट और मॉइश्चराइज़ करता है, जिससे बाल अधिक सिल्की व स्मूथ नजर आते हैं।

***आवश्यक सामग्री***

- 200 मिली छाछ
- 1 कटोरी उबले चावल
- 1 विटामिन ई कैप्सूल

इस्तेमाल करने का तरीका-

- सबसे पहले उबले हुए चावलों को ब्लेंड करके उसका मुलायम पेस्ट बना लें।
- अब इस पेस्ट में छाछ और विटामिन ई कैप्सूल डालें और अच्छी तरह मिलाएं।
- तैयार मिश्रण को अपने सूखे बालों पर



हेयर मास्क की तरह लगाएं और एक घंटे के लिए छोड़ दें।
- इसके बाद बालों को जेंटल शैम्पू से वॉश करें।

***रूसी को कहें बाय-बाय***

अगर आप अपने बालों में रूसी की समस्या से परेशान हैं तो ऐसे में छाछ का इस्तेमाल करने से यकीनन आपको काफी मदद मिल सकती है। यह स्कैल्प में मौजूद सूखेपन को दूर करता है।

***आवश्यक सामग्री***

- एक चौथाई कप छाछ
- 2 बड़े चम्मच बेसन
- 1 चम्मच जैतून का तेल

इस्तेमाल का तरीका-

- इसे इस्तेमाल करने के लिए एक कटोरे में छाछ, बेसन और जैतून का तेल मिलाएं।
- अब तैयार पेस्ट को अपने स्कैल्प और बालों की जड़ों पर लगाएं।
- हल्के हाथों से सिर की मसाज करें। करीबन 30 मिनट बाद अपने बालों को हल्के शैम्पू से धो लें।

***हेयर क्लींजर की तरह करें इस्तेमाल***

अगर आप चाहें तो छाछ का इस्तेमाल बतौर नेचुरल हेयर क्लींजर भी कर सकते हैं। इसके लिए आपको अन्य किसी चीज की आवश्यकता नहीं होगी।

***आवश्यक सामग्री***

- आधा कप छाछ

इस्तेमाल का तरीका

- छाछ का इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहल छाछ को अपनी स्कैल्प पर लगाएं।
- अब स्कैल्प और बालों ही हल्की मालिश करें।
- अंत में, इसे अच्छी तरह से धो लें।
- यह अतिरिक्त तेल और प्रोडक्ट बिल्डअप को हटाने में मदद कर सकता है।

अवधनामा

# सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री शिंदे को लगाई फटकार

**अध्यक्ष**

**महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष की ओर से सालिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए थे।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कई अन्य विधायकों के विरुद्ध लंबित उद्धव ठाकरे गुट की अयोग्यता याचिकाओं को निपटाने में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष द्वारा देरी किए जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि किसी को विधानसभा अध्यक्ष को यह सलाह देनी होगी कि शीर्ष अदालत के आदेश को वह परास्त नहीं कर सकते। अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला अगले विधानसभा चुनाव से पहले लेना होगा, अन्यथा पूरी प्रक्रिया निरर्थक हो जाएगी। कोर्ट ने विस अध्यक्ष को सुनवाई का कार्यक्रम और टाइमलाइन तय करके बताने का निर्देश दिया। यह भी कहा कि अगर कोर्ट स्पीकर द्वारा तय की गई टाइमलाइन से संतुष्ट नहीं होगा, तो वह दो महीने के भीतर फैसला करने का निर्देश दे सकता है। ये टिप्पणियां प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने उद्धव ठाकरे गुट की ओर से दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान शुक्रवार को कीं। उद्धव गुट ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि महाराष्ट्र के विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश दिया जाए कि वह लंबित अयोग्यता याचिकाओं का निपटारा करें।उद्धव गुट की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि स्पीकर ने याचिकाओं पर सुनवाई का एक साल लंबा टाइम शिड्यूल तय किया है।

सिब्बल ने कहा, यह कोई सिविल कोर्ट नहीं है, जिसमें इस तरह साक्ष्य आदि की लंबी प्रक्रिया अपनाई जाए। कोर्ट स्पीकर को जल्दी सुनवाई कर याचिकाएं निपटाने का निर्देश दे। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष की ओर से सालिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए थे। पीठ ने कहा कि पिछली बार यह सोच कर उनसे टाइम शिड्यूल मांगा गया था कि कुछ समझदारी दिखाएंगे और सुनवाई में अनिश्चित देरी नहीं करेंगे। उन्हें यह दर्शाना चाहिए कि वह मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। 10वीं अनुसूची के तहत स्पीकर एक ट्रिब्यूनल की तरह काम करते हैं।

## भारतीय तटरक्षक ने बचाई चीनी चालक दल के सदस्य की जान



**नई दिल्ली।** एक 49 साल के चीनी चालक दल के सदस्य को बहुत कम दृश्यता की स्थिति के कारण भारतीय तटरक्षक जहाज सी-439 ने आज मुंबई तट से 15 समुद्री मील दूर पनामा के एमटी हुआ वेई से निकाला। बता दें कि व्यक्ति को हेमिप्लेजिया के साथ स्ट्रोक भी हुआ था। मरीज को एक अटेंडेंट के साथ चिकित्सा के लिए पोत एजेंट को सौंप दिया गया है। जो उसका आगे का इलाज करेंगे। एक अधिकारी ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि स्ट्रोक और हेमटेल्गिया से पीड़ित एक चीनी चालक दल के सदस्य को भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) ने मुंबई के तट से लगभग 40 किमी दूर अरब सागर में एक जहाज से निकाला था। शुक्रवार की देर रात, यहां समुद्री बचाव समन्वय केंद्र को पनामा-ध्वजांकित जहाज, एमटी हुआ वेई 8 से एक 49 वर्षीय चालक दल के सदस्य की संकटपूर्ण कॉल मिली, जो गंभीर रूप से बीमार था। जहाज न्यू मैंगलोर बंदरगाह से पाकिस्तान में कराची के पास मुहम्मद बिन कासिम बंदरगाह के रास्ते में था और चिकित्सा आपातकाल के कारण, जहाज ने चालक दल के सदस्यों को चिकित्सा सहायता के लिए मुंबई की ओर अपना रास्ता बदल दिया। इससे पहले शनिवार को, जहाज के कप्तान और स्थानीय एजेंटों ने मरीज को निकालने के लिए आईसीजी से मदद का अनुरोध किया था क्योंकि कोई टग उपलब्ध नहीं था।

## चावल फोर्टिफिकेशन लेबलिंग मानदंडों के तहत उठाए गए कदमों से अवगत कराए केंद्रः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम, 2018 के तहत उठाए गए सभी कदमों के बारे में अवगत कराने का निर्देश दिया। स्ट ने कहा कि फोर्टिफाइड चावल की थैलियों पर लगे लेबल पर यह भी सलाह दी जानी चाहिए कि यह सिकल सेल (Sickle Cell) एनीमिया और थैलेसीमिया से पीड़ित लोगों के लिए हानिकारक है। न्यायमूर्ति एसके कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने केंद्र सरकार को चार सप्ताह के अंदर एक हलफनामा दायर कर उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देने को भी कहा।

मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट में राजेश कृष्णन और कई अन्य लोगों ने याचिका दायर कर मांग की थी कि फोर्टिफाइड चावल की बोरियों पर खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य पदार्थों का फोर्टिफिकेशन) विनियम, 2018 के खंड 7(4) के तहत अनिवार्य लेबलिंग होनी चाहिए। पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि केंद्र की ओर से एक वकील कोर्ट में उपस्थित होंगे और वह बताएंगे की वर्तमान याचिका में शिकायत के विषय के संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं और इस मामले में पहले कोई कार्रवाई हुई है या नहीं। पीठ ने कहा कि इस मामले में चार सप्ताह के अंदर एक हलफनामा दायर किया जाए। मालूम हो कि खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य पदार्थों का सुदृढ़ीकरण) विनियम, 2018 के तहत सूक्ष्म पोषक तत्व आयरन से भरपूर भोजन के प्रत्येक पैकेज पर यह लिखा हुआ होना चाहिए कि थैलेसीमिया से पीड़ित लोगों को चिकित्सकीय देखरेख में रखा जा सकता है और सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित लोगों को आयरन-फोर्टिफाइड खाद्य उत्पादों का सेवन न करने की सलाह दी जाती है।



## चेन्नई पहुंची सोनिया और प्रियंका गांधी, डीएमके के महिला अधिकार सम्मेलन में होंगी शामिल



**चेन्नई।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ शनिवार को द्रमुक महिला अधिकार सम्मेलन में भाग लेने के लिए चेन्नई पहुंची हैं। हवाई अड्डे पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि और टीआर बालू ने उनका स्वागत किया। शुक्रवार को चेन्नई एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी का जोरदार स्वागत किया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अध्यक्षता में होने वाले सम्मेलन में संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण को तत्काल लागू करने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव डाला जाएगा।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को चेन्नई में सम्मेलन स्थल नंदनम वाईएमसीए मैदान का निरीक्षण किया। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) पार्टी की उप महासचिव के कनिमोझी ने सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत भर की प्रमुख महिला नेताओं को आमंत्रित किया।

## भारत-लंका नौका सेवा का शुभारंभ वास्तव में बड़ा कदमः विदेश मंत्री जयशंकर

**घोषणा**

**नौका सेवा जुलाई में दोनों देशों के नेताओं द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप शुरू की गई थी।**



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि तमिलनाडु के नागपट्टिनम से श्रीलंका में जाफना के पास कांकेसंथुराई तक यात्री नौका सेवा की शुरुआत लोगों से लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए एक वास्तव में बड़ा कदम है। नौका सेवा के शुभारंभ पर एक आभासी समारोह में जयशंकर ने कहा कि कनेक्टिविटी, सहयोग और संपर्कों पर ध्यान देने के साथ भारत का अपने निकटतम देशों के लिए उदार और दूरदर्शी दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा, भविष्य में हम ग्रिड कनेक्शन, पाइपलाइन और आर्थिक गलियारे पर विचार कर रहे हैं। इसके साथ ही निश्चित रूप से श्रीलंका में सभी को समान सम्मान और समान अधिकारों के साथ रहने के लिए समर्थन दिया जाएगा। भारत द्वीप राष्ट्र में तमिल समुदाय की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनके लिए सम्मान और सम्मान का जीवन सुनिश्चित करने के लिए कोलंबो को संदेश देता रहा है। नौका सेवा जुलाई में दोनों देशों के नेताओं द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप शुरू की गई थी। जयशंकर ने कहा, भारत और श्रीलंका के बीच लोगों से लोगों के बीच संपर्क के लिए यह वास्तव में एक बड़ा कदम है। इसे प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने मान्यता दी थी। हाई-स्पीड नौका का संचालन शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जाता है और इसकी क्षमता 150 यात्रियों की है। अधिकारियों के अनुसार, नागपट्टिनम और कांकेसंथुराई के बीच लगभग 60 समुद्री मील (110 किमी) की दूरी, समुद्र की स्थिति के आधार पर लगभग 3.5 घंटे में तय की जाएगी।


जयशंकर ने अपनी टिप्पणी में भारत की पड़ोसी पहले नीति और पड़ोसी देशों के साथ कनेक्टिविटी और सहयोग को बढ़ावा देने पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, यह वही निर्णय है जो हम इस नौका के माध्यम से करना चाहते हैं। यह चेन्नई-जाफना उड़ानों में पहले से ही दिखाई दे रहा है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने मंजूरी दे दी है।

## केरल के कन्नूर में हादसे के बाद ऑटोरिक्शा में लगी आग

**कन्नूर।** कथिरूर के पास सीएनजी ऑटोरिक्शा के दुर्घटनाग्रस्त होने और आग लगने से दो लोगों की जलकर मौत हो गई। रात करीब साढ़े आठ बजे हुए इस दर्दनाक हादसे में ड्राइवर अभिलाष (37) और उसके दोस्त शैजेश (36) की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ऑटोरिक्शा एक निजी बस से टकरा गया और आग लगने से पहले पलट गया। चश्मदीदों ने पुलिस को बताया कि उनके हस्तक्षेप करने से पहले ही सिलेंडर से लगी आग ने ऑटोरिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया। समाचार एजेंसी पीटीआई की खबर के मुताबिक, पुलिस ने कहा कि आग के कारण स्थानीय लोग वाहन के पास नहीं जा पा रहे थे।

बाद में अग्निशमन दल ने आग बुझाई और पुलिस ने शवों को पास के अस्पताल में पहुंचाया।

## इजरायल से भारत पहुंचे भारतीय नागरिकों ने लगाए वंदे मातरम के नारे



**नई दिल्ली।** इजरायल और हमास के बीच भयंकर युद्ध जारी है। इस बीच इजरायल में दूसरे देशों के भी नागरिक फंसे हुए हैं। जिन्हें सही सलामत अपने-अपने घर पहुंचने की उम्मीद है। वहीं, भारत के भी कई नागरिक इजरायल में फंसे हुए हैं। जिन्हें बचाने के लिए भारत की ओर से ऑपरेशन अजय चलाया गया है। इस ऑपरेशन के माध्यम से भारत सरकार द्वारा इजरायल में फंसे हुए लोगों को सकुशल भारत लाया जा रहा है। वहीं, आज सुबह ऑपरेशन अजय के तहत इजरायल से 235 भारतीय नागरिकों को लेकर आ रही दूसरी फ्लाइट में यात्रियों ने वंदे मातरम के नारे लगाए। बता दें कि फ्लाइट आज सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरी थी। नागरिक सवार थे, जिन्हें इजरायल से सुरक्षित वापस लाया गया है। ऑपरेशन अजय के तहत अब तक 447 भारतीयों की इजरायल से निकासी हुई है। केंद्रीय राज्य मंत्री राजकुमार रंजन ने एयरपोर्ट पर इजरायल से वापस लौटे लोगों का स्वागत किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि दूसरी फ्लाइट से लौटे लोगों का स्वागत किया। भारतीय नागरिकों ने इजरायल से वापस लाने के लिए भारत सरकार का आभार जताया।

## वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी पर इजरायल का ताबड़तोड़ हमला, 2269 फलस्तीनियों की मौत

**इजरायल।** इजरायल और हमास के बीच आठवें दिन भी जंग जारी है। सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने युद्ध का एलान कर दिया है। इसी कड़ी में वह गाजा क्षेत्र में ताबड़तोड़ हमले कर रहा है।



वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में इजरायल के हमले में दो हजार 269 फलस्तीनी मारे गए, जबकि नौ हजार 814 घायल हो गए। मरने वालों में गाजा के दो हजार 215 लोग, जबकि घायलों में आठ हजार 714 लोग शामिल हैं। शामिल हैं। इजरायल के हमले में वेस्ट बैंक में 54 लोग मारे गए, जबकि 1100 घायल हो गए। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर किए गए एक पोस्ट में कहा कि द्बष्ठस्न ने हमास आतंकियों और उनके बुनियादी ढांचे को खत्म करने के लिए गाजा क्षेत्र में छापा मारा। इस दौरान सैनिकों ने कई साक्ष्य इकट्ठा किए। ये साक्ष्य बंधकों का पता लगाने में सहायता करेंगे। इजरायल डिफेंस फोर्स के मुताबिक, द्बष्ठस्न ने गाजा में हमास आतंकियों के ठिकानें और एंटी टैंक मिसाइल लॉन्चरों पर हमला करना जारी रखा है। उसने एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें रॉकेट हमलों के जवाब में गाजा पट्टी पर हमास की चौकियों को निशाना बनाया गया है।

हमास ने इजरायल पर सात अक्टूबर को हमला किया था, जिसके बाद इजरायल ने जंग का एलान कर दिया। द्बष्ठस्न ने गाजा पट्टी में कई हवाई हमले किए हैं। गाजा में इजरायल के हमले में अब तक 1800 से अधिक लोगों की मौत हुई है, जबकि छह हजार से ज्यादा लोग घायल हैं।

## श्रीलंका-भारत नौका सेवा से व्यापार और संस्कृति विकसित करने में मदद मिलेगी

**कोलंबो (श्रीलंका)।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने नौका सेवाओं की बहाली का स्वागत करते हुए शनिवार को कहा कि इससे दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी, व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि 41 साल के अंतराल के बाद श्रीलंका और भारत के बीच नौका सेवाओं की बहाली हुई है। भारत में नागपट्टिनम और श्रीलंका के उत्तरी प्रांत में जाफना के समीप कांकेसंथुराई के बीच नौका सेवा शनिवार को शुरू हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और श्रीलंका के बीच नौका सेवा की शुरुआत की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हम भारत और श्रीलंका के बीच राजनयिक और आर्थिक संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं।

# 24 घंटें में गाजा में 344 लोगों की मौत, 1,000 से अधिक घायल

**गाजा सिटी।** इजरायल-हमास के बीच चल रही जंग का आज 8वां दिन है और दोनों की तरफ से जवाबी हमले लगातार हो रहे है।

इस बीच हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में पिछले 24 घंटों में कम से कम 324 लोग मारे गए है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, मारे गए लोगों में 126 बच्चे और 88 महिलाएं शामिल है। वहीं, घायलों की संख्या 1,018 हो गई है। इस बीच उत्तर से बड़े पैमाने पर फलिस्तीनियों की निकासी के बीच विदेशियों को गाजा छोड़ने की अनुमति देने पर समझौता हो गया है। समाचार एजेंसी एसोसिएट प्रेस के मुताबिक, मिस्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मिस्र, इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका गाजा में विदेशियों को राफा सीमा पार करके मिस्र में प्रवेश करने की अनुमति देने पर सहमत हुए हैं।

**मंत्रालय**

**स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, मारे गए लोगों में 126 बच्चे और 88 महिलाएं शामिल है।**

अधिकारी ने शनिवार को कहा कि इजरायल उन क्षेत्रों पर हमला करने से परहेज करने पर सहमत हो गया है, जहां से विदेशी लोग घिरे हुए फलिस्तीनी क्षेत्र से बाहर निकलते समय गुजरेंगे। उन्होंने आगे कहा कि कतर भी वार्ता में शामिल था और प्रतिभागियों को फलिस्तीनी आतंकवादी समूहों, हमास और इस्लामिक जिहाद से भी मंजूरी मिली। रफा क्रॉसिंग पॉइंट के मिस्र की ओर के एक दूसरे अधिकारी ने कहा कि उन्हें गाजा से आने वाले विदेशियों के लिए शनिवार दोपहर को इसे फिर से खोलने के निर्देश मिले है। पहले अधिकारी ने कहा कि क्रॉसिंग पॉइंट के माध्यम से गाजा को मानवीय सहायता पहुंचाने की अनुमति देने के लिए बातचीत अभी भी चल रही है। दोनों अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर इसकी जानकारी दी। इजरायल ने उत्तरी गाजा पट्टी से फलिस्तीनियों को बड़े पैमाने पर निकालने का आदेश दिया है।



## तेज भूकंप के झटके से कांपी ताइवान की धरती, रिक्टर स्केल पर 5.3 मापी गई तीव्रता

**ताइपे।** ताइवान के पूर्वी तट पर शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 5.3 मापी गई है। कुछ देर के लिए ताइवान की राजधानी की सभी इमारतें काफी जोर से हिली, लेकिन अब तक नुकसान की कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। मौसम ब्यूरो ने कहा कि भूकंप का केंद्र हुलिएन काउंटी के पास समुद्र में 7.2 किमी (4.5 मील) की गहराई में था। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तेज भूकंप के झटकों के बाद से लोग दहशत में हैं। सभी अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल गए। मालूम हो कि ताइवान, दो टेक्टोनिक प्लेटों के जंक्शन के पास स्थित है और भूकंप के प्रति संवेदनशील है। इससे पहले, ताइवान के उत्तर-पूर्व में 18 सितंबर को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए है।

# अरब अमीरात और दक्षिण कोरिया ने पूरी की द्विपक्षीय व्यापार समझौता वार्ता

**संबंध**

**खाड़ी राज्य और दक्षिण कोरिया के बीच व्यापार और निवेश संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं।**




**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात और दक्षिण कोरिया ने एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत संपन्न की है। इसे व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के नाम से जाना जाता है। खाड़ी राज्य और दक्षिण कोरिया के बीच व्यापार और निवेश संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं। एक बयान में कहा गया है कि 2023 की पहली छमाही में द्विपक्षीय गैर-तेल व्यापार 3 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले साल की समान अवधि के समान है, लेकिन 2021 की तुलना में 21त्न अधिक है। कोरिया इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन और कोरियाई कंपनियों के एक संघ ने संयुक्त अरब अमीरात की घरेलू बिजली जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए अबू धाबी में 20 अरब डॉलर के परमाणु बराक पावर प्लांट की सभी चार इकाइयों का भी निर्माण किया। यह इस साल अप्रैल में चालू हो गया था। दक्षिण कोरिया उन पहले देशों में से एक था, जिसके साथ खाड़ी राज्य ने 2021 में सीईपीए के लिए बातचीत शुरू की थी। हालांकि, तीन महीने बाद, एशियाई राज्य ने छह सदस्यीय खाड़ी सहयोग परिषद ब्लॉक के साथ निष्क्रिय मुक्त व्यापार समझौते वार्ता को पुनर्जीवित किया, जिसमें से संयुक्त अरब अमीरात एक सदस्य है। यूएई के विदेश व्यापार मंत्री थानी अल जायोदी ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया, हमने इस साल की शुरुआत में कोरिया के साथ बातचीत फिर से शुरू की, क्योंकि हम दोनों एक समझौते को समाप्त करने और अपने संबंधित आर्थिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के इच्छुक थे।

उन्होंने कहा कि जीसीसी एफटीए वार्ता जारी रहेगी। दक्षिण कोरिया के व्यापार मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 2022 तक संयुक्त अरब अमीरात में लगभग 178 दक्षिण कोरियाई कंपनियां कारोबार कर रही थीं और कोरिया-यूएई सीईपीए संयुक्त अरब अमीरात में प्रवेश करने वाली दक्षिण कोरियाई कंपनियों की स्थिरता को बढ़ाएगा, जबकि यह मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में दक्षिण कोरियाई कंपनियों की गतिविधियों का भी समर्थन करेगा।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में छह निर्माण श्रमिकों की हत्या

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार रात बंदूकधारियों ने छह निर्माण श्रमिकों की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि बंदूकधारियों ने राजधानी क्वेटा से लगभग 606 किलोमीटर दक्षिण तुरबत शहर में आठ निर्माण श्रमिकों पर रात में गोलीबारी की। छह श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं।

घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारी हिदायतुल्ला दश्ती ने कहा %श्रमिक शहर में बन रहे एक निजी निर्माण परियोजना का हिस्सा थे। किसी भी समूह ने अभी तक हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। लगभग दो दशकों से बलूचिस्तान, स्वतंत्रता की मांग करने वाले बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और अन्य अलगाववादी समूहों के विद्रोह का स्थल रहा है। बलूच अलगाववादी भी अक्सर पंजाब के लोगों को निशाना बनाते हैं। इस क्षेत्र में इस्लामिक आतंकी संगठन भी सक्रिय है। हालांकि सरकार का कहना है कि उसने उग्रवाद को खत्म कर दिया है, लेकिन प्रांत में हिंसा जारी है।पुलिस अधिकारी ने कहा कि हथियारबंद लोग उस घर में घुस गए , जहां मजदूर रह रहे थे और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिससे उनमें से छह की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मजदूर बलूचिस्तान के बाहर से थे और शहर में एक निजी निर्माण परियोजना में काम करते थे। यह पहली बार नहीं है कि विभिन्न परियोजनाओं पर काम करने के लिए बलूचिस्तान आने वाले मजदूरों को अलगाववादी समूहों ने निशाना बनाया है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।



# शक्तिपूजा के लिए तैयार गुरु गोरक्षनाथ की तपोभूमि

## 15 अक्टूबर की शाम शक्ति मंदिर में सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे कलश स्थापना

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** नाथपंथ के अधिष्ठाता गुरु गोरखनाथ की तपोभूमि गोरक्षपीठ

- नवरात्र में गोरखनाथ मंदिर में 15 से 24 तक विजयादशमी महोत्सव

मां शक्ति की पूजा के लिए तैयार है। शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा रविवार, 15 अक्टूबर को गोरखनाथ मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम 5 बजे शक्ति मंदिर में कलश स्थापना करेंगे। इसके साथ ही विशेष अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे।

गुरु गोरक्षनाथ, जहां भगवान शिव के अवतार हैं। लिहाजा नाथपंथी योगी शैव मतावलम्बी हैं, लेकिन गोरक्षपीठ में शिव के साथ शक्ति की आराधना की अद्भुत परंपरा है। मठ के प्रथम तल



पर स्थित शक्ति मंदिर में पूरे नवरात्र अनवरत साधना चलती है। नवरात्र की पूर्णाहुति पर राघव अर्थात भगवान राम का राजतिलक करने की परंपरा अन्यत्र नहीं दिखती। विजयादशमी (दशहरा) पर राघव का राजतिलक करने के लिए गोरक्षपीठाधीश्वर खुद मौजूद रहेंगे। गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ बताते हैं कि शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा पर रविवार शाम 5 बजे गोरखनाथ मंदिर में परम्परागत कलश यात्रा निकलेगी। यह यात्रा मंदिर के परम्परागत सैनिकों की सुरक्षा में निकलेगी जिसमें सभी साधु-संत, पुजारी, योगी, वेदपाठी बालक, पुरोहित एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। कलश यात्रा में शिव, शक्ति और बाबा गोरखनाथ के अस्त्र त्रिशूल को मंदिर के मुख्य पुजारी योगी कमलनाथ लेकर चलते हैं। परंपरा के अनुसार त्रिशूल लेकर चलने वाले को 9 दिन मंदिर में ही रहना होता है। भीम सरोवर के जल से मठ के प्रथम तल पर कलश की स्थापना कर सीएम योगी आदित्यनाथ मां भगवती की उपासना करेंगे। मंदिर के प्रधान पुजारी ने बताया कि मठ में शारदीय नवरात्र में श्रीमददेवीभागवत की कथा एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ प्रतिपदा से पूरे नवरात्र प्रतिदिन सुबह एवं शाम 4 बजे 6 बजे तक चलेगा। देवी-देवताओं के आह्वान के साथ पूजन-आरती होती रहेगी। अष्टमी की रात्रि 22 अक्टूबर को सीएम योगी आदित्यनाथ महानिशा पूजन एवं हवन करेंगे। **तिलकोत्सव के बाद निकलेगी विजय शोभायात्रा:** विजयादशमी के दिन 24 अक्टूबर को सुबह 9 बजे गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ, श्रीनाथ जी (गुरु गोरखनाथ) का विशिष्ट पूजन करेंगे। उसके बाद सभी देव विग्रह एवं समाधि पर पूजन होगा। अपराह्न 1 बजे से 3 बजे तक तिलकोत्सव का कार्यक्रम चलेगा। उसके बाद 4 बजे से सीएम योगी रथ पर सवार होकर मानसरोवर मंदिर में देव विग्रहों का पूजन एवं अभिषेक करेंगे। उसके बाद मानसरोवर रामलीला मैदान में प्रभु श्रीराम का राजतिलक करेंगे।

### मातृ स्वरूप में कन्याओं के पांव पखारेंगे योगी

नौ दिन व्रतोपासना की पूर्णाहुति हवन और कन्या पूजन से होती है। 23 अक्टूबर को सुबह 8:30 बजे गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ कन्याओं का मातृ स्वरूप में पूजन कर उनके पांव पखारेंगे। बटुक भैरव के रूप में कुछ बालक भी इस पूजन अनुष्ठान में शामिल होंगे।

## सीएम योगी आज देंगे 233 करोड़ का उपहार

- नगर निगम के 189 कार्यों का करेंगे शिलान्यास
- कूड़े से चारकोल बनाने के प्लांट के लिए एनटीपीसी से होगा एमओयू

**गोरखपुर।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन 15 अक्टूबर, रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर को 233.20 करोड़ रुपये का उपहार देंगे। मुख्यमंत्री नगर निगम के 189 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं 114 कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा सीएम की मौजूदगी में नेशनल थर्मल पॉवर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) और नगर निगम के बीच कूड़े से चारकोल बनाने के प्लांट की स्थापना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर होगा।

रविवार को नगर निगम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम 11 बजे से होगा। शिलान्यास व लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री के हाथों महानगर क्षेत्र को सड़क, नाली, पेयजल, पथ प्रकाश जैसे बुनियादी। विकास कार्यों की सौगात मिलेगी। इसके साथ ही कूड़े से चारकोल बनाने की परियोजना को भी गति मिलेगी। इसके लिए एनटीपीसी ने पहल की है। एनटीपीसी, नगर निगम की तरफ से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए सहजनवा के सुथनी में ली गई जमीन पर 255 करोड़ रुपये की लागत से 500 टन प्रतिदिन की क्षमता का चारकोल प्लांट लगाएगा। चारकोल बनाने के लिए कूड़े की व्यवस्था नगर निगम की तरफ से की जाएगी। परियोजना का प्रस्तुतिकरण मुख्यमंत्री के समक्ष हो चुका है। रविवार को एनटीपीसी और नगर निगम के अधिकारी मुख्यमंत्री के सामने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेंगे। नगर निगम के कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बैंक रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के परिसर में पहुंचेंगे। वह यहां बैंक के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल होंगे। गोरखपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16 अक्टूबर को अपराह्न तीन बजे गीडा के सेक्टर 26 में मेसर्स सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (ज्ञान डेयरी) के प्लांट का लोकार्पण करेंगे।

## मिशन शक्ति के तहत एनसीसी ने निकाली रैली

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित 102 यूपी बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) द्वारा मिशन शक्ति के तहत रैली निकाल कर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वालंबन का संकल्प लिया गया। रैली का नेतृत्व एनसीसी ऑफिसर हरीकृष्ण और सीटीओ डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ हरिकृष्ण ने कहा कि देश व समाज में नारी का योगदान सभी के लिए प्रेरणादायक है। रैली में सागर जायसवाल, मोती लाल, अमित चौधरी, प्रियेश राम त्रिपाठी, भानु प्रताप सिंह, खुशी गुप्ता, अंशिका, प्रीति शर्मा, साक्षी, अमृता, गौरी कुशवाहा, निकिता, अनुष्का, ऋतु मौर्या, चांदनी निषाद, संजना शर्मा, पूजा सिंह, अभिषेक, सागर यादव, आदित्य विश्वकर्मा, कृष्णा त्रिपाठी, आदर्श मौर्या, हरयश्व साहनी, आशुतोष मणि त्रिपाठी आदि ने नारी सम्मान के उदघोष से जन-जन को जोड़ने का संकल्प लिया।




### रैली निकाल नारी सुरक्षा पर किया जागरूक

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा सम्मान एवं स्वालंबन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार रैली का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे ने किया। रैली विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर सोनबरसा ग्राम होते हुए प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा तक गई वहां पुनः वापस आकर विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर समाप्त हुई। सम्पूर्ण रैली के दौरान छात्राओं ने महिलाओं को जगह-जगह रुककर जागरुक किया। इस दौरान नारों के माध्यम पूरा क्षेत्र गुंजयमान हो गया। रैली में कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पांडेय, डॉ विकास कुमार यादव, सत्यभामा, सुप्रिया गुप्ता अभिनव कुमार सिंह राठौड़ एवं सभी इकाइयों के स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

## मिशन शक्ति फेज-04 शक्ति दीदी अभियान का हुआ आगाज

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** शासन के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने एवं जागरुक करने हेतु 14 अक्टूबर शनिवार को जिला मुख्यालय रविन्द्र नगर धूस स्थित पुलिस चौकी से नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के तहत मिशन शक्ति फेज-04 शक्ति दीदी अभियान का क्षेत्रीय सांसद विजय कुमार दूबे, जिलाधिकारी उमेश मिश्र व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर शुभारम्भ किया गया।

मिशन शक्ति फेज-04 के विशेष अभियान ÷शक्ति दीदी÷ के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गांवों में जन चौपाल लगाकर व बस स्टैंड, बाजार, गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं, महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं, बालिकाओं से जुड़



मिशन शक्ति फेज 4 का हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद, डीएम व एसपी

- महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु चलाया जा रहा अभियान

कर उन्हे सशक्त बनाने का प्रयास किया जायेगा। शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं, बालिकाओं को शासन, यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाए जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जायेगा। महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाने का प्रयत्न किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कहा कि महिलाओं के समस्याओं की सुनवाई हेतु जनपद के प्रत्येक थानों पर महिला हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। जिसमें महिलाओं की समस्या महिला पुलिस कर्मियों द्वारा सुनी जाती है। महिलाओं की शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाता है शिकायतों के निस्तारण के पश्चात शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाता है। कहा कि शिकायती प्रार्थना



रैली निकाल जागरूक करती महिलाएं

पत्रों का निस्तारण बीट पुलिस अधिकारी द्वारा समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण रुप से किया जाता है। महिला पुलिस कर्मियों की थानों के बीटों पर नियुक्ति की गई है ताकि महिला पुलिस कर्मी थाना पुलिसिंग के अन्य क्षेत्रों में भी अपनी सहभागिता बनाए रखे। उन्होंने महिलाओं, छात्राओं को बताया कि महिलाओं, बालिकाओं को कभी भी आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना, महिला सुरक्षा विशेष दल व उप्र पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं, बालिकाओं हेतु चलाए जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। आप की वार्ता को सार्वजनिक नहीं किया जाता है। सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षा, सहायता हेतु महिला हेल्प डेस्क बनाया गया है। इसी क्रम में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के तहत मिशन शक्ति फेज-04 शक्ति दीदी अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार मे क्षेत्रीय सांसद विजय कुमार दूबे, जिलाधिकारी उमेश मिश्र, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल व मुख्य विकास अधिकारी गुन्जन द्विवेदी द्वारा महिला पुलिस कर्मियों को राजकीय कार्यों के प्रति और अधिक जागरुक एवं प्रोत्साहित किए जाने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पीड़ित परिवार से मिला सपा का प्रतिनिधिमंडल

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश



यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की ओर से नियुक्त प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को विधायक महाराजी प्रजापति के साथ परसौली गांव जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और शोक संवेदना जताई। विधायक ने पीड़ित परिजनों को हमेशा साथ खड़े रहने का भरोसा देते हुए 50000रु की आर्थिक सहायता प्रदान की। पांच अक्टूबर को गांव के एक युवक राम अवतार को दो युवकों ने लोटा चोरी के आरोप में पीट कर मार डाला था। कोतवाली पुलिस की ओर से मामले में दर्ज की गई रिपोर्ट को लेकर विरोध चल रहा है। पुलिस ने आरोपी दो युवकों को जेल भेज दिया है। शनिवार को समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित गुप्ता परिवार से मुलाकात की और घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष राम उदित यादव पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के पुत्र अनिल प्रजापति अनुराग प्रजापति धर्मेंद्र सोलंकी राम कुमार भुर्जी उदय प्रकाश यादव मुकेश भुर्जी गंगा दीन भुर्जी धीरज पाल मुन्नू यादव महावीर कश्यप भीम यादव जयसिंह प्रताप यादव आदि मौजूद रहे।

## बॉक्सिंग प्रतियोगिता में चैंपियन छात्रों का स्वागत



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित श्री शिव प्रताप इंटर कॉलेज के छात्र बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गत दिनों बाराबंकी गए थे जहां छात्रों ने जमकर अपना कौशल दिखाया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के 14 बच्चे गोल्ड मेडल हाशिल किए। जिनमें गुरदीप इशांत अमन शर्मा आदर्श तिवारी प्रवीण यादव अतुल सिंह आयुष सिंह वैभव त्रिपाठी अमित राव नीतीश कुमार आकाश मौर्य आयुष गुप्ता सुरेश पांडे रहे। शुक्रवार उक्त बच्चे कॉलेज पहुंचे जहां कॉलेज के प्रधानाचार्य नवल किशोर सिंह की अगुवाई में शिक्षकों ने इन बच्चों का स्वागत किया। अध्यक्ष बॉक्सिंग शिव बहादुर यादव ने बताया कि मंडल में चयनित 26 बच्चों में से 14 बच्चे राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित है 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक लखनऊ के बाबू केडी सिंह स्टेडियम मे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी।

## अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** थाना रामपुर कारखाना की पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना के आधार पर गौरा चौराहा थाना रामपुर कारखाना पर स्थित एक श्रृंगार की दुकान पर छापेमारी कर तीन अभियुक्तगणों को 26.15 चद्द अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय उपस्थित क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी के समक्ष जामा तलाशी के दौरान अभियुक्त सनी दयाल उर्फ सन्नी पुत्र स्व0 बुद्धिचन्द चौहान निवासी बैकुण्ठपुर थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया के पास से एक प्लास्टिक के बोरे मे 20.1 कि0ग्रा0, अभियुक्ता संगीता देवी पत्नी सनी दयाल उर्फ सन्नी निवासी बैकुण्ठपुर थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया के पास से एक मोटे कपड़े के थैले से 4 कि0ग्रा0 व अभियुक्ता मुनिया देवी पत्नी स्व0 बुद्धिचन्द चौहान निवासी बैकुण्ठपुर थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया के पास से एक प्लास्टिक के थैले से 1.9 कि0 ग्रा0 अवैध गांजा बरामद हुआ। इस बरामदगी के आधार पर थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया पर अन्तर्गत धारा 8/20 एनडीपीसी एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए उन्हें मा0 न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार जनपद देवरिया भेजा गया।

## मिशन शक्ति से सशक्त हुई हैं महिलाएं: रविन्दर

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में मिशन शक्ति फेज 4 का शुभारंभ किया जिसका सजीव प्रसारण कलक्ट्रेट स्थित एनआईसी में जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर सांसद सलेमपुर रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है।

महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं।योगी सरकार ने बालिकाओं के प्रति आमजन की सकारात्मक सोच विकसित करने हेतु मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना लागू की, जिसके अन्तर्गत लाभार्थी बालिका को 15,000 रुपये की धनराशि से लाभान्वित किया जाता है। अब तक प्रदेश में 16.24 लाख पात्र बालिकायें लाभान्वित हो चुकी हैं। प्रदेश में 29 लाख से अधिक निराश्रित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये का निराश्रित महिला पेंशन




दिया जा रहा। सरकार के प्रयासों से महिलाएं निरंतर सशक्त हो रही हैं। सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि योगी सरकार महिलाओं को सम्मान एवं गरिमापूर्ण जीवन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाएं नए भारत की शिल्पकार हैं। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का शुभारंभ शक्ति स्वरूपा नारी के सशक्तिकरण के लिए की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अब तक तीन लाख से अधिक लोगों का विवाह हुआ है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत गर्भवती व धात्री माताओं को छह हजार रुपये दिए जा रहे हैं। मिशन वात्सल्य से बच्चों को सुरक्षा एवं संरक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य के अंतर्गत प्रदेश में 75,811 बच्चों को उनके माता-पिता एवं अभिभावकों से मिलाया गया है तथा 1436 से अधिक संभावित बाल विवाह को रोका गया है। विधायक रामपुर कारखाना सुरेंद्र चौरसिया ने राज्य सरकार की योजनाओं का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए प्रदेश में 1584 थानों में महिला हेल्पडेस्क का गठन किया गया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से लैंगिक अनुपात सुधरा है और आर्थिक क्षेत्र में बेटियों की भागीदारी बढ़ी है। जिलाधिकारी अखंड

- मुख्यमंत्री ने किया मिशन शक्ति फेज 4 का शुभारंभ

प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि महिलाओं के लिए 1090, 181 एवं 112 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबर मौजूद है, जहां शिकायत दर्ज करने के बाद त्वरित कार्रवाई की जाती है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले महिलाओं को सम्मानित किया गया जिनमें सत्यभामा चौहान, मनोरमा पांडेय उमा श्रीवास्तव, मेनका विश्वकर्मा व ज्योति पांडेय शामिल है। इस अवसर पर सीडीओ प्रत्यूष पांडेय, सीएमओ डॉ राजेश झा, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एएसपी डॉ राजेश सोनकर, डीआईओएस वीरेंद्र प्रताप सिंह, डीपीओ प्रोबेशन अनिल सोनकर, बीएसए शालिनी श्रीवास्तव, डीपीओ आईसीडीएस कृष्णकांत राय, डीएसटीओ मनोज श्रीवास्तव, डीसीमनरेगा आलोक पांडेय सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## बेटियां हर क्षेत्र में बेटो से कम नहीं है: जेपी मौर्य



**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कंपोजीट विद्यालय मंगलपुर, क्षेत्र मोतीचक में शासन के निर्देश के क्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी-मोतीचक जयप्रकाश मौर्य के नेतृत्व में मिशन शक्ति/नारी सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन तथा माल्यार्पण किया गया। उसके पश्चात छात्र एवं छात्राओं के द्वारा मिशन शक्ति/नारी सशक्तीकरण की प्रभात फेरी निकाली गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी मोतीचक ने सम्बोधन में कहा कि हमें बेटे और बेटियों में अन्तर नहीं करना चाहिए। बेटीया किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। आज हमें समाज में बेटियों, नारियों व महिलाओं के प्रति बेहतर सोच एवं सकारात्मक माहौल बनाने की जरूरत है। कम्पोजिट विद्यालय मंगलपुर में पूर्व में हुए प्रतियोगिताओं में चयनित पांच छात्राओं रिया, तमन्ना खातून, वन्दना कसौधन रंजना प्रसाद व खुशी गुप्ता को माल्यार्पण कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मोलई प्रसाद प्रजापति, शिक्षक अरविंद, कृतिलता गौतम, प्रेमसागर, उमेश सिंह, आशा सिंह आदि ने सम्बोधित किया।

## शारदीय नवरात्र आज, सजा मां का दरबार

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** श्राद्ध व पितृ पक्ष के समाप्ति के साथ ही 15 अक्टूबर, रविवार आज से शारदीय नवरात्र आरंभ हो रहा हैं। हिंदू धर्म में नवरात्र का बहुत बड़ा महत्व बताया गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन माता पार्वती कैलाश पर्वत से धरती पर अपने मायके आती हैं। इस वर्ष देवी का आगमन आश्विन शुक्ल प्रतिपदा तिथि पर 15 अक्टूबर को होगा और विदाई दशमी तिथि यानी 24 अक्टूबर को होगी। आचार्यों के अनुसार, इस बार नवरात्र में बेहद दुर्लभ शुभ संयोग बन रहा है। इस बार नवरात्र में सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग एकसाथ बनते नजर आएंगे। गौरतलब है कि शारदीय नवरात्र रविवार से शुरू हो रहा हैं। इसके लिए कई दिनों से चल रही तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मंदिरों और पूजा पंडालों में स्थापना के लिए बन रही मूर्तियों को अंतिम रूप देने में मूर्तिकार जुटे हैं। नवरात्र के लिए देवी मंदिरों की साफ-सफाई और रंग-रोगन के साथ ही उन्हें बिजली की रंग-बिरंगी झालरों और



फूलों से सजाया गया है। नवरात्र की पूर्व संध्या से ही शहर का वातावरण देवी भक्ति से सराबोर हो उठा। बाजारों में रौनक बढ़ गई है। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने घर में कलश स्थापना के लिए शनिवार सुबह से ही घर की साफ-सफाई में जुटे रहे। प्राचीन बुढ़िया माई मंदिर, दुर्गा मंदिर, खिरकिया दुर्गा मंदिर, खड्डवार स्थित दुर्गा मंदिर, मैनपुर कोट स्थित दुर्गा मंदिर, रामकोला के धर्मसमधा दुर्गा मंदिर समेत जिले के सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालु साफ-सफाई और रंगरोगन के काम में लगे रहे। मंदिर को बिजली की रंगबिरंगी झालरों से

- नौ दिन का है नवरात्र, अगले सोमवार को होगा पूर्णाहुति
- मंगलवार को मनाई जाएगी विजयादशमी

सजाया गया है। कलाकारों ने स्थापना के लिए तैयार की गई मूर्ति को वस्त्र आभूषण पहना कर अंतिम रूप देने में जुटे हैं। शारदीय नवरात्र के लिए बाजार में भी शनिवार को काफी रौनक रही। लोगों ने अपने घरों में स्थापना के लिए देवी प्रतिमाओं के अलावा मिट्टी के कलश, मूर्तियों के वस्त्र खरीदा। चुनरी, झंडे और अन्य पूजन सामग्री बेचने वाली दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ रही। इसके अलावा फल मिठाइयों और फलाहार में इस्तेमाल होने वाली खाद्य सामग्री भी खूब बिकीं। श्रीचित्रगुप्त मंदिर के पीठाधीश्वर की माने तो नवरात्र में कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त 15 अक्टूबर को दिन में 11 बजकर 44 मिनट से दोपहर 12 बजकर 30 मिनट तक है। इसी मुहूर्त में कलश स्थापना शुभ रहेगी।

## वीर सैनिकों का सम्मान कर मनाया गया पूर्व सांसद श्रीप्रकाश मणि का जन्मदिन

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** शुक्रवार को देवरिया के पलक लॉन में पूर्व सांसद श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के जन्मदिन पर एक शाम वीरों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों और उनके परिवार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से आए पूर्व सांसद के समर्थक उपस्थित रहे। भाजपा नेता शशांक मणि ने कहा कि जनरल साहब हमेशा से मां भारती की सेवा करते आ रहे हैं। भारतीय सेना के उपथलसेनाध्यक्ष रहकर उनहोंने बांगलादेश के विरुद्ध एक अहम भूमिका निभाई। जिसके लिए उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। जब सेना से सेवानिवृत्त हुए तब लोक सभा में देवरिया का प्रतिनिधित्व किया। उनके कार्यकाल में कई उपलब्धियां उन्होंने हासिल की। जिसमें 75000 इंदिरा आवास, सेना भर्ती सहित कई उपलब्धियां शामिल है। बैतालपुर के चीनी मील ग्राउंड में गुरुवार को सामाजिक सौहाद्र वार्ता का आयोजन पूर्व सांसद के जन्मदिन की पूर्व संध्या में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा नेता शशांक मणि के संबोधन के साथ हुआ। शशांक ने लखनऊ से वीडियो कॉल के जरिए महिलाओं से संवाद स्थापित किया। देवरिया को देवों की भूमि कहा जाता है लेकिन यह देवीयों की भूमि भी है। महिलाओं का सशक्त और आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है।




### मुफ्त स्वास्थ्य शिविर और कंबल वितरण किया

श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के जन्मदिवस से पूर्व ग्राम बोड़िया सुल्तान में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 200 से ज्यादा ग्रामवासी लाभान्वित हुए और कंबल वितरण भी किया गया। भाजपा नेता शशांक मणि ने बताया कि जनरल साहब ने 42 वर्षों तक एक सैनिक के रूप में मां भारती की सेवा की। इसके बाद अपनी आराम की जिंदगी छोड़कर वे सक्रिय राजनीति में आए और लोकसभा क्षेत्र देवरिया को अपनी सेवाएं दी।

# सम्मानित हुई महिलाएं एवं बालिकाएं

अवधनामा संवाददाता




**बहराइच।** प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-04) के शुभारम्भ अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी द्वारा जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. व अन्य अधिकारियों के साथ जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कामिकों, शिक्षिकाओं, छात्राओं को सम्मानित किया किया तथा आवासीय योजना के लाभार्थियों को आवास की चाभी भेंट की गई।

कार्यक्रम के दौरान पोषण माह/पोषण ट्रैकर ऐप पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों कन्छर की अमृता सोनी, खजुरार की शिमला देवी, छावनी की रेनू जायसवाल, सत्तीकुआ की शबाना, बंगलाचक की पुष्पा श्रीवास्तव, बभनी सैदा की हुमेरा खातून, पूरे जैता की सुनीता सिंह, शेखदहीर चतुर्थ की कमलेश त्रिवेदी व मानपुरवा की पूनम सरोज, बेलामकन की एएनएम भानमती यादव, अड़गोड़वा की प्रतिमा सिंह, आम्बा की प्रतिमा कौर व परसेण्डी की आयशा परवीन, कायाकल्प मिशन व निपुण अभियान में जनपद स्तर पर उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रा.वि. कल्पीपारा की शिक्षिका श्रीमती श्वेता जैन व छात्रा कामिनी, चाइनपुरवा की शिक्षिका ममता शर्मा व छात्रा खुशबू, कपूरपुर की शिक्षिका श्रीमती प्रतिक्षा सिंह व छात्रा साफिया खातून को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत ब्लाक चित्तौरा की ग्राम पंचायत अहिरौरा निवासिनी लाभार्थी श्रीमती रामा देवी, अनारकली व बहादुरी को आवास की चाभी, महिला एवं कल्याण विभाग द्वारा यूपी बोर्ड की मेधावी छात्राओं अदिति श्रीवास्तव व इर्तिका को टिफिन बाक्स, थर्मस, गिफ्ट पैक तथा बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओं योजना के तहत रू. पांच हज़ार की धनराशि का चेक। एन.आर.एल.एम. योजना अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली सखियों फखरपुर की पायल चौरसिया, जरवल की परीक्षा वर्मा व सपना देवी तथा पुलिस विभाग अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला आरक्षियों महिला थाना की सृष्टि त्रिवेदी व कोतवाली नानपारा की साधना बाजपेई, थानाध्यक्ष रानीपुर आरती वर्मा, उप निरीक्षक महिला थाना कल्पना सिंह व नानपारा की मन्जू यादव को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी पीआरडीए राज कुमार, उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही, डीआईओएस नरेन्द्र देव, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, डीपीओ राजकपूर, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, डीसी एनआरएलएम के.डी. गोस्वामी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विसर्जन स्थल झिंगहाघाट व गायघाट का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

**बहराइच।** पावन पर्व शारदीय नवरात्र के अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं तथा विसर्जन स्थलों पर की जा रही तैयारियों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विसर्जन स्थल झिंगहाघाट व गायघाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। झिंगहाघाट के निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद ई.ओ. प्रमिता सिंह को निर्देश दिया गया कि पूरे विसर्जन स्थल की समुचित साफ-सफाई के साथ-साथ समुचित प्रकाश व्यवस्था व बैरीकेटिंग की जाय तथा स्लोप स्थलों पर मिट्टी की पटाई करा दी जाय। इस अलावा मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत विसर्जन स्थल सेल्फी प्वाईन्ट भी बनाया जाय। इसी प्रकार विसर्जन स्थल गायघाट के निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी को निर्देश दिया गया कि सम्पूर्ण विसर्जन स्थल पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये जायें। विसर्जन स्थल के आस-पास स्थित पोलो पर तिरंगा लाईट भी लगाई जाये।

# जिले में मिशन शक्ति अभियान का समारोहपूर्वक हुआ शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता



**सदर विधायक व डीएम ने महिला सशक्तिकरण रैली को दिखायी हरी झण्डी**

**बहराइच।** विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने जिलाधिकारी मोनिका रानी के साथ संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर महिला सशक्तिकरण जनजागरुकता रैली को रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया व कैसरगंज के कमलेश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए राज कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-04) के शुभारम्भ अवसर पर पुलिस लाईन से जेल रोड होते हुए पानी टंकी चौराहा, केडीसी, रोडवेज, पीपल तिराहा, छावनी चौराहा, डिगिहा, श्री गुरूनानक होते हुए कोतवाली देहात के बीच चार पहिया और दो पहिया वाहनों से महिला सशक्तिकरण जनजागरुकता रैली निकाली गई। जिसमें 112, पी.आर.वी. वाहन तथा एम्बुलेंस भी सम्मिलित रहीं। रैली में शामिल वाहन पर मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित गीत/जिंगल के प्रसारण के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित पोस्टर्स/बैनर व मिशन शक्ति का प्रतीक चिन्ह प्रदर्शित किये गये थे। उल्लेखनीय है कि मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-04) के शुभारम्भ अवसर पर राजधानी लखनऊ में प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा 5 कालीदास मार्ग स्थित सरकारी आवास से महिला सशक्तिकरण जनजागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मिशन शक्ति अभियान के शुभारम्भ अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का नवनिर्मित पुलिस लाइन आडीटोरियम में सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर विधायक सदर, डीएम, एसपी सहित अन्य अधिकारी, महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहीं।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जा रहा जागरूक



**बल्दीराय, सुल्तानपुर अवधनामा संवाददाता।** बल्दीराय पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देश पर बल्दीराय थानाध्यक्ष अमरेन्द्र बहादुर सिंह ने सेंट जॉन कॉन्वेंट स्कूल गनापुर में कैम्प लगा कर बच्चे और बच्चियों को महिला सशक्तिकरण का पाठ पढ़ाया व जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें महिलाओं और लड़कियों को महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरुक किया गया। बल्दीराय थाना प्रभारी अमरेन्द्र सिंह ने महिलाओं को विभिन्न महिला अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आज के समय में नारी शक्ति प्रबल है। वह किसी भी समस्या का समाधान और सामना करने में सक्षम है। उन्होंने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न आदि के साथ- साथ विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे मुख्यमंत्री थाना क्षेत्र के नानेमऊ ग्राम हेल्पलाइन नंबर 1876, वूमेन हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, चाइल्ड केयर लाइन 1098 साइबर हेल्पलाइन 1930, महिला हेल्पलाइन 181 के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के बाद बच्चियों ने थाना प्रभारी से सुरक्षा के बारे में संवाद भी स्थापित किया। इस दौरान पारा चौकी इंचार्ज चंद्रशेखर सोनकर,देहली चौकी इंचार्ज हरिश्चन्द्र, एस आई सगीर मोहम्मद,महिला आरक्षी, पुलिस कांस्टेबल,विद्यालय के स्टाफ,विद्यालय के प्रबंधक शिवम श्रीवास्तव, विनोद त्रिपाठी,श्याम प्रीत सहित महिला टीचर उपस्थित रहे।

# सांसद, डीएम व एसपी ने किया मिशन शक्ति अभियान का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर सशक्त किया जायेगा। शासन के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को सक्त बनाने एवं जागरुक करने हेतु आज दिनांक 14.10.2023 को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के तहत मिशन शक्ति फेज-04 (शक्ति दीदी अभियान) का जनपद में मा0 सासंद सुलतानपुर श्रीमती मेनिका गाँधी , श्रीमान् जिलाधिकारी सुलतानपुर श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना व श्रीमान् पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर श्री सोमेन बर्मा द्वारा जनपद सुलतानपुर में मा0 सांसद महोदया द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया शुभारम्भ । मिशन शक्ति फेज-04 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों,समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों में जन चौपाल लगाकर व बस स्टैंड/बाजार/गांव/कस्बा/स्कूल/कालेज/सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जायेगा। शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जायेगा। महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाने का प्रयत्न किया जायेगा।

मा0 सांसद महोदया द्वारा सभा को संबोधित करते हुए बताया गया कि महिलाओं के समस्याओं की सुनवाई के हेतु जनपद के प्रत्येक थानों पर महिला हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है जिसमें महिलाओं की समस्या महिला पुलिसकर्मियों द्वारा सुनी जाती है।

## न्याय पंचायत स्तरीय बाल मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता हुई आयोजित



**ललितपुर अवधनामा संवाददाता।** न्याय पंचायत स्तरीय बाल मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता यूपीएस जिजयावन में संपन्न हुई। इस क्रीडा प्रतियोगिता में यूपीएस जिजयावन, यूपीएस जिजयावन, पीएस बालाढाना, यूपीएस बालाढाना, यूपीएस रघुनाथपुरा, पीएस कबूतरा बस्ती, यूपीएस पनारी, पीएस पनारी, पीएस मसौरा कला, यूपीएस मसौराकलां, पीएस घटवार, यूपीएस घटवार, यूपीएस खडेरा के बच्चों ने प्रतिभाग किया। उक्त क्रीडा प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर से 50 मी., 100 मी., 200 मी. की दौड़, खो खो, कबड्डी, लंबी कूद, ऊंची कूद एवं जूनियर स्तर से 100 मी, 200 मी, 400 मी की दौड़, खो-खो, कबड्डी, चित्रकला, सुलेख, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो आदि इवेंट में भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन पर समस्त बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। बच्चों का उत्साह प्रतियोगिताओं में बहुत बढ़-चढ़कर दिखाई दिया। क्रीडा प्रतियोगिता में संकुल केंद्र के शिक्षको ने भी बढ़-चढ़कर अपना सहयोग प्रदान किया। संकुल केंद्र के समस्त अनुदेशक (खेल) ने भी अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। क्रीडा प्रतियोगिता में हीरा झा, उर्वशी साहू, सुमन शर्मा, तहमीना बेगम, शालिनी जैन, लक्ष्मी तिवारी, साधना पटेरिया, सिकंदर सिंह, रायसिंह, जाकिर खान, अंतरिक्ष खैरा, सुशील कुमार, मोहम्मद मुनीर, अंजली नरवरिया, शांति साध, जीवन ज्योति, समीर खान, जगभान, अयोध्या प्रसाद, वंदना शुक्ला, पूजा त्रिपाठी, राजकुमार कटारिया, पवन तिवारी, तारा, प्रीति कुशवाहा, नेहा, सुजाता आदि उपस्थित रहे।

## अराजकतत्वों ने नवनिर्मित देवी प्रतिमाओं को किया खंडित

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के उरई रोड नहर के पास भूमि राजपूत मूर्ति कला केंद्र पर देवी प्रतिमाओं को मूर्तिकार द्वारा आखिरी रूप दिया जा रहा है। वहीं बीती शुक्रवार की रात अराजकतत्वों द्वारा मूर्तिकार की तीन देवी प्रतिमाओ को तोड़कर खंडित कर दिया। जिसकी लिखित तहरीर कोतवाली में देकर अज्ञात के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। हिंदुओं के महापर्व नवरात्रि में ग्रामीण एवं नगरों के विभिन्न स्थानो पर देवी प्रतिमाओ की जगह-जगह स्थापना होती है। नवरात्रि का यह पर्व 9 दिन तक हर्षोल्लास के साथ चलता है। लेकिन बीती शुक्रवार की रात नवनिर्मित देवी प्रतिमाओं को खंडित कर अराजकतत्वों ने मूर्तिकार का बड़ा नुकसान कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के करगवां गांव निवासी मूर्तिकार राघवेंद्र पुत्र गोविंद दास ने बताया कि रात्रि 11 बजे तक देवी प्रतिमाओ को सजाते सजाते वही सो गया था। इसी दौरान मध्यरात्रि के समय किसी ने अंदर आकर मूर्तियों को खंडित कर दिया। जानकारी देते हुए बताया कि मूर्तिया बनाने का कार्य अच्छा चल रहा है इसी कारण कुछ लोगो को नागवार गुजर रहा है।

## नाले पर अवैध निर्माण को तहसीलदार ने कराया ध्वस्त

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** विकासखंड राजेपुर के कस्बा राजेपुर में जिला पंचायत निधि से बने नाले के किनारे बसे लोगो ने अवैध निर्माण कर लिया था। बीते दिन अवैध निर्माण के कारण एक गौ वंश नाले में फंस गया था। जिनको कड़ी मशक्कत कर नाले से बाहर निकाला था। उसी को मत देना जरा रखते हुए तहसीलदार अमृतपुर कर्मवीर सिंह ने नाले पर किया अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त करवाया। और नाले में साफ सफाई के कड़े निर्देश दिए साफ सफाई विध वत कराई जाए। जिससे फैलने वाली बीमारियों से छुटकारा मिल सकेगा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजेपुर थाना अध्यक्ष दिवाकर प्रसाद सरोज मौके पर उपस्थित रहे। तहसीलदार कर्मवीर सिंह ने बताया कि अगर किसी के द्वारा नाले पर अतिक्रमण किया गया तो उसे पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मिशन शक्ति कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** मिशन शक्ति फैज 4.0 का कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद मुकेश राजपूत और जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया द्य कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित मिशन शक्ति 4.0 के शुभारम्भ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण का अवलोकन किया गया। सांसद ने कहा कि केन्द्र/प्रदेश सरकार द्वारा बेटियों/मातृ शक्ति के हित हर क्षेत्र में विभिन्न जनकल्याणकारी चलाकर महिलाओ को सुरक्षा,सम्मान प्रदान करने के साथ–साथ उन्हें सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने का कार्य किया गया है। उससे यह देखने को भी मिला है कि आज बेटियां और महिलाएं हर क्षेत्र में आगे निकल रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि शनिवार को मुख्यमंत्री द्वारा मिशन शक्ति 4.0 कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सभी संबंधित विभाग मातृ शक्ति के हित में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चालायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के प्रति हर वर्ग की महिलाओं को प्रेरित कर लाभ दिलाने का कार्य करें। इस दौरान विधायक कायमगंज, जिलाध्यक्ष भा0ज0पा0, अपर पुलिस अधीक्षक, उपाध्यक्ष भा0ज0पा0, परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, भारी संख्या में महिला पुलिस आरक्षी, स्टाफ नर्स, आशा एवं आंगनवाड़ी आदि उपस्थित रहे।

# एडीएम नमामि गंगे ने किया निरीक्षण



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नमामि गंगे योजना के तहत गांव में कराए गए कार्य का एडीएम नमामि गंगे ने निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। सामुदायिक शौचालय में नामनि गंगे से पानी का कनेक्शन न देने की भी बात कही। क्षेत्रीय ग्राम कुठौंद बुजुर्ग में नामनि गंगे योजना के तहत पानी की पाइन लाइन बिछाने के लिए सडक को खोदा गया था। सड़क को खोदने के बाद पहले तो खोदी गई सड़क को मिट्टी से ही भर दिया गया। जब ग्रामीण गजेंद्र सिंह सेंगर ने इसकी शिकायत की तो उसे मानक के अनुसार नहीं बनाया जा रहा था। गांव में पहुंचे एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव ने किए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने पूर्व में बनी हुई सड़क के अनुसार ही कार्य कराने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए। ग्रामीण ने बताया कि गांव में बने सामुदायिक शौचालय में नमामि गंगे योजना के तहत पानी की टंकी से बार बार पानी की सप्लाई कर दी जाती है। जिस पर उन्होंने बीडीओ को नामामि गंगे योजना के तहत सामुदायिक शौचालय में कनेक्शन न कराने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान जब उन्होंने निरीक्षण किया तो सामुदायिक शौचालय को दिया गया कनेक्शन तो कटा हुआ था लेकिन गड्ढे को बंद नहीं किया गया था।

# वृक्षारोपण की जियो टैगिंग कार्य आज भी अपूर्ण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** कलेक्ट्रैट सभाकक्ष में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। डीएफओ ने अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन.जी.टी.) द्वारा पारित ओ.ए. संख्या 200/2014(सी.डब्ल्यू.पी. नं. 3727/1985) (ए.आई. नं. 340/2022) एम.सी.मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य में 11 सितम्बर 2023 को पारित आदेश के अनुपालन हेतु वेतवा एवं उसकी सहायक नदियों के संरक्षण हेतु किये जा रहे कार्यों की सूचना मांगी गयी है जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने समस्त सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया कि उक्त विषयक सूचना को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित बिन्दुओं पर संकलित वन विभाग को प्रेषित करें। डीएफओ ने बताया कि अर्थ गंगा के तहत नदियों के दोनों तरफ 10 किमी तक रसायन खाद मुक्त खेती को बढावा देने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है। जिलाधिकारी द्वारा उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि ऐसे ग्राम जहां आर्गेनिक खेती की जा रही है कि ग्रामवार सूची डीएफओ को प्रेषित करने का कष्ट करें। उक्त बैठक में वेतवा के किनारे स्थित घाटों पर हाट लगाने पर चर्चा की गयी एवं डीपीआरओ को निर्देश दिए गए कि हाट हेतु उपयुक्त स्थलों का चयन कर सूचना वन विभाग को प्रेषित करें। डीएफओ ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली द्वारा ओ.ए. संख्या 360/2018 श्रीनाथ शर्मा बनाम यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य में पारित आदेश 17 जनवरी 2023 के अनुपालन में तैयार किये गए डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट मेनेजमेंट प्लान को मिल गयी है, जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा समस्त सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित आदेश में दिए गए निर्देशों का अनुपालन समयान्तर्गत सुनिश्चित कराया जाए एवं अनुपालन आख्या उक्त पोर्टल पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें। अवगत कराया कि 30 सितम्बर 2023 के द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में वर्ष 2023-24 में कराये गए वृक्षारोपण के भौतिक सत्यापन हेतु टीम गठित की गयी थी जिसकी रिपोर्ट समस्त विभागों से अप्राप्त है।

## एक साथ 30 जायरीनों का जत्था उमराह के लिए मक्का शरीफ़ रवाना



**बल्दीराय, सुल्तानपुर अवधनामा संवाददाता।** एक साथ 30 जायरीनों का जत्था पाक सफर उमरह के लिए मक्का शरीफ रवाना परिजनों व मोहल्ले वासियों ने फूल-माला पहनाकर जायरीनों को विदा किया। तहसील क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से दर्जनों जायरीन मुबारक सफर-ए उमरा के लिए मक्का शरीफ़ रवाना हुए। जायरीनों को मुबारक सफर पर रवाना करने के लिए भारी संख्या में स्थानीय लोग पहुंचे व लोगों ने लबैक अलाहुम्मा लबैक, नारे तकबीर, देखो देखो मेरी नबी की शान आदि नारों के साथ सभी जायरीनों का जोश व खरोश के साथ स्वागत किया। सबसे पहले जायरीनों ने पारा बाजार में स्थित मरकजी सुन्नी जामा मस्जिद में एकत्रित होकर जोहर की नमाज़ अदा की। जिसके बाद पूरी जत्था एक जुलूस की शक्ल में लखनऊ रवाना हुआ जायरीन राजधानी लखनऊ से शाम की फ्लाइट से जद्दा रवाना हो गए इस दौरान उमराह के लिए बिस्मिल्ला टूर एंड ट्रैवल एजेंसी द्वारा मुफ्ती अब्दुल रहमान खान के नेतृत्व में तहसील क्षेत्र के पारा बाजार, पटैला, आलामऊ, अलियाबाद आदि गांवों के मौलाना मोहम्मद शमीम,करामत खान, अब्दुल लतीफ, हाजी जमीर, इम्तियाज अहमद, डॉक्टर हिलाल अहमद, इसहाक अहमद, जब्बार अहमद,सरताज अहमद,शमशाद अहमद आदि जायरीन उमरह पर गए, लोगों ने मक्का मदीना शरीफ पहुंच कर अमन चैन की दुआ मांगने की दरख्वास्त की। परिजनों व मोहल्ले वासियों ने फूल-माला पहनाकर जायरीनों को विदा किया। सफर-ए-उमरा करने के लिए रवाना हुए।

# महिला शक्ति अभियान के चौथे चरण का हुआ शुभारंभ

**राज्यमंत्री, डीएम-एसपी ने हरी झण्डी दिखाकर जागरूकता रैली को किया रवाना**

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन में महिला अपराधों की रोकथाम और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार द्वारा मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे अभियान के चौथे चरण के शुभारम्भ पर उ.प्र. के समस्त जनपदों में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन के सौहार्द मंच पर मिशन शक्ति नारी शक्ति नारी सम्मान नारी सुरक्षा के संबंध में भव्य जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान अतिथियों में राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ, विशिष्ठ अतिथि सदर विधायक प्रतिनिधि, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, जिलाध्यक्ष भाजपा राजकुमार जैन, नगर पालिका बालिका इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राएं अध्यापकगण सदस्य उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मिशन शक्ति के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि ने जागरुकता रैली को पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रैली में यूपी 112 के दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन, फायर सर्विस के वाहन, यातायात विभाग के वाहन, महिला स्कूटी वाहनों को सम्मलित किया गया। जागरूकता रैली पुलिस लाइन से निकलकर कचहरी चौराहा, वर्णी चौराहा, तुवन मंदिर, कोतवाली, घंटाघर, शनिचरा चौराहा से वापस वर्णी चौराहा होते हुए पुलिस लाइन में समाप्त हुई। कार्यक्रम में आए समस्त छात्राओं बालिकाओं में बहुत उत्साह रहा। संपूर्ण कार्यक्रम से महिला सम्मान महिला सुरक्षा महिला सशक्तिकरण का एक वृहद संदेश पूरे समाज में प्रसारित हुआ। मंचासीन अथितियों ने शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ होने पर मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश के क्रम में मिशन शक्ति के चौथे चरण के दृष्टिगत कम्यूनिटी पुलिसिंग व महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी नारी सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान के तहत चौथे चरण की सराहना की गयी। साथ ही पूर्व में चलाये प्रथम, द्वितीय व तृतीय अभियान की तरह सफल बनाने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने मौजूद बालिकाओं को हेल्प लाइन नम्बर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि के बारें में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। किसी भी आपात स्थिति व अन्य किसी समस्या होने पर बिना डरे, बेहिचक हेल्प लाइन नम्बरों के उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। महिलाओं से जुड़े साइबर क्राइम के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश के क्रम में आगामी शारदीय नवरात्रों में मिशन शक्ति के चौथे चरण के दृष्टिगत कम्यूनिटी पुलिसिंग व महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला बीट आरक्षियों द्वारा गांव-गांव चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है तथा शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है।

## जीआईसी बार के प्रभारी प्रधानाचार्य पर आरोप
## बच्चों से 200 रुपये वसूली और गाली-गलौज की शिकायत डीएम से

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** राजकीय इण्टर कॉलेज बार के प्रभारी प्रधानाचार्य पर गाली-गलौज करते हुये छात्र-छात्राओं से जबरन 200 रुपये वसूल किये जाने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में ब्लाक बार के मजरा गुल्झियनपुरा निवासी केहर पुत्र भैयालाल ने 6 अक्टूबर 2023 को शिकायती पत्र सौंपा था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को जांच कर कार्यवाही के लिए आदेशित किया था। प्रकरण को लेकर डीआईओएस ने अलग-अलग विद्यालयों के दो सदस्यीय समिति का गठन करते हुये शीघ्र ही आख्या देने के निर्देश जारी किये हैं। केहर पुत्र भैयालाल ने डीएम को अवगत कराया था कि राजकीय इण्टर कालेज बार में तैनात प्रभारी प्रधानाचार्य द्वारा उसके साथ गाली-गलौज की गयी। यह भी आरोप लगाया कि प्रभारी प्रधानाचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं से 200 रुपये की अवैध वसूली की जा रही है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

एकल ई-निविदा सूचना संख्याः SrDEE-TRD-BSB-2023-24-T26, दिनांकः 13-10-2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "एकल" ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

**क्रम सं.–01,** कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में चार वर्ष के लिये छपरा–इलाहाबाद खण्ड में आरसीसी की स्काडा प्रणाली के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: SrDEE-TRD-BSB-2023-24-T26, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 56,00,000/-, धरोहर राशि रूपया में: ₹ 1,12,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: शून्य, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 06-11-2023 up to 14:45 hrs., कार्य पूरा करने की अवधि: 48 माह।

- एकल ई–निविदा दिनांक 06-11-2023 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत–173 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## मिशन शक्ति अभियान को डीएम व एसपी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन संबंधी मिशन शक्ति अभियान फेज 4 का शुभारंभ महिला सशक्तिकरण जन जागरूकता रैली को डीएम राहुल पांडेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना कर किया। यह जन जागरूकता दो पहिया वाहन रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर ,बस स्टॉप, जिला परिषद, इस्लामिया इंटर कॉलेज, महिला थाना ,सीएमओ कार्यालय, किंग रोड, दीक्षित तिराहा, पुलिस लाइन होते हुए वापस कलेक्ट्रेट में आकर संपन्न हुई। इस रैली के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से संबंधित विभिन्न योजनाओं, प्रावधानों हेल्पलाइन नंबरों का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। जिसमें 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार शामिल है। इसके अतिरिक्त इस जागरूकता रैली ने महिलाओं के उत्थान हेतु संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं यथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, चिकित्सा सुविधा संबंधी मातृ वंदना योजना, जन आरोग्य योजना, पुलिस सहायता संबंधी जानकारी, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा अन्य योजनाओं के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार किया।

# मिशन शक्ति फेज-4 का हुआ भव्य शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जनपद में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन विषयक मिशन शक्ति फेज-4 कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुआ । मिशन शक्ति फेज 4 शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत जयंती राजपूत तथा विशिष्ट अतिथि सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति रहे।

इस मौके पर मिशन शक्ति फेज 4 का लखनऊ में मा मुख्यमंत्री जी द्वारा किए गए शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया तथा मा मुख्यमंत्री जी के उदबोधन को सुना गया। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। अच्छा कार्य करने वाली महिला ग्राम प्रधानों, महिला आरक्षी, विद्युत सखी ,एएनएम ,बैंक सखी, महिला पीआरडी जवान, शिक्षिकाएं ,महिला सफाई मित्र, प्रोबेशन कार्यालय की महिला कर्मियों आदि को प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र प्रदान कर





सम्मानित किया गया। महिला पेंशन लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूलों की छात्राओं ने महिलाओं पर केंद्रित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में सफल महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अध्यक्ष जिला पंचायत ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान केंद्र व प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही हैं ।इनके माध्यम से महिलाओं में सकारात्मक बदलाव आए हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने घर व समाज में महिलाओं से किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। यह कार्यक्रम तभी सफल हो पाएगा जब हम उन्हें सभी क्षेत्रों में बराबर अधिकार व मौका दें । उन्होंने कहा कि लड़कियों को शिक्षा का मौका अवश्य देना चाहिए ,शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे महिलाएं सशक्त हो सकती हैं। महिलाओं के सशक्त होने से हमारा समाज व देश भी सशक्त होगा। सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति ने कहा कि वर्तमान सरकार ने महिलाओं सहित पूरे समाज में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ कर कानून व्यवस्था स्थापित किया है। कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाएं और भी सशक्त होंगी। आज महिलाएं पुरुषों के साथ सभी क्षेत्रों में बढ़

### महिला सशक्तिकरण पर आयोजित हुए कार्यक्रम

चढ़कर हिस्सा ले रही हैं तथा शिक्षा के क्षेत्र से लेकर फौज के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही हैं तथा लड़ाकू विमान तक उड़ा रही हैं। वह पुरुषों से किसी भी मायने में पीछे नहीं हैं उन्हें अवसर दिए जाने की आवश्यकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सुनील पाठक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन के बाद वर्तमान में महिलाएं सुरक्षित एवं सशक्त हुई हैं। नारी/ महिला अपनी शक्ति को पहचानें तथा आवश्यकता पड़ने पर उसका प्रयोग करें। कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में महिला संबंधी अपराधों में अभूतपूर्व कमी आयी है यह सुशासन का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार महिला पर होने वाले अपराधों को पूरी तरह से समाप्त करने हेतु संकल्पित है तथा इस दिशा में तेजी के साथ कार्य किये जा रहे हैं, इसी क्रम में यह मिशन शक्ति अभियान भी है।

## क्रीड़ा प्रतियोगिता में खागा अव्वल, खजुआ द्वितीय



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** 67 वीं जनपदीय विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतिम दिन सभी खेलों का अंतिम मुकाबला हुआ। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान हासिल करने वाले बालक व बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। शनिवार को शांतीनगर स्थित स्टेडियम में 67 वीं जनपदीय विद्यालय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंतिम दिन बालक एव बालिका वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक खेल आयोजित हुए। समापन के अपर जिलाधिकारी द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वालों में सीनियर चैंपियनशिप बालक वर्ग में आदित्य सिंह खागा ज़ोन, जूनियर चैंपियनशिप में अक्षय कुमार जयरामपुर ज़ोन, मिनी चैंपियनशिप गुलशन, बालिका वर्ग सीनियर चैंपियनशिप शालिनी सिंह, जूनियर चैंपियनशिप में प्रतिज्ञा खजुआ ज़ोन, मिनी जूनियर चैंपियनशिप में राधा जहानाबाद ज़ोन, आल ओवर चैंपियनशिप में खागा ज़ोन ने सबसे अधिक अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया। वही 129 अंक हासिल कर खजुआ द्वितीय स्थान, जहानाबाद 100 अंक के साथ तृतीय, धाता 84 अंक हासिल कर चतुर्थ स्थान पर रहा। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी द्वारा विजेताओं को मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सममानित किया गया।

# केन्द्र व प्रदेश की सरकार 'मिशन शक्ति' के तहत नारी सुरक्षा के लिए कर रही कार्यः राज्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** शारदीय नवरात्र के प्रारम्भ में उप्र सरकार के द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज-4 का शुभारम्भ आज प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार योगी आदित्य नाथ के कर कमलों द्वारा लखनऊ में किया गया। जिस क्रम में आज जनपद बांदा में महिला सशक्तिकरण रैली का शुभारम्भ जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के द्वारा हरी झंण्डी दिखाकर कालूकुआं चौराहे से प्रारम्भ होकर महाराणा प्रताप चौक होते हुए कलेक्टेऊट परिसर में समाप्त हुई।

इस रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बेटियों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के प्रति जनजागरूकता कार्यक्रम कर उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है, जिससे महिलायें एवं बेटियां सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन की ओर अग्रसर हो सके। यह अभियान आज 14 अक्टूबर से 24 अक्टूबर, 2023 तक जनपद में चलाया जायेगा।

विद्यालयों में प्रभात फेरी, सभी ग्राम पंचायतों एवं वार्डों में जनजागरूकता कार्यक्रम ग्रामसभा, दुर्गा पूजा पण्डाल, मन्दिर, वार्ड एवं मोहल्ला स्तर पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, हक की बात जिलाधिकारी के साथ, मेगा इवेन्ट, दुर्गा शक्ति मेगा सेफ्टी वर्कशाप, युवा शक्ति पुनर्वास कार्यशाला, बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम, शक्ति संवाद पास्को एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सहायकों का इनपैनलमेन्ट, मिशन कार्यशाल एवं स्वावलम्बन शिविर आदि के माध्यम से पूरे नवरात्र भर सबल नारी-प्रगति हमारी के तहत महिलाओं एवं बेटियों को जागरूक किया जायेगा तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076 तथा 1090 वीमेन पावर हेल्प लाइन, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेन्स हेल्पलाइन, पुलिस आपात कालीन सेवा 112 तथा अग्निशमन सेवा

### सीएम के कार्यक्रम का देखा लाईव प्रसारण

101, एम्बुलेन्स सेवा 108 सहित इत्यादि योजनाओं को विषय में जागरूक किया जायेगा तथा लाभान्वित भी कराया जायेगा। यह कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग जिला प्रोबेशन बांदा द्वारा संचालित कराया गया। इसी क्रम में आज कलेक्टेऊट सभागार में मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण को देखा व सुना गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ''मिशन शक्ति'' के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है, जिससे हमारी मातायें, बहने व बेटियां सशक्त एवं स्वावलम्बी बनकर देश की सेवा में अपना अहम योगदान दें।

## छात्राओं को बताएं गए सुरक्षा के गुण

**बांदा।** मिशन शक्ति फेस 4 के तहत प्राथमिक विद्यालय गिरवा वह यूपीएस कंपोजिट विद्यालय गिरवा में स्कूली बच्चों बालक बालिकाओं से मिलकर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गई मिड डे मील द्वारा बनाया जा रहे खाने की व्यवस्था को चेक किया गया व बालकों के घर से विद्यालय तक आने व अपने आसपास के वातावरण के बारे में जानकारी की गई जिसमें किसी ने किसी प्रकार की कोई समस्या प्रकट नहीं की आसपास के क्षेत्र में बच्चों के लिए निर्भीक वातावरण हेतु सुझाव भी मांगे गए वह उनकी समस्याओं का अवलोकन किया गया विद्यालय के आसपास संदिग्ध स्थानों को चिन्हित किया गया वह मौजूदा आसपास के लोगों को हिदायत दी गई विद्यालय के अध्यापिकाओं व प्रधानाचार्य से संपर्क स्थापित कर एक ग्रुप बनाया गया कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय गिरवा कंपोजिट की प्रधानाध्यापिका आशादीप केवट सहायक अध्यापक अर्चना देवी शीलू मनीष कुमार गुप्ता तथा प्राथमिक विद्यालय गिरवा फर्स्ट के प्रधानाध्यापक के साथ इरशाद हुसैन सहायक अध्यापक का अनुराधा एवं आराधना दीप्ति अग्निहोत्री राजेश कुमार आज उपस्थित रहे थाना गिरवा की महिला कांस्टेबल कंचन महिला सशक्तिकरण के बारे में सभी को जानकारी दी जिसका उद्देश्य मिशन शक्ति रखा गया।

## पाल समाज ने चांदी का मुकुट पहनाकर भाजपा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता





**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल का शनिवार को पाल समाज के लोगों ने चांदी का मुकुट व फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। वक्ताओं ने समाज के उत्थान के लिए बिंदुवार चर्चाएं भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी रामदास पाल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल का उपस्थित समाज के लोगों ने चांदी का मुकुट व फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कार्यकाल की बधाई प्रेषित की गई। वक्ताओं ने बारी-बारी से समाज के उत्थान हेतु बिंदुवार चर्चाएं की गई। पूरे पाल को एकजुट होकर मुखलाल पाल के नेतृत्व में 2024 में भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने की अपील की गई। खागा तहसील व बिंदकी तहसील के पाल समाज के प्रतिनिधियों ने भी चांदी का मुकुट पहनाकर भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि पाल समाज के लिए उनके दरवाजे चौबीस घंटे खुले रहेंगे। कभी भी कोई भी समस्या हो तो बेहिचक उनके पास आयें। सभी की समस्याओं का समुचित समाधान किया जायेगा। जिलाध्यक्ष ने अपील किया कि आने वाले समय में पूरे समाज का एक-एक वोट भाजपा के पक्ष में जाकर कमल खिलाएगा। स्वागत करने वालों में सदर तहसील से स्वामी शरन पाल, सभासद रितिक पाल, अनिल पाल, चंद्र किशोर पाल, संतलाल पाल, उमेश पाल, नन्दू पाल, जीतू पाल, राजू पाल, संजय पाल, खागा तहसील से घनश्याम पाल टक्करी, पंकज पाल, गया पाल, मनोज पाल, मोनू पाल, बिंदकी तहसील से धर्मपाल पाल, सुनील पाल, दीपक पाल, सुनील पाल, राम मनोहर पाल, प्रदीप पाल, ओमप्रकाश पाल, गंगाराम पाल आदि शामिल रहे।

## महिला सशक्तिकरण रैली निकाल किया जागरूक



**बांदा अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश के मुख्यमंत्री आवाहन पर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शनिवार को चित्रकूट मंडल मुख्यालय में महिला सशक्तिकरण रैली निकाली गई। इस रैली को मंडल के डीआईजी डाक्टर विपिन कुमार मिश्रा और जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कालू कुंआ चौराहा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।रैली कालू कुंआ चौराहे से होते हुए महाराणा प्रताप चौराहे पहुंची और यहां से रैली कलेक्ट्रेट पहुंची। रैली में शामिल विभिन्न स्कूलों की छात्राएं हाथों में तख्तियां लेकर चल रही थी। जिनमें महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में स्लोगन लिखे हुए थे। साथ ही फिलीट में चल रही महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। रैली का समापन कलेक्टर परिसर में किया गया।इस बारे में डीआईजी डाक्टर विपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आज सशक्तिकरण रैली निकल गई। इस रैली के माध्यम से महिलाओं के स्वालंबन और सुरक्षा की जानकारी दी गई और फिलीट के जरिए महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध और उनसे सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया।

### पहली बार पहुंचे बबेरू नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष

**बबेरू/बांदा।** कब्जा बबेरू में भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पहुंचे संजय सिंह का भाजपायों ने किया जोरदार स्वागत, मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। बबेरू कस्बे के मां मढ़ी दाई मंदिर में शनिवार की शाम भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बनने के बाद लखनऊ से पहली बार पहुंचे बबेरू में भाजपाइयों के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया है।

उसके बाद मां मढ़ी दाई मंदिर पर पहुंचकर जिलाध्यक्ष संजय सिंह के द्वारा मां मढ़ी दाई मंदिर पर दर्शन प्राप्त कर माथा टेककर आशीर्वाद लिया है। जहां भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहे, इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष भाजपा विजय विक्रम सिंह, भाजपा नेता अजय पटेल, बच्चा सिंह, विष्णु प्रताप सिंह, राजा दीक्षित, उद्धव सिंह परिहार, पंकज सिंह, विशोषर पांडेय,सुधीर कुमार कुशवाहा राम लखन चौरसिया सुनीता भारतीय सुशीला नामदेव गीता श्रीवास्तव वेद मित्र सहित आधा सैकड़ा से अधिक भाजपाई मौजूद रहे।

## सुरक्षा, सम्मान व स्वालंबन पर निकाली रैली

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के शुभारंभ पर विधायक सदर भूपेश चौबे, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधांसु शेखर शर्मा ने महिला जागरूकता मोटर साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वही प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज 04 के शुभारंभ अवसर पर रामलीला मैदान परिसर में शनिवार को विधायक सदर भूपेश चौबे, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधांसु शेखर शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों से जन जागरूकता हेतु महिला सशक्तिकरण रैली रामलीला मैदान से शुरू होकर मेन चौक, महिला थाना से होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त होकर सभा के रूप परिवर्तित हो गयी। कलेक्ट्रेट सभागार में मिशन शक्ति पर आधारित रंगोली बनाया गया था, जिसका सभी ने खुब सराहना की और रंगोली के साथ महिलाओं ने बढ़ चढ़कर कर सेल्फी भी लिया। रैली समापन पर कलेक्ट्रेट सभागार में संगोष्ठी कर महिला सशक्तिकरण पर बल दिया गया। ÷मिशन शक्ति÷ के ÷फेज 04÷ के शुभारंभ के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद पकौड़ी लाल कोल की गरिमामयी उपस्थिति में मा.मुख्यमंत्री द्वारा मिशन शक्ति फेज 04 के लखनऊ में शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस माननीय सांसद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे निकल रही हैं, उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार का यह सपना है कि आज महिलाओं के शक्ति का एहसास करना बहुत जरूरी है, महिलाएं आज से 30-40 साल पहले अंधविश्वास में डूबी रहती थी, बच्चियों के पैदा होने पर पहाड़ टूटने जैसी महसूस करती थी, किंतु केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न प्रकार की संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है, शिक्षा के क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है, आज महिलाएं विमान, रेल, जहाज भी चला रही हैं। सांसद ने महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अच्छे कार्य करते हुए अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। इस मौके पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा महिला जागरूकता संबंधित होर्डिंग, स्टैंडी के माध्यम से प्रचार प्रसार कर महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में जागरूक किया गया।

## मिशन शक्ति फेस-4 की निकली जागरूकता रैली



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेस-4 का कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी सी. इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से दो पहिया वाहनों, चार पहिया वाहनों को महिला सशक्तिकरण जन जागरूकता रैली को हरी झंडी व गुब्बारे छोड़कर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट से पटेल नगर चौराहा, वर्मा तिराहा, ज्वालागंज चौराहा, बाकरगंज, सदर अस्पताल होते हुए पत्थरकटा चौराहा से कलेक्ट्रेट में समाप्त हुई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कलेक्ट्रेट में बनाए गए दुर्गा शक्ति सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि जन जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य है कि महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति मातृशक्ति को जागरूक करना, जिसके लिए सरकार की मंशानुरूप विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) विनय कुमार पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति यादव, जिला विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, उपायुक्त एनआरएलएम सहित मातृशक्तिया उपस्थित रही।

### मार्ग हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**बांदा।** बुदेलखंड एक्सप्रेसवे के पास वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के चौसड़ गांव निवासी रामप्रकाश (30)पुत्र रामनिहोर शुक्रवार शाम अपने साले रामबाबू के साथ घर से घूमने की बात कह कर निकला था। शनिवार की सुबह उसका शव बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे के नीचे पड़ा पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। उसके पास से मिले मोबाइल नबंर पर घरवालों को सूचना दी गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। मृतक के बड़े भाई अवधेश ने बताया कि वह लखनऊ में रह कर एक दवा कंपनी में काम करता था। वह दो दिन पहले घर आया था। उसकी किसी से रंजिश नही थी। वह तीन भाइयों में दूसरे नबंर का था। अशंका है कि किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी सहोद्रा के अलावा एक पुत्र छोड़ गया।

# नारियों के सम्मान में खड़ी है सरकारः गीता शाक्य

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जहां पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के सफलता से पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद आभार करने के लिए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा राबर्ट्सगंज विधानसभा के सोन पैलेस में महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन मे बतौर मुख्यअतिथि महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य मौजूद रहीं।

सम्मेलन का शुभारंम्भ पं दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर मुख्यअतिथि गीता शाक्य भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल, राज्यसभा सांसद रामशकल जी, सदर विधायक भूपेश चौबे, नगर पालिका चेयरमैन रुबी प्रसाद, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा कृतिका अग्रवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा काशी नम्रता चौरसिया, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा पुष्पा सिंह ने दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर किया। सम्मेलन की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष



पुष्पा सिंह व संचालन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा कुसुम शर्मा ने किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद आभार भारत के इतिहास और महिलाओं के सम्मान के लिए स्वर्णिम दिवस के रुप में जाना जाएगा- गीता शाक्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि तीन दशकों से ठंडे बस्ते में लम्बित पड़ा महिला आरक्षण बिल सुखद स्वरूप में 21 सितम्बर 2023 को भारतीय संसद में पारित हो गया यह दिन भारत के इतिहास और महिलाओं के सम्मान के लिए स्वर्णिम दिवस के रुप में जाना जाएगा। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच 2047 तक भारत को विश्व का अग्रणी देश बनाने मे भारतीय महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण भागीदारी के साथ बढ गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य है कि भारत की हर नारी प्रतिवर्ष लाख रुपए की बचत कर लखपति दीदी बने। गीता शाक्य ने कहा कि नारी शक्ति वन्दन अधिनियम नये भारत के नयी लोकतांत्रिक व्यवस्था की घोषणा है। पूर्व के काल खंड में किसी सार्वजनिक मंच और कार्यक्रमों में एक दो महिलाएं दिखती थी लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए सिर्फ

### नारी शक्ति वन्दन अधिनियम नये भारत के नयी लोकतांत्रिक व्यवस्था की घोषणा है

महिलाएं ही महिलाएं दिख रही है, यह हर नारी के लिए गर्व है। और उन्होने नारी शक्ति का आह्वान करते हुए कहा कि आज कि नारियों ने मन मे ठान लिया है 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक बार पुनः देश के प्रधानमंत्री पद पर भारी बहुमत से स्थापित करना ही उनके प्रति सच्चा धन्यवाद आभार होगा। प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा कृतिका अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को और सशक्त बनने और बनाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक रूप से पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं ज्यादा सहनशील और संघर्षशील है।जो घर गृहस्थी सम्हालने के साथ साथ देश सम्हालने में पुर्ण सक्षम है।

# संस्थान की प्रगति में कर्मचारियों का योगदान अहमः एन नागेश

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को मल्टीफैसिलिटी सेन्टर के भव्य हॉल में गुरुवार व शुक्रवार की शाम में आयोजित दो दिसवीय 'दीर्घकालीन सेवा सम्मान''कार्यक्रम में 770 स्टाफ व श्रमिकों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन सभी स्टाफ व श्रमिकों को प्रदान किया गया जिन्होंने हिण्डाल्को, रेणुकूट में अपने कार्यकाल के 25 वर्ष या उससे अधिक पूर्ण किये।

इस अवसर पर कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए संस्थान के मुखिया व सी.ओ.ओ. श्री एन. नागेश ने कहा कि हर वर्ष इसी प्रकार प्रबंधन ऐसे कर्मचारियों को जिन्होंने कम्पनी में अपनी सेवा के 25 वर्ष पूरे कर लिए है, उन्हें सम्मानित करता है। उन्होंने कहा कि कम्पनी में कार्य करते हुए इतनी लम्बी अवधि में आपने कई उतार-चढ़ाव देखें और आपकी ही मेहनत व लगन से आज कम्पनी विश्व पटल पर



एक अलग स्थान बना सकी है। उन्होंने कहा कि किसी भी कम्पनी की प्रगति में उसके कर्मचारियों का योगदान अमूल्य होता है। हिण्डाल्को की यात्रा निरंतर सालों-साल आगे भी बरकरार रहे और आने वाली पीढ़ी को भी इसमें सेवा का अवसर मिलता रहे यह मेरी शुभकामनाएं है। वहीं मानव संसाधन प्रमुख श्री जसबीर सिंह ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और अगर हम आज अपने को भविष्य के अनुरूप नही ढालेंगे तो प्रतिस्पर्धा में हम पिछड़ जायेंगे। इसलिए सकारात्मक बदलाव जरूरी है जिससे कि हिण्डाल्को का परचम आगे आने वाले कई वर्षो तक इसी प्रकार शिखर पर लहराता रहे और हमारी आगे आने वाली पीढ़ी को हम उसका सुनहरा भविष्य इस कम्पनी में दे सकें। साथ ही परिवार को बधाई दी व कम्पनी की प्रगति में उनके योगदानों की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि कम्पनी की प्रगति में कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिजनों का योगदान भी कम महत्वपूर्ण नही है। उन्होंने कहा कि जिस कम्पनी में आप जैसे कर्मठ, प्रोडक्टिव कर्मचारी हो तो उसकी तरक्की की राह को कोई भी बाधा रोक नहीं सकती।

## डॉ अब्दुल कलाम को भाषा विवि में दी गयी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भाषा विश्वविद्यालय और शक्ति विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वाधान में कुलपति प्रो एन बी सिंह के निर्देशन में मिसाइल मैन की जयंती विज्ञान के कई आयामो के साथ मनाई गई। डॉ शुचिता चतुर्वेदी जो कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग उ प्र की सदस्य हैं ने अपने अभिभाषण में विद्यार्थियों को बहुत प्रोत्साहित किया और कहा कि इनका प्रयास सराहनीय है। विद्यार्थियों के बनाये हुए मॉडल पर अपनी खुशी जताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को एक अच्छा नागरिक होने की सलाह दी। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विज्ञान भारती के प्रांत संयोजक आशुतोष सिंह ने विद्यार्थियों को अब्दुल कलाम जैसा बनने की सलाह दी। मुख्य अतिथि डॉ धीरेंद्र कुमार ने भी विद्यार्थियों के बनाय प्रॉजेक्ट को बहुत सराहा। सी मैप के वैज्ञानिक डॉ हरिओम गुप्ता तथा बीरबल साहनी की वैज्ञानिक डॉ शिल्पा पांडेय ने विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए प्रोजेक्ट, पेंटिंग और फोटोग्राफ तथा शिल्प पर हुई प्रतियोगिता को जज किया। और कहा कि विद्यार्थियों का नवाचार सचमुच देखने लायक है। इसमे विजयी विद्यार्थियों को मैडल तथा सर्टिफिकेट से पुरस्कृत किया गया।

### ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के प्रयासों में एक नया आयाम

## विद्युत व्यवस्था में बेहतरी के लिए पूरे बिजली तंत्र का पुनर्गठन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश की विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए ऊर्जा मंत्री के प्रयासों एवं उनकी दूरदर्शी सोच से नित नए आयाम जुड़ रहे। प्रदेश की विशाल आबादी की जरूरतो के मुताबिक तथा अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए विद्युत तंत्र में व्यापक सुधार किया जा रहा।

ऊर्जा मंत्री ने यह भी समझा था कि जोनल अधिकारियों का कार्य क्षेत्र बड़ा होने तथा कार्य का दबाव अधिक होने से विद्युत कार्यों एवं व्यवस्था की सही से मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही। साथ ही उपभोक्ताओं की शिकायतों का भी समय से समाधान नहीं किया जा रहा। इसके लिए उन्होंने जोन के कार्यक्षेत्र



को कम करने के लिए और जोन बनाने का निर्देश दिया था। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने बताया कि दिए गए निर्देशों के क्रम में उ0प्र0 पावर कारपोरेशन के सहयोगी वितरण निगमों के अंतर्गत वर्तमान में क्रियाशील 25 वितरण क्षेत्र (जोन) की संख्या को बढ़ाकर 40 जोन बनाने संबंधी पुनर्गठन का आदेश

**उपभोक्ताओ को मिलेगी अच्छी सेवा, शिकयतों का होगा त्वरित समाधान**

जारी कर दिया गया है। इस पुर्नगठन में सभी महानगरों को अलग जोन बना दिया गया है। मंडल मुख्यालय के जोन से जुड़े अन्य जिलों का अलग जोन बना दिया गया है। ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने बताया कि अब वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, अलीगढ़, बरेली, आगरा, मेरठ, मथुरा, बिजनौर जैसे बड़े शहरों व महानगरों के लिए बिजली का अलग जोन बनाया गया है, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा दी जा सकेगी। अभी तक यहाँ नगरीय और ग्रामीण जोन का विभाजन नहीं था। इस विभाजन से उन ज़िलों के ग्रामीण क्षेत्रों सहित अन्य इलाक़ों के अलग जोन बन जाएँगे, जिससे उन क्षेत्रों में बेहतर मॉनिटरिंग हो सकेगी। इसी कड़ी में लखनऊ एवं ग़ाज़ियाबाद जैसे बड़े शहरों के जोन को पुनः विभाजित कर और छोटा बनाया गया है, जिससे मॉनिटरिंग बेहतर हो सके। लखनऊ में वर्तमान दो की जगह अब चार जोन होंगे।

वहीं ग़ाज़ियाबाद में वर्तमान एक की जगह अब तीन जोन होंगे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि नवसृजित जोन सीतापुर, रायबरेली, एटा, फिरोजाबाद, मथुरा, गजरौला तथा मुजफ्फरनगर का मुख्यालय अपने इंगित स्थान पर होगा। अन्य सभी जोन के मुख्यालय पूर्ववत रहेंगे। नवसृजित जोन के लिए नये पदों का सृजन नहीं किया जाएगा।

## नवरात्रि के पूर्व संध्या पर शिल्प समागम मेला लखनऊ में डांडिया की धूम मची



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** नवरात्रि के पूर्व संध्या पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लगे शिल्प समागम मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में डांडिया की धूम दिखी। मेले में आये दर्शक विशेषकर महिलाओं ने बालीवुड की गीतों पर उत्हास के साथ बढ़चढ़कर भाग लिया। 'राधे राधे राधे, तेरे बिना कृष्णा तो लगे आधे-आधे' और 'तारा ओरे रंगीला तारा रंगभेरू जुवे तारी वट' जैसे गीतों पर जमकर डांस किया और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। नव दिन तक चलने वाले इस त्यौहार में गुजरात का लोक नृत्य डांडिया दिन प्रति दिन लोकप्रिय होता जा रहा है। मेले के अंतिम दिन आज 'शब्द शिल्पी' कवि सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें कई राजधानी लखनऊ के कवि पंकज प्रसून, प्रयागराज से डॉ श्लेष गौतम, राजेश कुमार, अभय सिंह निर्भीक, सरला आसमां और विशेष सचिव उच्च शिक्षा डॉ अखिलेश मिश्रा जैसे प्रसिद्ध कवि अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के शीर्ष निगमों द्वारा आयोजित ये मेला लखनऊ के उपरांत अमृतसर, भुवनेश्वर, चेन्नई, नागपुर और पटना में आयोजित होगा।

## किसानों की समृद्धि के लिए नई राह खोलेगा कृषि कुम्भ-2023: कृषि मंत्री

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** वर्तमान सरकार के प्रथम कार्यकाल में आयोजित कृषि कुम्भ-2018 की भाँति ही सरकार के इस कार्यकाल में भी कृषक हितैषी सरकार द्वारा कृषि कुम्भ-2023 द्वितीय संस्करण (अन्तर्राष्ट्रीय कृषि प्रदर्शनी एवं सम्मेलन) का आयोजन दिसम्बर के द्वितीय पखवाड़े में प्रस्तावित है।

यह कार्यक्रम भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, तेलीबाग, लखनऊ के परिसर में आयोजित होगा। इस बार गत कृषि कुम्भ-2018 के सापेक्ष कार्यक्रम का आयोजन और अधिक भव्य और दिव्य बनाया जायेगा, ताकि प्रदेश के किसान तकनीक से तरक्की की ओर बढ़ सकें। कृषि कुम्भ के इस आयोजन से अनुसंधान से खलिहान तक का सफर बहुत आसान हो जायेगा। इससे तकनीकी



किसानों तक पहुंचेगी और उन्हें समृद्धशाली बनायेगी। इस प्रकार कृषि कुम्भ-2023 किसानों की समृद्धि के लिए नई राह खोलेगा। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, तेलीबाग, लखनऊ के परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कृषि मंत्री ने बताया कि कृषि कुम्भ-2023 में दो लाख प्रगतिशील कृषकों की प्रतिभागिता प्रस्तावित है। इस दौरान विभिन्न सामयिक विषयों पर 19 तकनीकी सत्र आयोजित किये जायेंगे। इस कुम्भ में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की कृषि एवं सम्वर्गीय सेक्टर की 500 कम्पनियों एवं संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। कार्यक्रम आयोजन हेतु चयनित इवेन्ट मैनेजमेन्ट कम्पनी के माध्यम से प्रतिभागी कम्पनियों को स्टाल ब्रिकी के माध्यम से रू0 4.00 करोड़ राजस्व प्राप्ति हेतु अनुबन्ध किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग हेतु जापान, कोएशिया, पोलैण्ड, पेरू, जर्मनी, यूएसए, फिलीपीन्स, साउथ कोरिया, इन्डोनेशिया आदि देशों से कृषि क्षेत्र में नवाचारी कार्य

**कृषि मंत्री ने कृषि कुम्भ-2023 की तैयारियों के संबंध में दी जानकारी**

करने वाले लोग भी प्रतिभाग करेंगे। प्राकृतिक खेती, श्री अन्न, एफपीओ आधारित व्यवसाय, डिजीटल एग्रीकल्चर, एग्री स्टार्टअप आदि विषयों पर कार्यशालाओं के आयोजन के साथ-साथ श्री अन्न पाककला प्रतियोगिता का भी आयोजन प्रस्तावित है। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि कुम्भ-2023 के आयोजन का उद्देश्य प्रदेश की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डालर के स्तर पर ले जाने के लिए किसानों को उत्पादक से उद्यमी बनाना, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर पोषण, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के साथ-साथ भविष्य की जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने की तैयारी है।

## इरबिल में भारतीय संगीत की शानदार प्रस्तुति देकर देश का गौरव बढ़ाया

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** शास्त्रीय व लोक वाद्य का समूह तालयात्रा अपनी उपलब्धियों में एक कड़ी और जोड़ चुका है। हाल ही में तालयात्रा समूह ने 30 सितम्बर को इराक के इरबिल में भारतीय संगीत की शानदार प्रस्तुति देकर देश का गौरव बढ़ाया। यह प्रस्तुतियां देर शहर के मशहूर संगीतज्ञ शेख मोहम्मद इब्राहिम वापस लखनऊ लौटे। अपनी इराक यात्रा के बारे में शेख इब्राहिम ने यादें सांझा की।

प्रेस वार्ता के दौरान इब्राहिम ने बताया कि इराक के राज्य कुर्दिस्तान के शहर इरबिल के कॉन्सलेट जनरल ऑफ इंडिया मदन गोपाल के समक्ष प्रस्तुति दी। तालयात्रा की दूसरी प्रस्तुति एक अक्टूबर को इरबिल के मशहूर रोटाना होटल में हुई। जिसमें तालयात्रा समूह के वादकों का इरबिल के कॉन्सलेट जनरल ऑफ इंडिया मदन गोपाल मौजूद रहे। जिसमें इरबिल की मीडिया ने भारत के दुर्लभ वाद्य यंत्रों की जानकारी ली और चर्चा की। इस दौरान कलाकारों ने डिमांस्ट्रेटिव प्रस्तुति देकर भारतीय लोक व शास्त्रीय वाद्य यंत्र व उनकी वादन परंपरा को साझा किया। एंटरप्रेन्योरशिप फॉर स्माल बिजनस ट्रेनर्स प्रमोटर्स डे सलिब्रेशन में भी तालयात्रा समूह के कलाकारों ने अपनी बेजोड़ प्रस्तुति से खूब प्रभावित किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर इरबिल के सामी अब्दुल रहमान पार्क में कलाकारों ने बापू की प्रिय रचनाओं को अपने प्रभावी संगीत में पिरोकर पेश कर बापू को नमन किया।

संस्कृति विभाग इरबिल के सहयोग से पेशवा आडिटोरियम और इराक के स्वतंत्रता दिवस पर इराक के बगदाद शहर में स्थित इराक एम्बेसी में अंबेसडर और हस्तियों के बीच प्रस्तुति देकर बगदाद के लोगों की भारतीय संगीत परंपरा से रूबरू कराया। इराक अबेंसी में हुई कार्यशाला में संगीतप्रेमियों को वाद्य यंत्रों के वादन की कला साझा की गई।



अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने जनपद संत कबीरनगर में अल्पसंख्यक महिलाओं के साथ संवाद कर डबल इंजन की मोदी और योगी सरकार की नीतियों पर चर्चा की।

## मौलाना कल्बे जवाद, शामिल और अमील शम्सी के खिलाफ मुक़दमा दर्ज

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** मौलाना मिर्ज़ा मोहम्मद अतहर के बेटे और शिया पीजी कॉलेज में प्रोफ़ेसर मिर्ज़ा मोहम्मद अबू तैयब की शिकायत पर थाना चौक में मौलाना कल्बे जवाद शामिल और शामिल शम्सी के खिलाफ आज शाम मुक़दमा दर्ज किया गया है इससे पूर्व अमील शम्सी की तहरीर पर अबू तैयब के खिलाफ मुक़दमा दर्ज किया गया था। आज अबू तैएब की तहरीर पर आईपीसी 1860 के तहत धारा 500 और आईटी एक्ट 66 के तहत मुक़दमा दर्ज किया गया है जिसमे अबू तैयब ने आरोप लगाया है कि सॉइल मीडिया पर उनके और परिवार के सदस्यों के खिलाफ भड़काऊ बयानबाज़ी आदि का आरोप लगाया है।

## सूचना विभाग के अधिकारियों को मिली पदोन्नति

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उप्र के एक उप निदेशक और सात सूचनाधिकारियों को शुक्रवार को प्रोन्नत कर दिया गया है। प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद की ओर से जारी आदेश के मुताबिक उप निदेशक दिनेश कुमार गुप्ता को संयुक्त निदेशक पद पर प्रोन्नति मिली है, जबकि सूचनाधिकारियों में प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, चन्द्रमोहन, प्रभात श्रीवास्तव, जितेन्द्र प्रताप सिंह, इन्द्रमणि पांडेय, डा सीमा गुप्ता और सुनील कुमार कनौजिया को सहायक निदेशक पद पर प्रोन्नति दी गयी है।

## नायाब नगीने सीरीज का एक नया एपिसोड शूट

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** लखनऊ बायोस्कोप ने नायाब नगीने सीरीज का एक नया एपिसोड शूट किया। जिसमें पंडित अमित मुखर्जी ने अपनी जिन्दगी पर बात की। पंडित अमित के साथ इस एपिसोड में बातचीत के लिए सोज़ख्वान असकरी नक़वी मौजूद रहे। अपनी संगीत में आने की यात्रा के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि मेरे महबूब तुझे मेरी मेहब्बत, गाने की जिद उनके बड़े भाई ने की थी। उन्होंने बताया कि गुरु शंकर दा से गायन सीखा और नौकरी भी करने लगे। यूपीएससी की परीक्षा भी दी और उसके साथ साथ गायन का भी ध्यान रखा। गाना और काम दोनों बहुत मुश्किल होता है। ये इंटरव्यू लखनऊ बायोस्कोप के यूट्यूब चैनल पर लाइव चला और दर्शकों ने देखा। इस दौरान उनके प्रशंसकों और अमित मुखर्जी के बीच सवाल जवाब का दौर भी चला।

## शंकरानंद को पुरस्कार प्रदान किया गया

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** जनवादी लेखक संघ लखनऊ की ओर से कैफी आज़मी अकादमी में आयोजित एक समारोह में बिहार के कवि शंकरानंद को साल 2022 का मलखान सिंह सिसोदिया कविता पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता करते हुए कवि व पत्रकार सुभाष राय ने शंकरानंद को समय का महत्वपूर्ण कवि बताया। वरिष्ठ कवि नरेश सक्सेना ने शंकरानंद की विशेषताओं को रेखांकित किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। कवयित्री वंदना मिश्रा ने शंकरानंद की कविताओं के शिल्प पक्ष की संभावनाओं पर विचार किया। आलोचक नलिन रंजन सिंह ने शंकरानंद की कविताओं पर विस्तार से बात रखते हुए उनके संग्रह इनकार की भाषा को महत्वपूर्ण संग्रह बताया। उन्होंने राजेश जोशी का उदाहरण देते हुए शंकरानंद की कविताओं को हमारे समकालीन संदर्भ में समझे जाने की अपेक्षा की। शंकरानंद ने इस अवसर पर आत्मकथ्य के साथ कुछ कविताओं का पाठ भी किया। कार्यक्रम का संचालन कवयित्री सीमा सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन माधव महेश ने किया। इस अवसर पर तमाम साहित्य प्रेमी मौजूद थे।

## अजय राय ने नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अजय राय ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और मंगलमय भविष्य की कामना की है। श्री राय ने कहा कि सृजनात्मक ऊर्जा की आराधना का पर्व नवरात्रि समाज और राष्ट्र के प्रति रचनात्क सोच पैदा करता है। शक्ति का अनुष्ठान रचनात्मक और सृजनात्मक कार्य के प्रति हो, नवरात्रि के अवसर पर हमें यही संकल्प लेना चाहिए। श्री राय ने कहा कि शारदीय नवरात्रि प्रकृति और शक्ति की उपासना है। इस पर्व में उपवास, प्रार्थना और ध्यान का विशेष महत्व होता है।

## अज्ञात असंख्य क्रान्तिवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** स्वाधीनता संग्राम, विभाजन विभीषिका, एवं राष्ट्ररक्षा में शहीद हुए ज्ञात, अज्ञात असंख्य क्रान्तिवीरों को गोमती तट स्थित शहीद स्मारक पर सामूहिक तर्पण श्रद्धार्पण कर शहीद पितृ श्रद्धा नमन शहीद श्राद्ध अनुष्ठान के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन सुमंगलम सेवा साधना संस्थान के राष्ट्रभक्ति जागृति अभियान के तहत कर्तव्या फाउण्डेशन विश्व पुरोहित परिषद, लोक संस्कृति शोध संस्थान, अक्षय वट, हमराह एक्स, एनसीसी कैडेट सेवा संस्थान, शहीद स्मृति समारोह समिति, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जयति भारत परिवार, लक्ष्य भारत फाउण्डेशन, सोशल लाइफ लाइन फाउण्डेशन, भारत समृद्धि, बिम्ब सांस्कृतिक समिति, जनहित सेवा ट्रस्ट एवं आसरा वेलफेयर फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि देश के लिए जान देने वालों की आत्मा को तृप्ति प्रदान करने के लिए आयोजित यह अनूठा कार्यक्रम राष्ट्र प्रेम की मिसाल है। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के महामंत्री कैप्टन इंदल सिंह चंदेल ने आजाद हिन्द फौज और क्रान्तिकारियों से सम्बन्धित संस्मरण सुनाकर सभी को उनके बताये रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। शिया पीजी कालेज की एनसीसी के बटालियन ने गार्ड ऑफ ऑनर क्रांतिवीरों को समर्पित किया।

## दयाशंकर ने शारदीय नवरात्रि की देश व प्रदेशवासियों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि अब लोगों को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों की वास्तविक लोकेशन के बारे में जानकारी आसानी से मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि लखनऊ क्षेत्र की 130 बसों,गाजियाबाद क्षेत्र की एक 60 बसों और मेरठ क्षेत्र की 20बसों में वीएलटीडी लगाया जा चुका है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की संचालित 5000 बसों में वीएलटीडी लगाने का कार्य चल रहा है। जल्द ही शेष बसों में वीएलटीडी लगाया जाएगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि इसके अतिरिक्त 100 लोकेशन पर एलईडी लगना है जिसमें 87 का चिन्हांकन हो चुका है। इसी माह (अक्टूबर) के अंत से एलइडी लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा।उन्होंने बताया कि लगने वाली एलइडी दो रूपों प्रारूपों में लगेगी। 25



बड़े स्टेशनों पर 9 फीट 6 फीट डिस्प्ले तथा 75 छोटे स्टेशनों पर 6 फीट 3 फीट डिस्प्ले की एलईडी लगाए जाने का प्रस्ताव है। परिवहन मंत्री ने बताया कि मॉनीटरिंग के लिए आरएम ऑफिस में 55 इंच का एलईडी लगेगा। उन्होंने बताया कि समय सारणी के अनुसार इन एलईडी पर मल्टीमीडिया वीडियो चलेंगे जिससे की लोगों को परिवहन निगम के कार्यो,संचालन इत्यादि की जानकारी मिलती रहेगी। उन्होंने बताया कि आर0एम ऑफिस से गाड़ियों की मॉनिटरिंग भी की जाएगी। प्रवर्तन की 69 व्हीकल में वीएलटीडी लगेगा। एक इंटरसेप्टर व्हीकल में तीन पैनिक बटन

**बसों में लगाए जा रहे वीएलटीडी**

**87 चिन्हित जगहों पर इसी माह से लगने शुरू होंगे एलईडी: दयाशंकर**

लगेंगे। इसके अलावा एक बस में 10 पैनिक बटन लगाए जाएंगे। परिवहन मंत्री ने बताया कि पैनिक बटन लगने से किसी भी आपातकाल की स्थिति से बचने में लोगों को सहायता मिलेगी।पैनिक बटन दबाते ही इसकी सूचना नजदीकी आर0एम ऑफिस, परिवहन निगम मुख्यालय साथ ही पुलिस को तत्काल प्राप्त हो जाएगी जिससे तत्काल लोगों को राहत मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम तकनीकी क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है। जिस प्रकार यात्रियों को ट्रेनों के वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल जाती है।

## मैं पसमांदा समाज से आया हूं: तारिक मंसूर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं विधान परिषद सदस्य तारिक मंसूर ने कहा कि मैं पसमांदा समाज से आया हूं, इसलिए समाज की समस्याओं को नजदीक से जानता हूं। उन्होंने कहा कि उनका पूरा प्रयास होगा कि सरकार के साथ मिल कर समाज की समस्याओं का निराकरण हो सके और उन्हें रोजगार मिल सके। समाज को शिक्षा से जोड़ा जाए और उनके रुके काम फिर से सुचारू रूप से हो सकें।

तारिक मंसूर शनिवार को आल इंडिया जमीयतुल कुरैश की ओर से बिल्लौचपुरा स्थित मैरिज हॉल में आयोजित स्वागत समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष सिराजुद्दीन कुरैशी ने कहा कि संस्था पिछले 95 सालों से लगातार सभी समाज के उत्थान के लिए काम कर रही है। समस्याओं को सुलझाने और नई समस्याओं का समाधान निकालने के लिए हमें एक



होना पड़ेगा। प्रदेश अध्यक्ष यूसुफ कुरैशी ने कहा कि हम प्रदेश के तमाम सदस्यों के साथ मिल कर जल्द से जल्द शिक्षा, बेरोजगारी और समाज के कल्याण के लिए बेहतर काम करेंगे। युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष साजिद अहमद कुरैशी ने कहा कि नौजवानों में काम करने और आगे बढने का हौसला है। हमें बुजुर्गो के साथ और उनकी रहनुमाई की जरूरत है। इस मौके पर मुख्य अतिथि तारिक मंसूर को समाज की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया। समारोह में एएमयू के पूर्व कुलपति व एमएलसी तारिक मंसूर का फूल-माला और अंगवस्त्र देकर किया गया। इस मौके पर अब्दुल समद अंसारी, डॉ. अब्दुल सईद कुरैशी, कुदरतउल्ला बेली, जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री अब्दुल वहीद कुरैशी सहित संस्था के पदाधिकारियों का भी स्वागत किया गया। समारोह में अशफाक कुरैशी, इमरान कुरैशी, फुरकान कुरैशी, गुफरान कुरैशी, मुख्तार कुरैशी, हाजी रहनुमा कुरैशी, रेहान अहमद कुरैशी, हाजी मुस्तकीम कुरैशी, हाजी शन्नू कुरैशी, सईदुज्जमा, फैसल कुरैशी, बहालउद्दीन कुरैशी, कुतुबुद् दीन कुरैशी, नदीम अहमद, महबूब अली, आतिफ कुरैशी, आसिफ कुरैशी, शहाबुद्दीन कुरैशी सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य शामिल थे।

## त्यौहारों को लेकर रेलवे ने कई ट्रेनों के संचालन में किए बदलाव

अवधनामा संवाददाता


**लखनऊ।** रेलवे आगामी त्योहर में यात्रियों की हो रही अत्यधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05063 छपरा लोकमान्य तिलक टर्मिनस पूजा स्पेशल ट्रेन का संचालन 20 अक्टूबर से 24 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार एवं 05064 लोकमान्य तिलक टर्मिनस सीवान पूजा स्पेशल ट्रेन का संचलन 22 अक्टूबर से 26 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को 6 फेरों के लिए किया जायेगा। 05063 छपरा लोकमान्य तिलक टर्मिनस पूजा स्पेशल ट्रेन 20 अक्टूबर ये 24 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को छपरा से 4:15 बजे प्रस्थान कर सीवान से 5:25 बजे, देवरिया सदर से 6:50 बजे, गोरखपुर से 8:55 बजे, खलीलाबाद से 9:33 बजे, बस्ती से 10:03 बजे, गोंडा से 11:20 बजे, दूसरे दिन बादशाहनगर से 1:43 बजे, ऐशबाग से 2:20 बजे, कानपुर सेन्ट्रल से 4:30 बजे, भरूवा सुमेरपुर से 6:05 बजे, रागौल से 6:25 बजे, बांदा से 7:45 बजे, चित्रकूट धाम से 8:47 बजे, सतना से 12:15 बजे, कटनी से 1:45 बजे, जबलपुर से 4:15 बजे, इटारसी से 8:05 बजे, तीसरे दिन भुसावल से 12:15 बजे, नासिक रोड से 3:35 बजे तथा कल्याण से 6:30 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 7:25 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05064 लोकमान्य तिलक टर्मिनस सीवान पूजा स्पेशल ट्रेन 22 अक्टूबर से 26 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12:45 बजे प्रस्थान कर कल्याण से 1:20 बजे, नासिक रोड से 4:10 बजे, भुसावल से 7:35 बजे, दूसरे दिन इटारसी से 12:30 बजे, जबलपुर से 4:50 बजे, कटनी से 7 बजे, सतना से 8:40 बजे, चित्रकूट धाम से 12:42 बजे, बांदा से 2:05 बजे, रागौल से 2:45 बजे, भरूवा सुमेरपुर से 3:10 बजे, कानपुर सेन्ट्रल से 5:50 बजे, ऐशबाग से 7 बजे, बादशाहनगर से 7:47 बजे, गोंडा से 9:55 बजे, बस्ती से 11:10 बजे, खलीलाबाद से 11:35 बजे, तीसरे दिन गोरखपुर से 12:40 बजे तथा देवरिया सदर से 1:40 बजे छूटकर सीवान 3:15 बजे पहुंचेगी।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिये व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाना है। साथ ही अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 के आधार पर वर्तमान पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के पूर्व की गतिविधियां संचालित है। इसके लिये अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निधि श्रीवास्तव ने समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों/जिला अधिकारियों को निर्देश जारी किये है।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिये फार्म-8 से सम्बन्धित जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार बूथ लेवल अधिकारियों व सुपरवाईजर के माध्यम से, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं



राज्यीय राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेण्ट्स के द्वारा, इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब के माध्यम से, वोटर अवेयरनेस फोरम के माध्यम से, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से, फेसबुक, इन्स्टाग्राम इत्यादि सोशल साइट्स के माध्यम से कराया जाये।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नियमावलियों हेतु दावे और आपत्तियां प्राप्त करने के लिये फार्म 6, 7 व 8 उपलब्ध कराया गया हैं। फार्म-6 नये पंजीकरण हेतु तथा फार्म-8- मतदाताओं द्वारा निवास स्थान परिवर्तन/निर्वाचक नामावली में संशोधन/मतदाता फोटो पहचान पत्र का प्रतिस्थापन तथा दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु निर्धारित है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनसामान्य में पर्याप्त जानकारी के अभाव में निर्धारित फार्मों का उपयोग न करने से कतिपय प्रकरणों में निवास स्थान परिवर्तन संबंधी आवेदन हेतु फार्म-8 का उपयोग न कर नए मतदाता अथवा ऐसे मतदाता जिनका नाम किसी भी विधानसभा की मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, के लिए फार्म-6 का उपयोग किया जाता है। इससे निर्वाचक नामावली में एक ही नाम बार-बार सम्मिलित होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। उन्होने बताया कि फार्म 6 नए मतदाता या जिनका नाम किसी विधानसभा मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, उनके पंजीकरण हेतु निर्धारित है। आयोग द्वारा निवास स्थान परिवर्तन/निर्वाचक नामावली में संशोधन/मतदाता फोटो पहचान पत्र का प्रतिस्थापन तथा दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु फार्म 8 निर्धारित किया गया है, जिसकी जानकारी जन सामान्य में नही है या कम हैं।

**मतदाताओं को फार्म-6, 7 व 8 से संबधित जानकारी उपलब्ध करायी जाये**